शनिवार
रांची, 10 अप्रैल, 2021
चैत्र कृष्ण पक्ष, चतुर्दशी, संवत् 2077

देशप्राण

स्वतंत्र हिन्दी दैनिक
www.deshpran.com

06 कोरोना से डरना और लड़ना दोनों जरूरी | वर्ष : 30 अंक : 142 पृष्ठ : 12 मूल्य : ₹ 3.00 | 10 धौनी के सामने होगी पंत की चुनौती

अवसर सूर्य उदय की तरह होते हैं। यदि आप ज्यादा देर प्रतीक्षा करेंगे तो आप उन्हें गवा देंगे। –अज्ञात

कोरोना विस्फोट. देश में 24 घंटे में रिकार्ड 1.32 लाख नये मामले, 780 मरीजों की मौत

झारखंड सचिवालय के 96 अफसर व कर्मी संक्रमित

देशप्राण संवाददाता

रांची, 9 अप्रैल : झारखंड में कोरोना की दूसरी लहर का कहर तेजी से बढ़ रहा है। हर दिन संक्रमितों का आंकड़ा रिकॉर्ड तोड़ रहा है। गुरुवार को राज्य में 1882 नये मरीज मिले। इनमें राजधानी रांची से अकेले 858 संक्रमित मिले। हर सेक्टर में कोरोना विस्फोट हो रहा है। डॉक्टर से लेकर सचिवालय के अधिकारी और कर्मचारी तक संक्रमण की चपेट में आ रहे हैं। सचिवालय में कोरोना विस्फोट हुआ है। एक साथ 96 नये संक्रमित मिले हैं, जबकि कम से 92 लोग सस्पेक्टेड हैं। वहीं स्वास्थ्य महकमे की बात करें तो राजधानी रांची के सदर अस्पताल के 7 डॉक्टर समेत 10 लोग पॉजिटिव पाये गये हैं। वहीं रिम्स के डेंटल विभाग में 4 छात्र संक्रमित मिले हैं।

सन्नाटा. मेन रोड स्थित उर्दू लाइब्रेरी के पास रात्रि 8:15 बजे का नजारा। छाया : आसिफ

किस विभाग में कितने कर्मचारी संक्रमित

झारखंड सचिवालय के भू-राजस्व विभाग में 8 पॉजिटिव व 8 संदेहास्पद, उद्योग विभाग में 3 संक्रमित व 5 सस्पेक्टेड, पंचायती राज विभाग में चार पॉजिटिव, पशुपालन विभाग में एक संक्रमित, कार्मिक विभाग में 2 कोरोना पॉजिटिव व 4 सस्पेक्टेड, खाद्य आपूर्ति विभाग में 2 कोरोना पॉजिटिव, गृह विभाग में 5 कोरोना पॉजिटिव व 7 सस्पेक्टेड, पर्यटन विभाग में 4 कोरोना पॉजिटिव और 7 सस्पेक्टेड, ग्रामीण विभाग में 7 सस्पेक्टेड, ऊर्जा विभाग में 1 सस्पेक्टेड, वन विभाग में 2 कोरोना पॉजिटिव, निगरानी विभाग में एक संक्रमित व 3 संदेहास्पद, पेयजल विभाग में 9 कोरोना पॉजिटिव और 8 सस्पेक्टेड, उच्च एवं तकनीकी शिक्षा में 5 कोरोना पॉजिटिव व 1 सस्पेक्टेड, माध्यमिक शिक्षा विभाग में 1 कोरोना पॉजिटिव एवं 2 सस्पेक्टेड, योजना विभाग में 4 कोरोना पॉजिटिव एवं 4 सस्पेक्टेड, खनन विभाग में 2 कोरोना पॉजिटिव एवं 7 सस्पेक्टेड, स्वास्थ्य विभाग में 7 कोरोना पॉजिटिव, विजिलेंस विभाग में 1 कोरोना पॉजिटिव और 3 सस्पेक्टेड, जीपीएफ में 1 कोरोना पॉजिटिव, वित्त अंकेक्षण विभाग में 4 कोरोना पॉजिटिव व एक सस्पेक्टेड, नगर विकास विभाग में 1 कोरोना पॉजिटिव, आईपीआरडी में 8 संक्रमित, वन विभाग में 2 संक्रमित, पेयजल व स्वच्छता विभाग में 9 संक्रमित व आठ सस्पेक्टेड और परिवहन विभाग में 1 कोरोना पॉजिटिव रोगी मिले हैं।

सदर अस्पताल के 10 चिकित्साकर्मी पॉजिटिव

रांची के सदर हॉस्पीटल में 7 डॉक्टर और तीन कर्मी कोरोना पॉजिटिव पाये गये हैं। एहतिहात के तौर पर हॉस्पीटल की ओपीडी सेवा बंद कर दी गयी है। हॉस्पीटल के सभी कर्मियों की जांच की जा रही है।

रातू स्वास्थ्य केन्द्र में 31 संक्रमित

रातू सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ सुजीत कुमार कश्यप ने बताया कि गुरुवार को केंद्र के 6 स्टॉफ समेत 31 लोग कोरोना पॉजिटिव पाये गये हैं। 80 लोगों को वैक्सीन का लाभ मिला। वैक्सीन के लिये आए ग्रामीणों के सैंपल लिये गये। इनमें 12 लोग पॉजिटिव पाये गये हैं।

बैंककर्मी संक्रमित

बैंक ऑफ इंडिया की काठीटांड़ शाखा में एक कर्मी के पॉजिटिव होने की सूचना है। शुक्रवार को बैंक को सैनेटाइज कराया गया। मैनेजर राजीव कुमार ने बताया कि संक्रमण को लेकर सभी बैंक कर्मी भयभीत हैं।

देश के कई शहरों में लॉकडाउन

नयी दिल्ली, 9 अप्रैल : देश में पिछले 24 घंटों के दौरान कोरोना के 69,289 सक्रिय मामले बढ़कर 9,79,608 पहुंच गये। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार शुक्रवार सुबह तक देश में 1,31,968 नये मामले दर्ज किये गये। इसके साथ ही संक्रमितों की संख्या 1,30,60,542 हो गयी है। इसी अवधि में 780 और मरीजों की मौत हो गयी। देशभर में कोरोना के बढ़ते ग्राफ को देखते हुए इस सप्ताह के अंत में कई शहरों में लॉकडाउन लगा दिया जायेगा, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि त्योहारों से पहले खरीदारी करने के लिए लोगों की भीड़ न जुट जाये। नवरात्रि, उगादि, गुड़ी पड़वा, बैसाखी, आदि के आगामी त्योहारों से पहले पिछले सप्ताहांत में कई शहरी क्षेत्रों को बंद कर दिया जयेगा। स्थानीय प्रतिबंध, मिनी लॉकडाउन, नाइट कर्फ्यू पहले ही मार्च से शुरू हो गये हैं।

यहां लॉकडाउन लागू

शुक्रवार रात आठ बजे से मुंबई, पुणे, नागपुर व महाराष्ट्र के सभी शहरों और जिलों में सोमवार सुबह सात बजे तक के लिए सख्त लॉकडाउन लागू रहेगा। छत्तीसगढ़ के रायपुर व दुर्ग में 19 अप्रैल तक व मध्यप्रदेश के सभी शहरों में शुक्रवार शाम छह बजे से 60 घंटे तक लॉकडाउन रहेगा।

यहां नाइट कर्फ्यू लागू

दिल्ली, नोएडा, चंडीगढ़, गुजरात के अहमदाबाद, सूरत, राजकोट, ओडिशा के सुंदरगढ़, बरगढ़, झारसुगुड़ा, संबलपुर, बलांगीर, नुआपाड़ा, कालाहांडी, मलकानगिरी, कोरापुट और नबरंगपुर, राजस्थान के जयपुर, उत्तर प्रदेश के लखनऊ, वाराणसी, कानपुर, प्रयागराज में पहले से ही रात्रि कर्फ्यू लागू है। मैसूर, मंगलुरू, कलबुर्गी, बीदर, तुमकुर, उडुपी और मणिपाल समेत कर्नाटक के अन्य जिलों के साथ बेंगलुरु में 10 अप्रैल से रात्रि कर्फ्यू लागू रहेगा।

यूपी में 50 फीसदी कर्मचारी

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लखनऊ, प्रयागराज, वाराणसी और कानपुर नगर में सभी सरकारी और गैर सरकारी कार्यालयों में 50 फीसदी मानव संसाधन की क्षमता के साथ काम किए जाने का आदेश दिया। उन्होंने सभी सरकारी और गैर सरकारी कार्यालयों में सुविधानुसार 'वर्क फ्रॉम होम' की अनुमति भी देने की बात कही।

एम्स के 30 से अधिक डॉक्टर पॉजिटिव

दिल्ली एम्स में 30 से अधिक डॉक्टर के कोरोना पॉजिटिव मिले हैं। ये सभी डॉक्टर कोरोना वैक्सीन की दोनों डोज लगवा चुके थे। इससे पहले दिल्ली के ही सर गंगाराम अस्पताल (एसजीआरएच) में 37 डॉक्टर कोरोना संक्रमित हो ग्ये थे। उनमें 32 डॉक्टर होम क्वारंटीन हैं, जबकि पांच भर्ती हैं।

आज का इतिहास

10 अप्रैल, 2021

स्मृति-दिवस

मोरारजी देसाई

जन्म : 29 फरवरी 1896 ई.
मृत्यु : 10 अप्रैल 1995 ई.

मोरारजी देसाई को भारत के चौथे प्रधानमंत्री के रूप में जाना जाता है। वह 81 वर्ष की आयु में प्रधानमंत्री बने थे। इसके पूर्व कई बार उन्होंने प्रधानमंत्री बनने की कोशिश की परंतु असफल रहे। लेकिन ऐसा नहीं हैं कि मोरारजी प्रधानमंत्री बनने के काबिल नहीं थे। वस्तुतः वह दुर्भाग्यशाली रहे कि वरिष्ठतम नेता होने के बावजूद उन्हें पंडित नेहरू और लालबहादुर शास्त्री के निधन के बाद भी प्रधानमंत्री नहीं बनाया गया। मोरारजी देसाई मार्च 1977 में देश के प्रधानमंत्री बने, लेकिन प्रधानमंत्री के रूप में इनका कार्यकाल पूर्ण नहीं हो पाया और चौधरी चरण सिंह से मतभेदों के चलते उन्हें प्रधानमंत्री पद छोड़ना पड़ा।

वैज्ञानिकों ने लैब में तैयार किया लिवर

लिवर की बीमारी से जूझ रहे मरीजों के लिए वैज्ञानिकों ने नायाब इलाज खोजा है। अक्सर देखा जाता है कि लिवर के ट्रांसप्लांट को लेकर मरीजों को काफी दिक्कतें उठानी... 07

कजाकिस्तान के साथ रक्षा सहयोग बढ़ाने पर सहमति

भारत और कजाकिस्तान रक्षा क्षेत्र और इससे संबद्ध औद्योगिक सहयोग बढ़ाने पर सहमत हुये हैं। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शुक्रवार को यहां कजाकिस्तान के रक्षा मंत्री... 12

आईपीएल-14

आज का मैच

चेन्नई दिल्ली

7.30 बजे सायं (मुम्बई)

रेलवे : गर्मियों की छुट्टियां और त्योहार के कारण बढ़ रहे यात्री

ट्रेनें बंद करने का नहीं है कोई प्लान

नयी दिल्ली, 9 अप्रैल : देश में एक बार फिर से कोरोना संक्रमण के मामले तेजी से सामने आ रहे हैं। रेलवे स्टेशनों से लेकर बस स्टेशनों पर भी यात्रियों की भीड़ देखने को मिल रही है। ऐसे में रेल सेवाओं को लेकर रेलवे बोर्ड के चेयरमैन सुनीत शर्मा ने बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि ट्रेन सेवा घटाने या बंद करने की कोई योजना नहीं है। जितनी ट्रेनों की जरूरत होगी, उतनी ट्रेनें चलाने के लिए हम तैयार हैं। इस बारे में किसी प्रकार की चिंता करने की कोई वजह नहीं है। अगर भीड़ बढ़ती है तो मांग के अनुसार रेलवे ट्रेन चलाने में सक्षम है। शुक्रवार को प्रेस कांफ्रेस को संबोधित करते हुए रेलवे बोर्ड के चैयरमेन सुनीत शर्मा ने कहा कि लॉकडाउन के डर से मजदूर पलायन नहीं कर रहे हैं। जबकि हर वर्ष की तरह गर्मियों की छुट्टियों और त्योहार के चलते यात्री सफर कर रहे हैं। इन महीनों में रेलवे स्टेशनों पर यात्रियों की संख्या सामान्य देखी गयी, हम जरूरत के अनुसार ट्रेनों की संख्या बढ़ायेंगे। रेलवे की तरफ से अभी हर दिन औसतन 1402 ट्रेनें संचालित हो रही हैं। इसी के साथ 5381 सबअर्बन ट्रेनें चल रही हैं। क्लोन ट्रेनों के रूप में 28 स्पेशल ट्रेनों का संचालन किया जा रहा है। इन सबके बीच यात्रियों की सुविधा को देखते हुए 830 सवारी गाड़ियां चलायी जा रही हैं।

बंगाल चुनाव : चौथे चरण का वोट आज, 793 कंपनियां तैनात

कोलकाता, 9 अप्रैल (हि.स.) : पश्चिम बंगाल के पांच जिलों की 44 विधानसभा सीटों पर चौथे चरण का मतदान शनिवार को होगा। इस चरण में एक करोड़ 15 लाख 81 हजार 22 मतदाना 373 उम्मीदवारों की किस्मत का फैसला करेंगे, इनमें 58,82,514 पुरुष, 56,98,218 महिला और तीसरे लिंग के 290 मतदाता हैं। इस चरण में पांच जिले हावड़ा (भाग-2), दक्षिण 24 परगना (भाग-3), हुगली (भाग -2) और उत्तर बंगाल के अलीपुरद्वार और कूचबिहार जिले में मतदान होंगे। 15,940 मतदान केंद्रों में सुबह 7 बजे से शाम 6.30 बजे तक मतदान होगा।

चुनाव आयोग की ओर से दी गयी जानकारी के मुताबिक बंगाल के 44 विधानसभा क्षेत्रों में संवेदनशील स्थिति को ध्यान में रखते हुए, आयोग ने कम से कम केंद्रीय बलों की 793 कंपनियों को तैनात करने का निर्णय लिया है।

झारखंड को मिली 10 लाख से अधिक कोविशील्ड की डोज

रांची, 9 अप्रैल : झारखंड को 10,23,800 कोविशील्ड की डोज मिल गयी है। शुक्रवार को रांची एयरपोर्ट पर खेप पहुंचने के बाद नामकुम स्थित वेयरहाउस से टीके जिलों को भेजे जा रहे हैं। एक दिन पहले कोवैक्सीन की दो लाख डोज झारखंड को मिली थी। दस लाख अन्य डोज मिलने से राज्य में टीके की किल्लत फिलहाल दूर हो गयी है। इससे पहले रांची के कई वैक्सीनेशन सेंटर पर वैक्सीन खत्म होने के कारण लोग बिना वैक्सीनेशन वापस लौट रहे थे। सदर अस्पताल में सुबह 10 बजे से ही वैक्सीन खत्म हो गयी थी। हालांकि वैक्सीन के आते ही विभिन्न वैक्सीनेशन सेंटरों में इसकी सप्लाई की गयी।

ऑक्सीजन की किल्लत. देश में प्रतिदिन उत्पादन क्षमता 6,400 मीट्रिक टन

उद्योगों में रोक, अस्पतालों में बढ़ी आपूर्ति

नयी दिल्ली, 9 अप्रैल : महामारी के बढ़ते प्रकोप के बीच कई राज्य कोरोना मरीजों को बचाने के लिए ऑक्सीजन की किल्लत से जूझ रहे हैं। कोरोना मरीजों के लिए ऑक्सीजन संजीवनी का काम रही है, लेकिन देश में ऑक्सीजन के संकट से मरीजों की जान पर आफत मंडराने लगी है। जिन राज्यों में ऑक्सीजन का उत्पादन नहीं होता है, वे दूसरे राज्यों पर ऑक्सीजन के लिए निर्भर हैं। दिल्ली में ज्यादातर ऑक्सीजन हरियाणा से आती है। पंजाब भी हरियाणा से ही ऑक्सीजन लेता है। उत्तराखंड राजस्थान को ऑक्सीजन का सप्लाई करता है। मध्यप्रदेश राजस्थान, गुजरात और महाराष्ट्र से ऑक्सीजन खरीदता है। वहीं कर्नाटक आंध्र प्रदेश और तेलंगाना को ऑक्सीजन सप्लाई करता है। भारत में एक दिन की ऑक्सीजन की मांग 2,000 मीट्रिक टन है। उत्पादन क्षमता 6,400 मीट्रिक टन है, लेकिन इसका उपयोग अन्य उद्योगों द्वारा भी किया जाता है। प्रतिदिन कोरोना के मामले बढ़ने से ऑक्सीजन की मांग भी बढ़ रही है। महाराष्ट्र में ऑक्सीजन की दैनिक मांग 700 मीट्रिक टन हो गयी है, जबकि राज्य की उत्पादन क्षमता 1200 मीट्रिक टन से अधिक है। अब 30 जून तक 80 फीसदी ऑक्सीजन चिकित्सा कार्य में खर्च होगी।

दोगुनी हुई ऑक्सीजन की कीमत

जिन उद्योगों में ऑक्सीजन का कच्चे माल की तरह इस्तेमाल होता है, उन पर 10 अप्रैल से रोक लगा दी गयी है। इधर, रविवार को जारी एक नोटिफिकेशन के मुताबिक, ऑक्सीजन सिलिंडर की कीमत दोगुनी होकर 360 रुपये तक पहुंच गयी।

मध्यप्रदेश में मांग चरम पर

मध्यप्रदेश के इंदौर जिले के अस्पतालों में मेडिकल ऑक्सीजन की मांग चरम पर पहुंच गयी। इससे पहले केंद्र सरकार ने सितंबर 2020 में महाराष्ट्र, कर्नाटक, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, गुजरात, राजस्थान और मध्यप्रदेश से सभी स्वास्थ्य केंद्रों व अस्पतालों में पर्याप्त ऑक्सीजन की उपलब्धता सुनिश्चित करने की अपील की थी।

गुजरात में बढ़ा वेंटिलेटर का उत्पादन

सिर्फ ऑक्सीजन ही नहीं, देश में वेंटिलेटर की भी कमी हो रही है। देश में कोविड-19 की दूसरी लहर बढ़ने के साथ ही वेंटिलेटर की मांग फिर जोर पकड़ने लगी है और इसके चलते विनिमार्ताओं ने इस जीवन रक्षक उपकरण का उत्पादन बढ़ा दिया है। वडोदरा स्थित मैक्स वेंटीलेटर के संस्थापक और सीईओ अशोक पटेल ने बताया कि मांग बढ़ने के कारण उनकी कंपनी ने उत्पादन को प्रति माह 400 वेंटिलेटर तक बढ़ाया है। कंपनी की आईसीयू वेंटिलेटर बनाने की क्षमता मार्च 2020 में सिर्फ 20 यूनिट प्रति माह थी। अब इस क्षमता को बढ़ाकर 1,000 इकाई प्रति माह तक कर दिया गया है।

अच्छी खबर. बीएयू बिरसिन नाम से यह उत्पाद बाजार में मिल सकेगा

बीएयू से विकसित हर्बल फामूर्लेशन को मिला पेटेंट

देशप्राण संवाददाता

रांची, 9 अप्रैल : बिरसा कृषि विश्वविद्यालय के द्वारा विकसित हर्बल फामूर्लेशन पर फाइल पेटेंट के आवेदन को गुरुवार के देर शाम पेटेंट के नियम के तहत भारतीय बौद्धिक सम्पदा कार्यालय, कोलकत्ता से स्वीकृति प्राप्त हुई। विश्वविद्यालय पिछले 10 वर्षों से इस उत्पाद के पेटेंट को लेकर प्रयास कर रहा था। इस हर्बल उत्पाद को विवि के वानिकी संकाय के वनोत्पाद उपयोगिता विभाग के वैज्ञानिक डॉ कौशल कुमार ने तैयार किया है। इस फार्मूलेशन को दो वर्षों तक संरक्षित रखकर उपयोग में लाया जा सकता है। इस उत्पाद को सभी वैज्ञानिक मानकों का अनुपालन कर तैयार किया गया है। इसे बीएयू बिरसिन के नाम से बाजार में कंपनियों के माध्यम से उपलब्ध कराया जायेगा। कंपनी इसे टेबलेट, कैप्सूल, सिरप या हर्बल टी के रूप में बाजार में उपलब्ध करा सकेगी।

डॉ कौशल कुमार ने बताया कि इसे चराई गोड़वा नामक वृक्ष की पत्तियों और जड़ के छालों में कई अवयवों को मिलकर तैयार किया गया है। इस वृक्ष का वैज्ञानिक नाम वाईटेक्स पेडन्कुलेरिस है। यह वृक्ष छोटानागपुर एवं संथाल परगना के जंगलों एवं गांवों में स्वाभाविक रूप से उगता है। इस वृक्ष के उपयोग के सबंध में पूर्व में शोध पत्र वर्ष 1921 में रांची के सिविल सर्जन लेफ्टिनेंट कर्नल जेसीएस बागौन ने द ब्रिटिश मेडिकल जर्नल में प्रकाशित की थी, लेकिन इसका दवाई के रूप में उपयोग के लिए उत्पाद तैयार नहीं किया जा सका।

यह ऐतिहासिक क्षण : कुलपति

कुलपति डॉ ओंकार नाथ सिंह ने इसे विश्वविद्यालय का ऐतिहासिक क्षण एवं बड़ी सफलता बताया। विवि की इस पहली सफलता पर हर्ष जताते हुए उन्होंने युवा वानिकी वैज्ञानिक डॉ कौशल को बधाई दी। उन्होंने इसे राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय बाजार में बीएयू बिरसिन ब्रांड के नाम से फार्मूलेशन का उच्च स्तरीय कंपनी के माध्यम से तकनीकी हंस्तातरण की बात कही।

एंटीपायरेटिक और एनाल्जेसिक के रूप में उपयोगी

डॉ कौशल ने कहा कि यह उत्पाद एंटीपायरेटिक और एनाल्जेसिक के रूप में काफी उपयोगी है। यह फामूर्लेशन ज्वर नाशक, कफ नाशक तथा शारीरिक दर्द के निवारण अत्यंत कारगर है। बाजार में ज्वर नाशक हर्बल आधारित दवाओं की भारी कमी है। ऐसे में बीएयू बिरसिन की मांग बाजार में बढ़ना स्वाभाविक है।

हर गली-मुहल्ले में सफाई और सैनिटाइजेशन शुरू करने की मांग

रांची, 9 अप्रैल : रांची महानगर कांग्रेस कमिटी के महासचिव सह कार्यालय प्रभारी अजय सिंह ने कोरोना का दूसरा लहर बहुत तेजी से फैल रहा है। हर दिन देश व राज्य में कोरोना का नया रिकॉर्ड दर्ज किया जा रहा है। ऐसे में हर किसी को प्रीकोसन में रहने की जरूरत है।

कांग्रेस नेता अजय सिंह ने रांची जिला प्रशासन एवं रांची नगर निगम से मांग किया है कि राजधानी के हर वार्ड, चौक, चौराहे, गल्ली-मुहल्लों में पूर्व की तरह साफ-सफाई कर पूर्णरूपेण सैनिटाइज करायें। इसके साथ ही भारत सरकार व राज्य सरकार की गाइड लाइन्स का पालन पूरी सख्ती से करायें। उन्होंने कहा कि राजधानी रांची में इस बार ज्यादा से ज्यादा लोगों को कोरोना अपने चपेट में ले रहा है। सर्तक व सावधानी के साथ कोरोना महामारी से हमलोगों को लडना है और उसे हराना।

उन्होंने आमलोगों से भी अपील की है कि मास्क, सोशल डिस्टेंसिंग, सैनिटाइजर का उपयोग करें। इस बीमारी को गंभीरता से लें, मजाक बिल्कूल न करें। क्योंकि मानव जीवन बहुत महत्वपूर्ण है हर किसी को स्वस्थ्य और सुरक्षित करने की जरूरत है।

उपचुनाव : सीएम चार दिनों तक मधुपुर में करेंगे कैंप

देशप्राण संवाददाता

रांची, 9 अप्रैल : मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन अगले 4 दिनों तक मधुपुर के सभी प्रखंडों में मंत्री प्रत्याशी हफीजुल अंसारी के पक्ष में प्रचार करेंगे। मधुपुर उपचुनाव के मैदान में अब राज्य के मुखिया हेमंत सोरेन खुद कूद पड़े हैं। वे आज 4 दिवसीय चुनावी यात्रा को लेकर मधुपुर पहुंच चुके हैं। यहां वे हर प्रखंड में चुनावी रैली को संबोधित करेंगे। साथ ही पार्टी कार्यकताओं के साथ भी मंथन करेंगे। वे 14 अप्रैल को वापस रांची लौटेंगे। वहीं, दूसरी तरफ बीजेपी ने चुनाव आयोग से मधुपुर जिला प्रशासन की शिकायत की है। बीजेपी का तीन सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल राज्य के मुख्य चुनाव पदाधिकारी के रवि कुमार से मिलकर एक ज्ञापन सौंपा है। प्रतिनिधिमंडल ने शिकायत की है कि पूरे विधानसभा क्षेत्र से बीजेपी का झंडा,बैनर जबरन हटाया जा रहा है। जबकि जेएमएम के एक भी कार्यकर्ता या समर्थक के घर से झंडा नहीं उतारा जा रहा है।उन्होंने मांग की है कि जबरन झंडा उतारने में जिस पदाधिकारी या कर्मचारी की संलिप्तता पाई जाए उन्हें तत्काल चुनाव कार्य से मुक्त कर निष्पक्ष चुनाव सुनिश्चित हो। बीजेपी की

शिकायत पर मुख्य चुनाव पदाधिकारी के रवि कुमार ने तत्काल देवघर एसडीओ को मामले की जांच के आदेश दिये हैं। साथ ही निर्देश दिया है कि किसी भी पार्टी के साथ भेदभाव ना हो और नियम सम्मत कार्य हो। उन्होंने जांच में दोषियों के खिलाफ कार्रवाई करने के आदेश दिये हैं। प्रतिनिधिमंडल में गंगोत्री कुजूर, सुबोध सिंह आदि शामिल थे।

रामेश्वर उरांव, बादल ने मधुपुर में गठबंधन प्रत्याशी के लिए वोट मांगा

मुख्य संवाददाता

रांची, 9 अप्रैल : प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष और वित्त मंत्री डा.रामेश्वर उरांव ने शुक्रवार को कृषि मंत्री बादल और पूर्व सांसद फुरकान अंसारी के साथ मधुपुर में चुवावी सभाओं को संबोधित किया। साथ ही छोटी-बड़ी कई बैठकों में हिस्सा लेकर गठबंधर और झामुमो प्रत्याशी हफीजुल हसन अंसारी के लिए वोट मांगा। डा.उरांव ने उप चुनाव में गठबंधन प्रत्याशी की जीत सुनिश्चित करने के लिए मधुपुर विधानसभा क्षेत्र में पड़ने वाले सभी पांचों प्रखंड के अध्यक्षों के साथ बैठक की और कंट्रोल रुम का शुभारंभ करते हुए बूथ स्तर पर समन्वय और आपसी तालमेल के साथ मंत्री हफीजुल हसन को विजय बनाने की अपील की। डा.उरांव ने मधुपुर के कदैय गांव, बसवरिया एवं घसको गांव में आयोजित सभा को संबोधित किया। मौके पर आमलोगों में डा.उरांव के गठबंधन प्रत्याशी की जीत का भरोसा दिलाया। मौके पर मंत्री बादल ने कहा कि हाजी हुसैन अंसारी करीब चार दशक तक मधुपुर क्षेत्र के लोगों की सेवा की और अंतिम समय तक वे लगातार आमजनों से मिलते-जुलते रहे। यह चुनाव उन्हें श्रद्धांजलि देने का वक्त है। मौके पर पूर्व सांसद फुरकान अंसारी ने कहा कि जिस तरह महंगाई चरम पर है, आम आदमी का जीन मुहाल हो गया है। ऐसे में भारतीय जनता पार्टी को करारा जवाब देना होगा। चुनावी सभा को संबोधित करते हुए प्रदेश कांग्रेस के प्रवक्ता आलोक कुमार दूबे ने कहा कि गठबंधन प्रत्याशी की जीत सुनिश्चित है और सिर्फ अधिक मतों केअंतर से जीत हासिल करने के लिए कार्यकर्ताओं को मेहतन करनी है। उन्होंने कहा कि भाजपा निश्चित रूप से हार मान चुकी है। इसलिए हताशा में चुनाव आयोग के पास जाकर घड़ियाली आसू बहा रही है। सभा को प्रवक्ता लाल किशोर नाथ शाहदेव, डा. राजेश गुप्ता छोटू आदि ने भी संबोधित किया।

झारखंड की बेटी की सकुशल वापसी सुनिश्चित करें : हेमंत सोरेन

रांची, 9 अप्रैल : मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने झारखंड पुलिस को दिल्ली महिला आयोग से संपर्क कर दिल्ली के करोल बाग से रेस्क्यू की गयी झारखंड की नाबालिग बच्ची की सकुशल राज्यवापसी और पुनर्वास हेतु संबंधित विभाग के साथ उचित कार्रवाई करते हुए सूचित करने का निर्देश दिया है। मुख्यमंत्री ने रेस्क्यू के लिए दिल्ली महिला आयोग की अध्यक्ष स्वाति मलिवाल के प्रति आभार व्यक्त किया है।

मुख्यमंत्री को बताया गया कि दिल्ली महिला आयोग की टीम द्वारा झारखण्ड से दिल्ली लायी गयी नाबालिग लड़की का रेस्क्यू करवाया गया है। लड़की का फर्जी आधार कार्ड बनवा दिल्ली काम करने के लिए भेजा गया था।

हाइकोर्ट ने रांची सिविल सर्जन को लगायी फटकार, कहा

काम नहीं कर सकते तो इस्तीफा देकर घर क्यों नहीं चले जाते

देशप्राणा संवाददाता

रांची, 9 अप्रैल : झारखंड हाईकोर्ट ने शुक्रवार को रांची के सिविल सर्जन पर कड़ी टिप्पणी की। कोर्ट ने कहा कि सिविल सर्जन के अंदर इंसानियत की भावना खत्म हो गयी है। अगर वह काम नहीं कर पा रहे हैं, तो इस्तीफा देकर चले क्यों नहीं जाते। कोर्ट की नाराजगी रिम्स की व्यवस्था से जुड़ी एक जनहित याचिका पर सिविल सर्जन के जवाब को लेकर थी।

कोर्ट ने नाराजगी जताते हुए कहा कि हाईकोर्ट से जुड़े लोगों का सैंपल पिछले 4 दिनों से जांच के लिए नहीं भेजा जा रहा है। 5 तारीख को सैंपल लिया गया था। अब तक जांच क्यों नहीं हुई। अदालत ने सिविल सर्जन से पूछा कि सैंपल रख कर क्या कर रहे हैं। हाईकोर्ट से जुड़े लोगों के साथ ऐसा सुलूक है, तो सिविल सर्जन आम लोगों के साथ कैसा व्यवहार कर रहे होंगे। इतना ही नहीं, कोर्ट ने मौखिक टिप्पणी करते हुए कहा कि सिविल सर्जन के अंदर इंसानियत की भावना खत्म हो गयी. अगर वह अपना कार्य नहीं कर पा रहे हैं, तो इस्तीफा देकर चले क्यों नहीं जाते?

अदालत ने सुनवाई के दौरान उपस्थित राज्य के स्वास्थ्य सचिव को मौजूदा स्थिति से अवगत कराते हुए कहा कि सिविल सर्जन की लापरवाही के चलते सारे सैंपल सड़ रहे हैं। 80 प्रतिशत सैंपल की जांच नहीं हुई है। इस तरह का रवैया लोगों के लिए जानलेवा हो सकता है। कोर्ट ने सभी बिंदुओं पर सिविल सर्जन से विस्तृत शपथ पत्र के माध्यम से जवाब देने को कहा है। इस मामले की अगली सुनवाई के लिए सोमवार की तिथि निर्धारित की गयी है। कोर्ट ने अगली सुनवाई के दिन राज्य के स्वास्थ्य सचिव, रिम्स के निदेशक और सदर अस्पताल के सिविल सर्जन को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से उपस्थित होने का निर्देश दिया है। राज्य सरकार की तरफ से महाधिवक्ता और रिम्स की तरफ से अधिवक्ता आकाशदीप अदालत के समक्ष पक्ष रखा।

पत्रकारों को मुख्यमंत्री राहत कोष से मिली आर्थिक सहायता

सीएम ने इलाज के लिए की मदद

रांची, 9 अप्रैल : रांची प्रेस क्लब की पहल पर गंभीर रूप से बीमार पत्रकार अथवा उनके परिजन के इलाज के लिए मुख्यमंत्री राहत कोष से आर्थिक सहयोग प्रदान किया गया। रांची प्रेस क्लब की ओर से मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को गंभीर रूप से बीमार पत्रकार अथवा उनके परिजन के इलाज में सहयोग करने का आग्रह किया गया था। प्रेस क्लब के आग्रह पर संज्ञान लेते हुए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने सभी पत्रकारों या उनके परिवार के सदस्य के बेहतर इलाज के लिए मुख्यमंत्री राहत कोष से आर्थिक सहायता प्रदान किया। मुख्यमंत्री की ओर से पत्रकार निशिकांत सिन्हा के पुत्र और बालूमाथ के पत्रकार जावेद के भाई के इलाज के लिए आर्थिक सहयोग किया गया है। इससे पहले भी समय समय पर मुख्यमंत्री द्वारा गंभीर बीमारियों से पीड़ित पत्रकारों को आर्थिक सहायता उपलब्ध कराया गया है।

रांची प्रेस क्लब के अध्यक्ष राजेश कुमार सिंह, उपाध्यक्ष पिंटू दुबे, सचिव अखिलेश कुमार सिंह, संयुक्त सचिव जावेद अख्तर, कोषाध्यक्ष जयशंकर एवं कार्यकारिणी समिति के सदस्य गिरजा शंकर ओझा, सुनील कुमार सिंह, प्रियंका मिश्रा, प्रभात कुमार सिंह, दीपक जायसवाल,रंगनाथ चौबे, सुनील गुप्ता, अमित दास, किसलय शानू ने दोनों पत्रकार को चेक मिलने पर मुख्यमंत्री तथा उनके प्रेस सलाहकार अभिषेक पिंटू के प्रति आभार व्यक्त किया।

मधुपुर उपचुनाव में प्रशासन की शिकायत

चुनाव आयोग पहुंची भाजपा

देशप्राण संवाददाता

रांची, 9 अप्रैल : भाजपा का तीन सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल राज्य के मुख्य चुनाव पदाधिकारी के रवि कुमार से मिलकर एक ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में भाजपा प्रतिनिधिमंडल ने मांग किया कि मधुपुर उपचुनाव में जिला प्रशासन के सर्वोच्च पदाधिकारी से लेकर निचले कर्मचारी तक पूरे विधानसभा क्षेत्र से भाजपा का झंडा, बैनर जबरन हटाने का काम कर रहे हैं।

प्रतिनिधिमंडल ने यह भी कहा कि पूरा प्रशासन झारखंड मुक्ति मोर्चा का कार्यकर्ता बनकर काम कर रहा है। यही कारण है कि पूरे विधानसभा क्षेत्र से जेएमएम के एक भी कार्यकर्ता या समर्थक के घर से झंडा नहीं उतारा जा रहा है।

भाजपा प्रतिनिधिमंडल ने यह मांग की कि जबरन झंडा उतारने में जिस पदाधिकारी या कर्मचारी की संलिप्तता पाई जाए उन्हें तत्काल चुनाव कार्य से मुक्त कर निष्पक्ष चुनाव सुनिश्चित हो।

प्रतिनिधिमंडल की शिकायत प्राप्त होने पर मुख्य चुनाव पदाधिकारी के रवि कुमार ने तत्काल देवघर एसडीओ को फोन लगाकर मामले की छानबीन करनी शुरू कर दी। साथ ही निर्देश दिया कि किसी भी पार्टी के साथ भेदभाव ना हो और नियम सम्मत कार्य हो। उन्होंने यह भी कहा कि वे तुरंत इसकी जांच कराएंगे और जांच में दोषी पाए जाने वालों के खिलाफ कार्रवाई होगी। प्रतिनिधिमंडल में भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष गंगोत्री कुजूर, प्रदेश मंत्री सुबोध सिंह गुड्डू एवं चुनाव आयोग संपर्क विभाग के प्रदेश सह संयोजक सुधीर श्रीवास्तव शामिल थे।

राज्यपाल व विधायकों को विजय शंकर नायक ने लिखा पत्र

राज्य में मुख्य सूचना आयुक्त की हो नियुक्ति

▶▶8735 वाद की सुनवाई है स्थगित

देशप्राण संवाददाता

रांची, 9 अप्रैल : झारखंडी सूचना अधिकार मंच के केंद्रीय अध्यक्ष विजय शंकर नायक ने राज्यापाल व अन्य विधायकों से पत्र के माध्यम से आग्रह किया है कि राज्य में मुख्य सूचना आयुक्त के सेवानिवृति के बाद पद रिक्त है। आठ मई 2020 से आयोग में सूचना आयुक्त के पद रिक्त हैं इस कारण कोइ सुनवाई नही हो रही है। राज्य और सूचना अधिकार कानून हित में अविलंब सूचना आयुक्तों की नियुक्ति की जाय ताकि आमजनों को सूचना के अधिकार का लाड्डा मिल सके।

श्री नायक ने अपने पत्र में

कहा है कि राज्य सूचना आयोग में सुनवाई नहीं हो पा रहा है इसके कारण आयोग में आवेदनों की संख्या-995 ,लंबित वाद 8735 की सुनवाई स्थगित हो गई है और सुनवाई बाधित होने के कारण राज के सूचना अधिकार कार्यकताओं एवं आम जनता को सूचना नहीं मिल पा रहा है जिससे सूचना अधिकार कानून राज में मृत प्राय हो गई।

सचिवालय में साप्ताहिक रोस्टर सिस्टम लागू करने की मांग

रांची, 9 अप्रैल : रांची के सबसे बड़े सरकारी कार्यालय सचिवालय में कोरोना विस्फोट हुआ है। हर विभाग में कोरोना संक्रमित घूम रहे हैं। संक्रमितों का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि एक सप्ताह के भीतर 96 लोगों की रिपोर्ट पॉजिटिव आयी है। साथ ही 4 लोगों की मौत हो गई है। इतना ही नहीं अभी भी 92 से ज्यादा लोग संदेहास्पद हैं, जो दफ्तर आ रहे हैं। झारखंड सचिवालय सेवा संघ ने कहा है कि सरकार को अपने कर्मचारियों के प्रति जिम्मेदार होना होगा। अगर लॉकडाउन नहीं लगाया जा सकता है तो कम से कम बेहतर व्यवस्था तो की जा सकती है। संघ के महासचिव पिकेश कुमार ने बताया कि टाटा की तरह यहां भी पीओडी सिस्टम लागू किया जाए और साप्ताहिक रोस्टर सिस्टम के माध्यम से कर्मचारियों को दफ्तर बुलाया जाए।

एनएसयूआई ने कोरोना वारियर्स के साथ मनाया 51वां स्थापना दिवस

रांची, 8 अप्रैल : कांग्रेस छात्र संगठन झारखंड एनएसयूआई के प्रदेश उपाध्यक्ष इंदरजीत सिंह के नेतृत्व में जरूरतमंद बच्चों एवं कोरोना वारियर्स के साथ 51वां स्थापना दिवस मनाया। विदित हो कि आज 51वें स्थापना दिवस पर सबसे पहले जरूरतमंद बच्चों को कॉपी, पेंसिल, रबर, कटर, चॉक्लेट दिया गया। उसके बाद कोरोना वारियर्स के रूप में सफाई कर्मचारियों को सर्टिफिकेट एवं एनएसयूआई किट दे कर सम्मानित किया गया।

एनएसयूआई किट में मास्क, सनेटीजर, ब्रेड, लस्सी, बिस्कुट, मिक्सचर, पानी बोतल सभी को दिया गया। मौके पर प्रदेश उपाध्यक्ष इंदरजीत सिंह ने कहा कि कहा कि एनएसयूआई लोकतंत्र, समाजवाद और धर्मनिपेक्षता को मानने वाला संगठन है। संगठन बिना कोई जाति या धर्म देखे छात्र और समाजिक हितों के लिए काम करता है। संगठन छात्र एवं समाज हितों के लिए हमेशा तत्परता से काम करता आया है और आगे भी करता रहेगा। मौके पर इंदरजीत सिंह, आरुषि वंदनां, युवराज सिंह, विकास दुबे, आकाश कुमार, अमन यादव, आकाश रजवार मौजूद थे।

लालू प्रसाद की जमानत याचिका पर सुनवाई 16 को

देशप्राण संवाददाता

रांची, 9 अप्रैल : दुमका ट्रेजरी से जुड़े चारा घोटाला केस में लालू प्रसाद को जमानत के लिए अभी इंतजार करना होगा। हाई कोर्ट में हुई सुनवाई के दौरान सीबीआई ने लालू प्रसाद की ओर से दाखिल जमानत याचिका का विरोध करते हुए जवाब दाखिल करने के लिए समय की मांग की। सीबीआई की इस मांग का दिल्ली से वीडियो कॉफ्रेसिंग से जुड़े लालू के वकील कपिल सिब्बल ने जमकर विरोध किया। न्यायाधीश अपरेश कुमार

सिंह की अदालत ने दोनों पक्षों की सुनवाई करते हुए सीबीआई को एक सप्ताह का समय देते हुए अगली सुनवाई 16 अप्रैल को निर्धारित की है।

चारा घोटाला के चार मामलों में जेल की सजा काट रहे लालू यादव ने बीते दिन हाई कोर्ट में याचिका दाखिल कर सजा की आधी अवधि पूरी करने के दम पर नए सिरे से जमानत की गुहार लगायी है। लालू की ओर से उनके अधिवक्ता देवर्षि मंडल द्वारा जमानत की याचिका दाखिल की गई है। आज झारखंड उच्च न्यायालय में न्यायमूर्ति अपरेश कुमार सिंह की अदालत में सुनवाई हुई। आज सुनवाई में सीबीआई के द्वारा जवाब दाखिल करने के लिए समय की मांग की गई जिसे स्वीकार करते हुए अदालत ने 16 अप्रैल यानी अगले शुक्रवार का समय निर्धारित किया है। गौरतलब है कि लालू यादव की जमानत याचिका में दलील दी गई है कि लालू यादव नें दुमका कोषागार मामले में अदालत से उन्हें जितनी सजा मिली उसकी आधी उन्होंने पूरी कर ली है। सजा की आधी अवधि पूरी करने की बिना पर अब उन्हें जमानत दी जाए।

लालू मामले में फिजिकल सुनवाई पर 22 तक रोक

रांची, 9 अप्रैल : चारा घोटाले के विभिन्न मामलों में सजायाफ्ता आरजेडी सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव से जुड़े एक मामले की सुनवाई सीबीआई की विशेष अदालत में टल गयी है। महामारी के मद्देनजर रांची सिविल कोर्ट में फिजिकल सुनवाई पर 22 अप्रैल तक रोक लगा दी।

न्यायालय ने 7 अप्रैल से बढ़ाकर 22 अप्रैल तक फिजिकल सुनवाई पर रोक लगा दी है। इसी कारण डोरंडा कोषागार से अवैध निकासी मामले की सुनवाई शुक्रवार को टल गयी है। सीबीआई के विशेष जज एसके शशि की अदालत में सुनवाई के लिए आज की तिथि निर्धारित थी। डोरंडा कोषागार से 139.5 करोड़ रुपये अवैध निकासी का मामला है। मामले की अगली सुनवाई की तारीख अभी तय नहीं हुई है।

आचार्यकुलम विद्यालय प्रबंधन पर मनमानी का आरोप

रांची, 9 अप्रैल : राजधानी के नामकुम (टाटा रोड) पर स्थित आचार्यकुलम विद्यालय प्रबंधन पर अभिभावकों ने मनमानी करने का आरोप लगाया है। अभिभावकों ने स्कूल प्रबंधन पर मनमाने ढंग से सरकारी आदेशों को ताक पर रखते हुए जबरन शुल्क वसूलने का आरोप लगाया है। अभिभावकों ने इस संबंध में झारखंड शिक्षा न्यायाधिकरण से गुहार लगायी है। एक हस्ताक्षर युक्त ज्ञापन झारखंड शिक्षा न्यायाधिकरण के अध्यक्ष को प्रेषित करते हुए स्कूल प्रबंधन की मनमानी पर अविलंब रोक लगाने और यथोचित कार्रवाई करने का अनुरोध किया है।

मौसम

	अधिकतम	न्यूनतम
	39.0°	23.3
	प्रातः	सायं
	58%	25%
	सूर्यास्त	सूर्योदय
	शनिवार	रविवार
	18.08	5.34

शून्य

सर्राफा

10.04.2021
सोना (बिक्री) : 4580.00 प्र/ ग्रा
सोना (खरीद) : 4280.00 प्र/ ग्रा
चांदी (बिक्री) : 70.00 प्र/ ग्रा

संक्षिप्त समाचार

उत्कर्ष गुप्ता बने रांची के नये एसडीओ

रांची, 9 अप्रैल : झारखंड सरकार ने शुक्रवार को भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) के दो अधिकारियों का तबादला किया है। रांची के बुंडू के अनुमंडल पदाधिकारी उत्कर्ष गुप्ता को स्थानांतरित करते हुए रांची सदर का अनुमंडल पदाधिकारी (एसडीओ) बनाया गया है। वहीं अनुमंडल पदाधिकारी रांची सदर के पद पर पदस्थापित समीरा एस को बुंडू का अनुमंडल पदाधिकारी बनाया गया है। इस संबंध में कार्मिक, प्रशासनिक सुधार तथा राज्य भाषा विभाग ने शुक्रवार को अधिसूचना जारी कर दी है।

प्रन्यास का रक्तदान शिविर आज

रांची, 9 अप्रैल : प्रन्यास हेल्थ केयर सोसायटी द्वारा रांची नगर निगम के सहयोग से कल 10 अप्रैल को सूचना भवन, कांके रोड के पास स्थित ओड्रे हाउस में मेगा रक्तदान शिविर लगाया जाएगा। शिविर प्रातः 8:00 बजे से शाम 7:00 बजे तक चलेगा। शिविर में कोविड-19 गाइडलाइन का पूरा पालन किया जाएगा। यह जानकारी मीडिया प्रभारी गिरिजाशंकर पेडीवाल ने दी है।

ऑटो के माध्यम से चलाया जा रहा है जागरूकता

रांची, 9 अप्रैल : राजधानी में बढ़ते कोरोना संक्रमण को देखते हुए जिला प्रशासन रांची के गली मुहल्लों में ऑटो के माध्यम से जागरूकता अभियान चला रहा है। इन ऑटों में साउंड सिस्टम लगाया गया है जिसके जरीये आमलोगों को कोरोना से बचाव की जानकारी दी जा रही है। इसके लिए प्रशासन ने 10 ऑटो को तैयार किया है।

गेल के सहयोग से जिला प्रशासन की कार्रवाई प्रारंभ

संक्रमित इलाकों में सैनिटाइजेशन शुरू

▶▶ बस स्टैंड, सेल सिटी, मेकॉन टाउनशिप, खेलगांव एवं जीईएल चर्च काम्प्लेक्स किया गया सैनिटाइज

देशप्राण संवाददाता

छाया : आसिफ

रांची, 9 अप्रैल : डीसी छवि रंजन के निर्देश पर रांची जिले में सैनिटाइजेशन का कार्य कराया जा रहा है। आवश्यकतानुसार बस स्टैंड, रिहायशी इलाकों, सरकारी भवनों, कोविड केअर सेंटर, व्यावसायिक प्रतिष्ठानों इत्यादि में सैनिटाइजेशन कार्य किया जा रहा है। जिला प्रशासन रांची तथा गैस ऑथोरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड रांची (गेल) के फायर एंड सेफ्टी टीम के सहयोग से यह सैनिटाइजेशन कार्य सुचारू रूप से किया जा रहा है।

खादगढ़ा बस स्टैंड, सेल सिटी, मेकॉन टाउनशिप, खेलगांव कोविड केअर सेंटर तथा मेन रोड रांची स्थित जीईएल चर्च कॉम्प्लेक्स एवं अन्य संक्रमित इलाकों- मोहल्लों को सैनिटाइज कराया जा रहा है।

खादगढ़ा बस स्टैंड परिसर के साथ -साथ वहां पर खड़े बसों को भी सैनिटाइज किया गया। सेल सिटी तथा मेकॉन टाउनशिप स्थित फ्लैट्स, प्रवेश द्वार, पार्किंग स्थल तथा खेलगांव स्थित कोविड केअर सेन्टर के सभी कमरों एंट्री पॉइंट्स, पार्किंग एरिया को भी सैनिटाइज किया गया। चर्च कॉम्प्लेक्स अवस्थित व्यावसायिक प्रतिष्ठानों को भी सैनिटाइज किया गया। इसके अलावा विभिन्न संक्रमित इलाकों- मुहल्लों में फायर एन्ड सेफ्टी टीम गली-गली में घुमकर सैनिटाइजेशन का काम कर रही है।

आलोक कुमार जनरल मैनेजर, गेल की सुपरविजन में फायर एंड सेफ्टी टीम के सीनियर मैनेजर सौरभ आनंद के नेतृत्व में कोविड प्रोटोकॉल का पालन करते हुए सैनिटाइजेशन का कार्य कर रही है। सैनिटाइजेशन के दौरान सोडियम हाइपोक्लोराइट सॉल्यूशन का इस्तेमाल किया जा रहा है। सैनिटाइजेशन की यह टीम लगातार फील्ड में अपना काम कर रही है।

रांची सदर अस्पताल के कई डॉक्टर कोरोना संक्रमित

घंटों जांच कार्य रहा प्रभावित

देशप्राण संवाददाता

रांची,9 अप्रैलः रांची में कोरोना संक्रमण लगातार बढ़ता जा रहा है। शुक्रवार को राजधानी के सदर अस्पताल में 9 लोग कोरोना संक्रमित पाए गए हैं, जिसमें डॉक्टर और लैब टेक्नीशियन भी शामिल हैं। अस्पताल में कर्मचारियों के कोरोना पॉजिटिव पाए जाने के बाद अस्पताल में सभी लैब टेक्नीशियनों और डॉक्टरों की कोरोना जांच कराई गई, जिसके कारण घंटों जांच का कार्य प्रभावित रहा।

सदर अस्पताल के उपाधीक्षक डॉ. एस मंडल ने बताया कि स्थिति दिन प्रतिदिन खराब होते जा रही है। जिस तरह से स्वास्थ्यकर्मी संक्रमित हो रहे हैं, उससे अस्पताल के कई कार्य प्रभावित हो रहे हैं। उन्होंने बताया कि स्वास्थ्यकर्मियों के प्रभावित होने के कारण कार्य प्रभावित हो गए हैं। कई विभागों को बंद करना पड़ा है। सिर्फ इमरजेंसी और लेबर रूम की सर्जरी डिपार्टमेंट चालू है। उसके बाद सिर्फ और सिर्फ कोविड मरीजों का इलाज किया जा रहा है।

कोरोना के बढ़ते संक्रमण के बीच डीआरएम ने कहा

सामान्य तरीके से किया जाता रहेगा ट्रेनों का परिचालन

मुख्य संवाददाता

रांची, 9 अप्रैल : देश तथा झारखंड में तेजी से बढ़ रहे कोरोना संक्रमण को लेकर आमलोगों के बीच ट्रेनों के परिचालन को लेकर उठती आशंका के बीच शुक्रवार को मंडल रेल प्रबंधक (डीआरएम) नीरज अंबष्ठ ने कहा कि ट्रेनों का परिचालन सामान्य तरीके से किया जाता रहेगा। श्री अंबष्ठ शुक्रवार को वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से पत्रकारों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने मीडिया के माध्यम से यात्रियों से अपील की है कि घबराने की आवश्यता नहीं है, जिन ट्रेनों का परिचालन किया जा रहा है, उन ट्रेनों का परिचालन सामान्य तरीके से किया जाता रहेगा। उन्होंने कहा कि कोरोना वायरस के पहले रांची रेल मंडल से 66 दोड़ी ट्रेनों का परिचालन हो रहा था, वर्तमान में रांची रेल मंडल से 42 जोड़ी ट्रेनों का परिचालन किया जा रहा है। श्री अंबष्ठ ने कहा कि पटना के लिए हटिया-पुर्णिया कोर्ट, रांची-पटना, हावड़ा के लिए रांची हावड़ा, दुमका के लिए रांची-दुमका, पूरी के लिए हटिया-पूरी ट्रेनों में सीटें उपलब्ध है, इन ट्रेनों टिकट लेकर यात्री यात्रा कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि आवश्यकता के अनुसार ट्रेनों में अतिरिक्त कोच भी लगाये जायेंगे। साथ ही आवश्यता तथा मांग के अनुसार मुख्यालय के आदेश पर ट्रेनों की संख्या भी बढ़ायी जायेगी। श्री अंबष्ठ ने कहा कि रांची रेल मंडल यात्रियों की सुविधा और सहायता के लिए हमेशा तत्पर रहता है। कोरोना वायरस संक्रमण से बचाव के लिए राज्य सरकार के सहयोग से लिए 24 घंटे तत्पर हैं तथा हर प्रकार का सहयोग किया जा रहा है। उन्होंने रेल यात्रियों से आग्रह करते हुए कहा कि कोरोना वायरस का संक्रमण तेजी से बढ़ रहा है। इसलिए फेस मास्क या फेस कवर, सैनिटाइजर, साबुन का प्रयोग, सामाजिक दूरी का पालन और अन्य प्रोटोकॉल का पालन अवश्य करें। मौके पर वरिष्ठ मंडल परिचालन प्रबंधक नीरज कुमार और वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक श्री अवनीश भी उपस्थित थे।

डायन बिसाही व मॉब लिचिंग के प्रति अभियान

ग्रामीणों को किया गया जागरूक

रांची, 9 अप्रैल : बेड़ो थाना क्षेत्र के कादोजोड़ो गांव में शुक्रवार को सामुदायिक पुलिसिंग की पहल करते हुए, जागरुकता अभियान चलाया गया। इस दौरान पुलिस ने ग्रामीणों की समस्याएं सुनी और उनका निदान करने का भरोसा दिया। साथ ही समाज के कुप्रथा डायन बिसाही, मॉब लिचिंग मामले में लोगों को जागरुक किया गया। साथ ही कहा गया कि किसी के बहकावे में ना आये।

पुलिसकर्मियों ने कहा कि किसी के बीमार होने पर ओझा-गुणी के पास ना जाये सीधे अस्पताल जायें। किसी भी स्थिति में कानून को अपने हाथ में ना लें। पुलिस 24 घंटे आपके सेवा में हाजिर रहेगी। कोर्ट भी परेशानी होने पर तुरंत पुलिस को फोन करें। मौके पर बेड़ो थाना प्रभारी मनीष कुमार गुप्ता सहित अन्य पुलिसकर्मी और ग्रामीण मौजूद थे।

युवक को मारा चाकू, हालत गंभीर

रांची, 8 अप्रैल : रांची के खरसीदाग ओपी क्षेत्र में गुरुवार देर रात एक युवक को खाने-पीने को लेकर हुए विवाद में तीन बदमाशों ने चाकू मारकर जख्मी कर दिया। घायल युवक का नाम अर्पण कुजूर है। उसे रिम्स में भर्ती कराया गया है, जहां उसकी हालत गंभीर बताई जा रही है। अर्पण कुजूर की मां रांची पुलिस लाइन में कार्यरत है। मामले में पुलिस ने अजय गाड़ी और करण ऊर्फ कुंदन को गिरफ्तार किया है। एक अपराधी फरार है। ओपी प्रभारी बैजनाथ ने बताया कि दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है। एक फरार है। पुलिस पूछताछ कर रही है। घटना में इस्तेमाल किया गया चाकू भी बरामद किया गया है।

खबर कोना

बालू का अवैध परिवहन करते पांच वाहन जब्त

रांची, 9 अप्रैल : खान निरीक्षक सुबोध कुमार सिंह ने आठ अप्रैल की देर शाम तैमारा घाटी तथा बुंडू क्षेत्र में पुलिस बल के साथ औचक निरीक्षण किया। इस दौरान बालू के अवैध परिवालन करते हुए पांच वाहनों की जांच की गयी। जांच के बाद सभी वाहनों को जब्त कर अग्रेतर कार्रवाई के लिए दशम फॉल थाना को सौप दिया गया।

पिस्का मोड़ में सादगी से रामनवमी पूजा मनाने का निर्णय

रांची, 9 अप्रैल : श्रीरामनवमीं पूजा समिति पिस्का मोड़, राजेंद्र चौक की बैठक गुरुवार को समिति के अध्यक्ष शैलेश्वर दयाल सिंह की अध्यक्षता में हुई। बैठक में इस वर्ष भी कोविड-19 महामारी को देखते हुए सादगी से रामनवमीं पूजा मनाने का निर्णय लिया गया। बैठक में लिये गये निर्णयों की जानकारी देते हुए शैलेश्वर दयाल सिंह ने बताया कि कोरोना के कारण इस वर्ष भी सादगी से रामनवमीं पूजा का आयोजन किया जायेगा। किसी भी तरह का जुलूस, शोभायात्रा या भव्यता का आयोजन नहीं होगा। उन्होंने कहा कि कोविड-19 को लेकर राज्य सरकार द्वारा जारी गाइडलाइन का अक्षरशः पालन किया जायेगा। उन्होंने कहा कि रामनवमीं पूजा पर पूरे विधि विधान से भगवान श्री राम तथा हनुमान जी की पूजा अर्चना की जायेगी तथा महावीरी झंडे का पूजन किया जायेगा। श्री सिंह ने समिति के सभी सदस्यों से अपने-अपने घर पर महावीरी पताका फहराने की अपील की है। बैठक में मुख्य रूप से किनू तिवारी, राकेश कुमार, विक्की तिवारी, खुबलाल कुमार, नमित लाल, पंकज गुप्ता आदि उपस्थित थे।

झारखंड सहकारी बैंक ने 300 करोड़ रुपए दिये

रांची, 9 अप्रैल : भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा संचालित फूड क्रेडिट कंसोर्टियम के तहत अन्य राष्ट्रीय वाणिज्यिक एवं निजी बैंकों की भांति झारखंड राज्य सहकारी बैंक को भी 300 करोड़ रुपए की राशि फूड कारपोरेशन ऑफ इंडिया को ऋण वितरण हेतु नाबार्ड के द्वारा अनुशंसा के उपरांत अनुमति प्रदान की गयी। इस राशि को 8 अप्रैल 2021 को एफसीआई को बैंक के द्वारा उपलब्ध कराया गया। इस कारण बैंक की सीडी रेशियो 12 फीसदी से बढ़कर 30 फीसदी हो गयी। बैंक के मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी प्रेम प्रकाश ने प्रेस वार्ता में बताया कि आने वाले समय में बैंक कृषि ऋण एवं अन्य उच्च गुणवत्ता वाले के ऊपर विशेष जोर देगी। बैंक अपने क्षेत्र में नई ऊंचाइयां हासिल करेगी।

थोक वस्त्र विक्रेता संघ का अभियान

रांची, 9 अप्रैल : फेडरेशन चेंबर के आह्वान पर आज झारखंड थोक वस्त्र विक्रेता संघ ने सदस्यों के बीच नो मास्क नो एंट्री अभियान चलाया। संघ के पदाधिकारियों ने अपर बाजार स्थित कपड़ा दुकानों में जाकर नो मास्क नो एंट्री के स्टीकर लगाए और दुकानों में जिला प्रशासन द्वारा जारी सभी सुरक्षा मानकों का पालन करने के लिए प्रेरित किया। चेंबर अध्यक्ष प्रवीण जैन छाबड़ा ने कहा कि संक्रमण की चेन तोड़ने के लिए व्यवसायिक संस्थाओं का सामूहिक प्रयास अति आवश्यक है। हमारा दायित्व है कि हम इस महामारी को नियंत्रित करने में जिला प्रशासन का हर संभव सहयोग करें। यह अच्छी बात है कि व्यापार जगत इस दिशा में आगे बढ़ कर कार्य कर रहा है। अभियान में संघ के अध्यक्ष प्रकाश अरोड़ा एवं सदस्य शामिल थे।

हीलिंग पीपल चेंजिंग लाइव्स पुस्तक लांच

रांची, 9 अप्रैल : डॉ बत्रा जी हीलिंग पीपल चेंजिंग लाइव्स कॉफी टेबल बुक लॉन्च की गई। इसके माध्यम से प्राकृतिक, दुष्प्रभावमुक्त और लागत प्रभावी विज्ञान के प्रभावकारिता को प्रदर्शित किया गया। डा बत्राज 10 से 22 अप्रैल तक सभी रोगियों को मुफ्त परामर्श देंगे। पद्मश्री डॉक्टर मुकेश बत्रा की इस पुस्तक में 100 से अधिक रोगियों की कहानियां है, जो दुर्लभ और कठिन बीमारियों के इलाज में होम्योपैथी की प्रभावकारिता को उजागर करती है। बजाज ऑटो के एमडी राजीव बजाज तथा आयुष टास्क फोर्स के अध्यक्ष शरद मराठे ने पुस्तक का अनावरण किया।

उदासीन निजी अस्पतालों से स्वास्थ्य विभाग ने मांगा स्पष्टीकरण

रांची, 9 अप्रैल : झारखंड में कोविड 19 का इलाज कर रहे निजी अस्पतालों के उदासीन रवैये को स्वास्थ्य विभाग ने गंभीरता से लिया है। विभाग ने इन अस्पतालों से स्पष्टीकरण मांगा है। इन अस्पतालों में रांची ट्रस्ट हॉस्पिटल, गुरु नानक हॉस्पिटल, हेल्थ प्वाइंट हॉस्पिटल और आलम हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर शामिल हैं। उल्लेखनीय है कि झारखंड के स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता की अध्यक्षता में गुरुवार को कोविड-19 का उपचार कर रहे सभी निजी अस्पतालों की बैठक बुलाई गई थी। बैठक में कुछ निजी अस्पताल शामिल नहीं हुए। स्वास्थ्य विभाग ने निजी अस्पतालों के रवैये को कोविड-19 रोकथाम के प्रति उदासीन एवं असहयोगात्मक मानते हुए स्पष्टीकरण मांगा है।

प्रत्येक वार्डों में ट्रैक्टर के माध्यम से वृहत रूप से हो सेनेटाईजेशन : संजीव

रांची, 9 अप्रैल : कोरोना महामारी के बढ़ते हुए प्रकोप को देखते हुए रांची शहर की आम जनता के सुरक्षा को देखते हुए डिप्टी मेयर संजीव विजयवर्गीय ने शुक्रवार को नगर आयुक्त को पत्र लिखा। पत्र के माध्यम से शहर में सेनेटाईजेशन के लिए ट्रैक्टर का इस्तेमाल करने की बात कही। इसके अलावा कुछ मुख्य बिन्दुओं पर आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिए। इसमें निगमकर्मी कोरोना से ग्रसित न हो इसके लिए उन्हें सभी प्रकार के कीट उपलब्ध कराने, कोरोना वायरस के फैलाव को देखते हुए समय -समय पर निगमकर्मी एवं सफाईकर्मियों की कोरोना जांच कराने के लिए समुचित व्यवस्था करने आदि शामिल है।

ऑटो पलटने से दो की मौत, नौ यात्री घायल

रांची, 9 अप्रैल : ओरमांझी थाना क्षेत्र स्थित पालू गांव के समीप शुक्रवार को एक ऑटो के अचानक अनियंत्रित होकर पलटने से दो लोगों की मौत हो गई। मृतकों में मोहम्मद जब्बार (42) और एक व्यक्ति की शिनाख्त नहीं हो सकी है। जबकि घटना में नौ लोग घायल हो गए।

थाना प्रभारी ने बताया कि ओरमांझी बाजार से ऑटो सवारी लेकर पुंदाटोली गांव की गांव की ओर जा रहा था। इसी बीच अचानक एक मवेशी के सामने आने से ऑटो चालक ने हैंडल मोड़ा और अनियंत्रित होकर ऑटो पलट गया। ऑटो में सवार एक बच्चे को चोट नहीं आई है। बाकी लोगों को रिम्स भेज दिया गया है। घटना में दो लोगों की मौत हुई है।

मेयर ने नगर निगम परिषद में पारित एजेंडों के अस्तीत्व पर उठाया सवाल, कहा

एजेंडों को अध्यक्ष की अनुमति के बिना उपस्थापित करना अवैधानिक

▶▶ नगर आयुक्त एजेंडों को परिषद की कार्यवाही से विलोपित करें

देशप्राण संवाददाता

रांची, 9 अप्रैल : मेयर आशा लकड़ा ने आठ अप्रैल को नगर आयुक्त को पत्र लिख 25 व 27 मार्च को सम्पन्न हुए रांची नगर निगम परिषद की बैठक की कार्यवाही से एजेंडा संख्या, 3, 4, 5, 6 व 8 को विलोपित करने का निर्देश दिया है। इस बाबत मेयर का कहना है कि संबंधित एजेंडों को अध्यक्ष की अनुमति के बिना परिषद की बैठक में उपस्थापित किया गया था। परिषद की बैठक से पूर्व ही संबंधित एजेंडों पर चर्चा करने की अनुमति नहीं दी गई थी। इसलिए परिषद की बैठक में संबंधित एजेंडों पर की गई चर्चा को कार्यवाही से विलोपित करें। उसके बाद परिषद की बैठक से संबंधित कार्यवाही की फाइल को अध्यक्ष के समक्ष उपस्थापित किया जाए। मेयर ने कहा इसके अलावा इन बिंदुओं पर भी ध्यान देने की आवश्यकता है। मेयर ने सवाल करते हुए कहा कि परिषद की बैठक में बजट के अलावा किसी भी कार्यवाही पर चर्चा नहीं हो पाई थी।

म्युनिसिपल बॉड का पॉलिसी तैयार की जानकारी सदन को नहीं दी गयी

मेयर ने पत्र के माध्यम से नगर आयुक्त को कहा कि झारखण्ड नगरपालिका अधिनियम 2011 की धारा-132 के तहत राज्य सरकार को म्युनिसिपल बॉड का पॉलिसी तैयार करना है। यदि राज्य सरकार के माध्यम से पॉलिसी तैयार किया गया है तो सदन को इसकी विस्तृत जानकारी क्यों नहीं दी गई? यदि राज्य सरकार की ओर से संबंधित विषय पर पॉलिसी तैयार किया गया है तो परिषद की अध्यक्ष को पॉलिसी का ड्राफ्ट उपलब्ध कराया जाए अन्यथा इस प्रस्ताव को बजट से विलोपित किया जाए। उपरोक्त एजेंडों को झारखंड नगरपालिक अधिनियम के तहत उपस्थापित नहीं किया गया था। परिषद की बैठक में किसी एजेंडा को ध्वनिमत से पारित करने का प्रावधान अधिनियम में नहीं है। यदि संबंधित कार्यवलियों को अधिनियम के तहत परिषद की बैठक में उपस्थापित किया जाता तो झारखण्ड नगरपालिका अधिनियम 2011 के धारा-77 के उपधारा-4, 5, 6 एवं 7 के तहत मतदान प्रक्रिया का पालन किया जाना है, जिसका अनुपालन परिषद की बैठक में नहीं किया गया।

लोक सेवा समिति की 30वीं वर्षगांठ पर समाज के उत्कृष्ट विभूतियों को मिला सम्मान

मरणोपरांत वीर बुधु भगत व सैयद अनवर हुसैन खान को झारखंड रत्न

- सात हस्तियों को झारखंड रत्न व पांच को मिला विशिष्ट सेवा सम्मान
- क्षेत्रीय, बोली-भाषा व संस्कृति को संजोकर ही आगे बढ़ने का मार्ग खुलेगा

देशप्राण संवाददाता

छाया : आसिफ

रांची, 9 अप्रैल : सामाजिक संस्था लोक सेवा समिति की 30वीं वर्षगांठ के अवसर पर पुराने विधानसभा के सभागार में शुक्रवार को आयोजित समारोह में विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान और उत्कृष्ट कार्यों के लिए सात शख्सियतों को झारखंड रत्न सम्मान से नवाजा गया। इनमें दो हस्तियों को मरणोपरांत यह सम्मान दिया गया। इसमें महान स्वतंत्रता सेनानी वीर बुधु भगत और जाने-माने समाजसेवी व अधिवक्ता सैयद अनवर हुसैन खान शामिल हैं। इसके अलावा झारखंड रत्न का सम्मान पाने वालों में सिल्ली के चित्रकार विष्णु अहीर, बोकारो के गोपाल मुरारका, गुमला के उपेन्द्र पाल, महादेव टोप्पो व महावीर नायक शामिल है। सामाजिक जागरूकता के लिए समाजसेवी अरविंद कुमार महतो, सीमा देवी, खूंटी के बाल्मिकी साहु, लोहरदगा के राजकुमार नागवंशी और चक्रधरपुर के शीन अनवर को विशिष्ट सेवा सम्मान दिया गया। इस अवसर पर लोक सेवा समिति के संस्थापक व केंद्रीय अध्यक्ष मो. नौशाद खान ने कहा कि विगत तीस वर्षों से संस्था की ओर से समाज सेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने वाले सामाजिक कार्यकताओं को सम्मानित किया जा रहा है। इसमें समाज के हर तबके का महत्वपूर्ण योगदान रहता है। सबों के सहयोग से ही यह संभव हो सका है। उन्होंने बताया कि इस वर्ष का झारखंड रत्न सम्मान न्यायाधीश विक्रमादित्य प्रसाद के नाम समर्पित रहा। मुख्य व विशिष्ट अतिथि के तौर पर मौजूद आर्च बिशप फेलिक्स टोप्पो, मोडेरेटर बिशप जोहान डांग, आजसू के संस्थापक और पूर्व विधायक सूर्य सिंह बेसरा ने संयुक्त रूप से चयनित विभूतियों को सम्मानित किया।

जो सम्मान सरकार को देना चाहिए वह लोक सेवा समिति कर रही

वर्षगांठ समारोह के मौके पर मुख्य रुप से क्षेत्रीय, बोली-भाषा और संस्कृति के महत्व पर विशेषज्ञों द्वारा परिचर्चा और प्रेरणा नामक स्मारिका का लोकार्पण किया गया। मौके पर आर्च बिशप ने कहा कि सबसे पहले इंसानियत है। जब हम आपस प्यार और सम्मान बांटेंगे तो संसार में प्यार और शांति होगा। उन्होंने लोक सेवा समिति के इस आयोजन के लिए बधाई दी। आजसू के संस्थापक सूर्य सिंह बेसरा ने कहा कि जो सम्मान सरकार को देना चाहिए वह लोक सेवा समिति जैसे जमीन से जुड़ी संस्था दे रही है। यह सौभाग्य ही नहीं झारखंड के लिए प्रेरणा का विषय है। समारोह में विशिष्ट सेवा सम्मान से अरविंद कुमार व सीमा देवी सहित पांच लोग सम्मानित किये गये। वर्ष 2020 में कोरोना संक्रमण काल के दौरान लॉकडाउन में निःस्वार्थ भाव से इंसानियत के समर्पित होकर लोगों एवं जरूरतमंदों की सेवा में जागरूकता अभियान चलाया उन्हें प्रशस्ति पत्र देकर प्रोत्सहित किया गया इनमें फेडरेशन ऑफ झारखंड चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज, सीसीएल, एएआईएसएस, अखिल भारतीय, कायस्थ महासभा, टीम मददगार, जिला प्रशासन, लोक सेवा समिति, गुरुद्वारा महा प्रबंधन समिति, भारतीय एकता मंच, सन्मार्ग फाउंडेशन, रियायत, झारखंड सोशल वेलफेयर फाउंडेशन, झारखंड मुस्लिम युवा मंच, नवभारत जागृति केंद्र, पहल, डीआरडी फाउंडेशन, गद्दी यूथ फाउंडेशन, आम जनता हेल्पलाइन व अंजुमन खादिमूल हुज्जाज आदि के नाम शामिल है।

मां रजरप्पा के दरबार पहुंची ऐसोसिएशन की टीम

प्रभारी को माता की चुनरी देकर किया सम्मानित

रांची, 9 अप्रैल : एआईएसएमजेडब्ल्यूए के बिहार-झारखंड प्रभारी प्रीतम भाटिया, प्रदेश कानूनी सलाहकार रिटायर्ड डीएसपी बीएन सिन्हा, रामगढ़ जिला अध्यक्ष जयप्रकाश वर्मा, मिथलेश कुमार, सुरेंद्र कुमार, रांची जिला कमेटी से प्रविंद पांडेय और संदीप पाठक ने रजरप्पा मंदिर में संध्या आरती के बाद पूजा अर्चना की। इस अवसर पर मां की चुनरी और प्रसाद देकर प्रदेश प्रभारी प्रीतम भाटिया को सम्मानित किया गया।

खबरकोना

ओप्पो का स्लीक स्मार्टफोन लॉन्च

रांची, 9 अप्रैल : ग्लोबल स्मार्ट डिवाइस ब्रांड ओप्पो ने एफ सीरीज के नए स्लीक डिवाइस एफ19 को लॉन्च किया है। यह आधुनिक मिनिमलिस्टिक स्लीक डिवाइस है, जो 33 वाट फ्लैश चार्ज, 5000 एमएएच बैटरी लाइटवेटयुक्त है। कंपनी ने अब तक ऐफ सीरीज उत्पादों के 10 मिलियन इकाइयां बेची है। लांच कार्यक्रम कॉमेडियन जाकिर खान के द्वारा हुआ। कंपनी के चीफ मार्केटिंग ऑफिसर दयमंत सिंह खनोरिया के अनुसार टेक्नोलॉजी, ग्राहकों की जरूरत, स्टाइल सहित आधुनिक तकनीक के फायदे ग्राहकों को उपलब्ध कराना हमारी प्रतिबद्धता है। एफ सीरीज सही मायने में हर तरह के स्मार्टफोन उपयोगकताओं के अनुकूल है। यह अपने सभी वादों पर खरा उतरता है। यह सभी मेनलाइन रिटेलर्स एवं अग्रणी ई-कॉमर्स प्लेटफार्म पर उपलब्ध है। इसकी कीमत 18990 रुपए है।

डोरंडा में सिटी बस खलासी को ऑटो चालकों ने पीटा

छाया : आसिफ

रांची, 9 अप्रैल : डोरंडा थाना के एजी मोड़ के समीप शुक्रवार को सिटी बस के खलासी और ऑटो चालकों के बीच जमकर मारपीट हुई। लम्बे समये से बकझक और कहासुनी के बाद शुक्रवार को स्थानीय ऑटो चालकों और सिटी बस के कंडकटर-खलासी के बीच बहस के घटना मारपीट में तब्दील हो गया। पैसेंजर चढ़ाने तथा चौराहों पर वाहन खड़ा होने के लिए आए दिन होने वाला किचकिच शुक्रवार को युद्व क्षेत्र में बदल गया। इस बीच ऑटो चालकों ने सिटी बस के खलासी की जमकर पिटाई कर दी। बस खलासी बूरी तरह घायल हो गया। बाद में पुलिस के हस्तक्षेप के बाद मामला शांत हुआ और घायल खलासी को इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया।

जमीन विवाद में हुई मारपीट को लेकर थाने में हंगामा

रांची, 9 अप्रैल : खेलगांव इलाके में जमीन विवाद में दिनेश नायक की पिटाई से आक्रोशित लोगों ने खेलगांव ओपी में शुक्रवार को जमकर हंगामा किया। स्थानीय लोगों का कहना था कि खेलगांव ओपी की पुलिस जमीन माफियाओं को संरक्षण दे रही है। बताया जाता है कि रांची के खेल गांव इलाके के रहने वाले दिनेश नायक ने अपनी कुछ जमीन राजेंद्र लोहरा नाम के जमीन दलाल के माध्यम से बेची थी। लेकिन जमीन के पूरे पैसे नायक को नहीं मिल पाए थे। इसे लेकर लगातार राजेंद्र लोहरा की तरफ से पैसे देने के लेकर आनाकानी की जा रही थी। दिनेश नायक राजेंद्र से अपने पैसे मांगने के लिए गया हुआ था लेकिन इस दौरान राजेंद्र ने अपने कुछ साथियों को बुलाकर दिनेश नायक को कमरे में बंद कर बेरहमी से मारा। जैसे ही स्थानीय लोगों को घटना की जानकारी मिली कि कुछ लोगों ने दिनेश के साथ मारपीट की है तो वह आक्रोशित हो गए और वे सभी एक साथ मिलकर खेलगांव ओपी पहुंचकर हंगामा करने लगे। हंगामे की सूचना मिलते ही सदर डीएसपी प्रभात बरवार और सदर इंस्पेक्टर वेंकटेश कुमार मौके पर पहुंचे और दोनों ने आक्रोशित बस्ती वालों को समझा-बुझाकर शांत कराया। साथ ही आश्वासन दिया कि जल्द ही आरोपियों की गिरफ्तारी कर ली जाएगी। इसके बाद आक्रोशित लोग शांत हुए और अपने अपने घर गये।

गुरु नानक सेवक जत्था द्वारा टीकाकरण शिविर लगाया गया

रांची, 9 अप्रैल : गुरु नानक सेवक जत्था द्वारा आज गुरु नानक भवन कृष्णा नगर कॉलोनी में कोविड 19 वैक्सीनेशन कैंप लगाया गया। आज 150 लोगों का टीकाकरण हुआ। तीन दिवसीय शिविर का आज समापन हुआ। कुल 443 लोगों का टीकाकरण किया गया। गुरुद्वारा श्री गुरु नानक सत्संग सभा, गुरु नानक भवन कमिटी एवं गुरु नानक सेवक जत्था द्वारा संयुक्त रूप से टीकाकरण शिविर लगाया गया था। मीडिया प्रभारी नरेश पपनेजा ने बताया कि शिविर में कोविड-19 गाइडलाइन का पालन किया गया। प्रवेश द्वार पर ही थर्मल स्कैनिंग और सेनिटाइजेशन के साथ सामाजिक दूरी का पालन किया गया। 60 लोगों के समूह को विभिन्न समयावधि में बुलाया गया था। निबंधन के लिए पांच काउंटर बनाए गए। लोगों को टीकाकरण के बाद आधे घंटे निगरानी में रखा गया। उन्हें जूस, बिस्किट उपलब्ध कराए गए। सदर अस्पताल की टीम की अस्मत फातिमा, सुभास कुमारी, अनिमा तिर्की, विकास कुमार, पूनम कुमारी ने सहयोग किया। शिविर संचालन में अशोक गेरा, नरेश पपनेजा, प्रेम सुखीजा, सूरज झंडई, करण अरोड़ा, अश्विनी सुखीजा, रौनक ग्रोवर,कशिश नागपाल, विशेष काठपाल, जयंत मुंजाल, जीत सिंह, छोटू सिंह, सतविंदर सिंह, गीतांशु तहरी, गीत सचदेवा, वंश डावरा, हृतिक नागपाल,हर्ष अरोड़ा, आदर्श कुमार, हर्षवर्धन ने विशेष भागीदारी निभाई।

विद्यार्थियों के भविष्य का ख्याल रखना जरूरी : आलोक दूबे

रांची, 9 अप्रैल : पासवा के झारखंड इकाई के अध्यक्ष आलोक कुमार दूबे ने कहा है कि कोरोना के हवा में सबसे पहला प्रहार स्कूलों और कॉलेजों पर ही क्यों होता है। स्कूलों के खिलाफ माहौल अलग से तैयार किये जा रहे हैं, जो चिंता का विषय है। उन्होंने कहा कि झारखंड का एजुकेशन सेक्टर बंदी की मार झेलकर तबाही के कगार पर है। स्कूल, कॉलेज, कोचिंग संस्थान सबसे पहले बंद कर दिये जाते हैं। राजधानी रांची समेत धनबाद, जमशेदपुर, हजारीबाग, पलामू, देवघर, बोकारो, संथालपरगना जैसे शहरों के निजी शिक्षण संस्थानों में सन्नाटा पसरा हुआ है। पिछले मार्च से लेकर अब तक लॉकडाउन की मार सबसे ज्यादा निजी शिक्षण संस्थानों पर पड़ी है। कई निजी स्कूल तो बंद हो गये हैं।

पासवा राज्य इकाई के अध्यक्ष ने कहा कि स्कूल, कॉलेज, कोचिंग बंद होने से इससे जुड़े लाखों की आजीविका तबाह हुई है। कोरोना से बचाव बेहद जरूरी है पर जैसे अन्य सेक्टर बचाव करते हुए खुले हैं, वैसे ही सावधानी बरते हुए निजी शिक्षण संस्थानों को चलाने का भी कोई मार्ग निकाला जाना चाहिए,ताकि विद्यार्थियों के भविष्य को बर्बाद होने से बचाया जा सके। उन्होंने कहा कि सरकार, आईएएस अधिकारी और शिक्षाविदों को स्कूल, कॉलेजों एवं बच्चों के पठन पाठन को लेकर गंभीरतापूर्वक मंथन करना चाहिए और कोई रास्ता निकालना चाहिए। वरना बच्चों के लिए लगातार स्कूल का बंद रहना ठीक नहीं हैं।

मोमिन कॉन्फ्रेंस कोर कमिटी की बैठक, तीन सदस्यीय हुए मनोनित

मोमिन कांन्फ्रेंस मधुपुर उपचुनाव में हफीजुल हसन के लिए करेगा प्रचार

छाया : आसिफ

रांची, 9 अप्रैल : शुक्रवार को रांची जिला मोमिन कॉन्फ्रेंस कोर कमिटी की बैठक पुंदाग में कॉन्फ्रेंस के अध्यक्ष शमीम अख्तर आजाद की अध्यक्षता में हुई। कोर कमिटी की बैठक में मोमिन कॉन्फ्रेंस के द्वारा अब तक किये गए कार्यों और सदस्यों के सामाजिक कार्यों की समीक्षा की गई। सामाजिक कार्यों और कमिटी के प्रति निष्ठा के देखते हुए तीन सदस्यों का जिला पदाधिकारी के रूप में मनोनयन किया गया। सर्वसम्मति से नगड़ी के अम्मारुल होदा को जिला उपाध्यक्ष, खलारी के ताजुद्दीन अंसारी एवं रांची के यूसुफ अंसारी जिला सचिव मनोनीत किया गया। बैठक में मधुपुर उपचुनाव को लेकर भी चर्चा किया गया। निर्णय लिया गया कि महागठबंधन के झारखण्ड मुक्ति मोर्चा प्रत्याशी हफीजुल हसन अंसारी की जीत सुनिश्चित करने के लिए मोमिन कॉन्फ्रेंस रांची जिला की एक टीम मधुपुर जाएगी और हफीजुल हसन अंसारी के हक में प्रचार-प्रसार करेगी और हफीजुल हसन अंसारी के हक में वोट करने की जनता से अपील करेगी। बैठक में संगठन की मजबूती पर चर्चा करते हुए भावी कार्ययोजना बनाया गया। बैठक में उपाध्यक्ष अब्दुल्लाह हबीब, अम्मारुल होदा, फिरोज आलम, प्रधान महासचिव मोख्तार अंसारी, महासचिव सह प्रवक्ता जफर इमाम अंसारी, सचिव अब्दुल इमाम अंसारी, युसूफ अंसारी, ताजुद्दीन अंसारी, कोषाध्यक्ष अख्तर हुसैन, मसीहुल्लाह अंसारी व हुसैन अंसारी इत्यादि लोग उपस्थित रहे।

यति नरसिंहानन्द सरस्वती की गिरफ्तारी की मांग, फूंका पूतला

छाया : आसिफ

रांची, 9 अप्रैल : इस्लाम धर्म के पैगम्बर मुहम्मद सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम पर आपतिजनक टिप्पणी करने वाले यति नरसिंहानन्द सरस्वती का आज पुरानी रांची अखड़ा चौक पर सामाजिक कार्यकर्ता एराकी हमजा के नेतृत्व में पुतला दहन किया गया एवं गिरफ्तारी की मांग को लेकर नारेबाजी की गयी। मौके पर सामाजिक कार्यकर्ता एराकी हमजा ने कहा कि लोगों को बरगलाने, हिंसा भड़काने और मुस्लिमों की आस्था के साथ खिलवाड करने के लिए नरसिंहणानंद के विरूद्ध दर्ज प्राथमिकि के अनुसार जल्द से जल्द कानूनी प्रवाधानों के तहत उसकी गिरफ्तारी और कठोर से कठोर सजा दी जाए। मौके पर उपस्थित आमया संगठन केअध्यक्ष एस अली ने बताया कि शिवशक्ति धाम डासना गाजियाबाद यूपी के यति नरसिंहानन्द सरस्वती द्वारा 1 अप्रैल को प्रेस क्लब ऑफ इंडिया दिल्ली में प्रेस कांफ्रेंस कर इस्लाम धर्म के पैगम्बर हजरत मुहम्मद सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम पर आपतिजनक बयान दिया है जो इनके ट्विटर पर पोस्ट है। जिसके कारण भारतीय मुसलमानों की भावना आहत हुई है। इस व्यक्ति ने एवं उनके सहयोगियों ने देश में धार्मिक भावनाओं को भड़काने, घृणा-विद्वेष और संम्प्रदायिकता फैलाने का प्रायस किया है जो भारतीय संविधान और कानून का खुला उल्लंघन है। इस संदर्भ में रांची के कई थानों में प्राथमिकी दर्ज करवाया गया है। वही प्रधानमंत्री, केन्द्रीय गृहमंत्री, केन्द्रीय अल्पसंख्यक कार्य मंत्री, राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग, राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग व दिल्ली पुलिस को पत्र भेजकर आईपीसी की धारा 153, 295, 505-2 एवं आईटी एक्ट की धारा 67 के तहत गिरफ्तार की मांग की गयी है। पुतला दहन में मो. फैयाज, जावेद ओवैसी, मो. तौसीफ, मो. रमजान, सउद आलम, मो. शाहिद, सुहैल अंसारी व बॉबी आदि शामिल थे।

■ किसी को पेट्रोल पंप दिलाने के नाम पर, तो किसी को नौकरी दिलाने के नाम पर की ठगी

पोद्दार ने खूंटी में भी लगाया है करोड़ों का चूना

खूंटी, 9 अप्रैल : किसी को पेट्रोल पंप दिलाने के नाम पर, तो किसी को नौकरी दिलाने के नाम लोगों को करोड़ों रुपये का चूना लगाने वाले निवेश कुमार उर्फ निवेश पोद्दार के कारनामों की फिहरिस्त काफी लंबी है। विभिन्न जिलों में ऐसी ठगी करने वाले इस नटवर लाल को रांची पुलिस ने पिछले दिनों गिरफ्तार किया है।

जानकारी मिली है कि निवेश की सुसराल खूंटी में ही है। इसीका लाभ उठाते हुए खूंटी के कई लोगों को पेट्रोल पंप और नौकरी दिलाने के नाम पर लोगों से एक करोड़ से अधिक राशि की ठगी की है। उसने खूंटी में ठगी के मामले को लगभग डेढ़ वर्ष पूर्व अंजाम दिया था, लेकिन अब तक किसी भी भुक्तभोगी ने उसके विरुद्ध पुलिस के पास मामला दर्ज नहीं कराया है। उक्त नटवरलाल के झांसे में आकर ठगी का शिकार हुए भुक्तभोगियों में से एक ने बताया कि खूंटी के पांच लोगों से उसने पेट्रोल पंप दिलाने का झांसा देकर लगभग एक करोड़ की ठगी की है। इन पांच लोगों में तीन अंगराबारी के और दो खूंटी के हैं। नौकरी दिलाने का झांसा देकर भी उसने लाखों का चूना लगाया है। पिछले वर्ष ठगी के शिकार हुए लोगों ने शहर के मेला टांड़ में स्थित उक्त नटवरलाल की ससुराल में जब हंगामा मचाया थाए तब ठगी का यह मामला सामने आया था।

भुक्तभोगियों ने निवेश पोद्दार के ससुराल वालों पर पैसा वापस कराने का दबाव बनाया। इस पर ससुरालवालों के साथ उक्त नटवरलाल ने मामले को सुलझाने के लिए भुक्तभोगियों से बातचीत की। बातचीत के दौरान पेट्रोल पंप दिलाने के नाम पर जिन पांच लोगों से उसने मोटी रकम की ठगी की थी, उन पांचों ने मिलकर उस पर दबाव बढ़ाया, तो निवेश ने अंगराबारी स्थित 10 डिसमिल जमीन पर नवनिर्मित अपने दो मंजिला पक्के मकान को उनके नाम कर दिया। इस आलीशान मकान का निर्माण निवेश ने अपनी सास के नाम पर खरीदी गई जमीन पर की थी। मकान देने के बाद निवेश ने बाकी राशि को भी देने का आश्वासन दिया था। भुक्तभोगियों ने बताया कि निवेश की ठसक व लाइफस्टाइल से प्रभावित होकर वे उसके झांसे में आ गए। लगभग सभी को उसने किसी न किसी बहाने प्रोजेक्ट भवन बुलाता था। प्रोजेक्ट भवन में किसी वरीय अधिकारी की तरह उसकी ठसक देख लोग उसके झांसे में आ गए थे। वह अपने आप को नीति सलाहकार बताता था और जब भी खूंटी आता, तो हर बार नयी लग्जरी गाड़ियों में आता था। इससे उसका प्रभाव लोगों पर सहज ही पड़ गया। साथ ही खूंटी में ससुराल होने के कारण बगैर किसी जांच व इकरारनामा के लोगों ने उसे मोटी रकम दे दी।

प्रशासन की तानाशाही रवैये पर सरकार ले एक्शन : संतोष सिंह

देशप्राण संवाददाता

रांची, 9 अप्रैल : भारतीय मानवता निर्माण पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष संतोष कुमार सिंह ने कहा कि कोरोना के नाम पर प्रशासन तानाशाही रवैया अपनाये हुए हैं। आमजनों को मास्क के नाम पर बीच चौराहे पर उठा बैठक कराकर अपमानित किया जा रहा है। दूसरी ओर ट्रैफिक पुलिस के द्वारा मोटी रकम मास्क को लेकर वसूली जा रही है। यह कहां का न्याय है। कोरोना संक्रमण के कारण एक ओर लोगों का रोजगार छीनता जा रहा है। लोग किसी तरह अपने परिवारों का भरण पोषण कर रहे हैं। ऐसे हालात में ट्रैफिक पुलिस द्वारा मास्क के नाम पर मोटी रकम की वसूली कहां तक जायज है। प्रशासन को चाहिए कि आमलोगों को कोरोना संक्रमण के प्रति जागरूक करे। झारखंड के लगभग सभी बड़े मंत्री व विधायक मधुपुर विधान सभा के उपचुनाव में प्रचार कर रहे हैं। यहां पर काफी संख्या में भीड़ होती है बावजूद प्रशासन की ओर से कोरोना गाइडलाइन का कोइ पालन नहीं कराया जा रहा है। वहीं, सरकार ने आठ बजे के बाद सभी दुकानों को बंद करने का निर्देश दिया है। जबकि राजधानी समेत अन्य जिलों के सभी दुकानें रात्रि नौ बजे तक स्वतः बंद हो जाती हैं।

संक्षिप्त समाचार

बीडीओ से मिला भाजपा का प्रतिनिधिमंडल

बुढ़मू : ठाकुर गांव भाजपा मंडल का एक प्रतिनिधिमंडल मंडल अध्यक्ष उत्पल शाहदेव के नेतृत्व में प्रखंड विकास पदाधिकारी से मिला। प्रखंड अंतर्गत चल रहे सभी विकास योजनाओं में व्याप्त भ्रष्टाचार को लेकर अंकुश लगाने की बात कही गयी। प्रखंड विकास पदाधिकारी द्वारा प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त करते हुए कार्रवाई करने की बात कही गयी। प्रतिनिधि मडल में सांसद प्रतिनिधि तपेश्वर मिश्रा, बिंटू शाहदेव, जय कुमार कुशवाहा, राज कुमार महतो, सुरजन गोडाइत, बिरसा मुंडा, अशोक सिंह, संतोष यादव, सागर गोप, आनंद महतो समेत दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद थे।

दिनभर बिजली गुल रही, लोग परेशान

मुरी : सिल्ली मुरी एवं आसपास के इलाके में शुक्रवार को दिन भर बिजली गुल रही। विभाग से मिली जानकारी के मुताबिक 33 केवीए के सप्लाई में कुछ काम चल रहा था इसलिए 11 बजे से ही बिजली काट दी गयी थी। विभाग ने मरम्मत के काम के बाद तीन बजे बिजली बहाल करने की बात कही थी लेकिन शाम के छह बजे तक भी बिजली नहीं आयी थी। विभाग के लोगों ने बताया कि जोन्हा इलाके में तेज आंधी व बारिश के कारण फिर से खराबी आ गयी। समाचार लिखे जाने तक बिजली नहीं आयी थी।

ट्रैक्टर एसोसिएशन की बैठक 11 को

मुरी : ट्रैक्टर एसोसिएशन सिल्ली मुरी की एक बैठक रविवार 11 अप्रैल को रामडेरा हिरण पार्क प्रताप तालाब के समीप सुबह 7 बजे रखी गयी है। जिसमें ट्रैक्टर मालिकों की हो रही परेशानियों पर चर्चा की जाएगी। साथ ही एसोसिएशन का पुनर्गठन किया जाएगा। इसकी जानकारी विशाल महतो ने दी।

मारपीट की घटना में महिला घायल, रेफर

मांडर : मारपीट की एक घटना में घायल बंझिला गांव की जदीना खातून 48 वर्ष को शुक्रवार को मांडर रेफरल अस्पताल में प्राथमिक इलाज के बाद रिम्स रेफर किया गया है। बताया जा रहा है कि दिन के करीब ढाई बजे बच्चों के बीच हुयी लड़ाई के बाद गांव के ही कुछ लोगों ने उसे मारपीट कर घायल कर दिया।

7 दिनों के लिए दुकान को किया सील

दुमका: शिकारीपाड़ा प्रखंड के मुख्य बाजार में सोने चांदी के एक दुकान में कोविड-19 नियम का पालन ना करने की वजह से दुकान को 7 दिनों के लिए शिकारीपाड़ा दंडाधिकारी चंद्रदेव किस्कु के आदेश पर सील किया गया। वही दंडाधिकारी चंद्रदेव किस्कु ने बताया कि जिस सोने चांदी की दुकान को 7 दिनों के लिए सील किया गया है। वहां न ही ग्राहक मास्क पहने हुए थे एवं दुकान के मालिक इसलिए दुकान को 7 दिनों के लिए सील किया गया।

ओवरलोड 7 ट्रक व एक बस को किया गया जब्त

दुमका: शिकारीपाड़ा थाना क्षेत्र के दुमका- रामपुरहाट राष्ट्रीय उच्च पथ 114 ए पर झारखंड एवं पश्चिम बंगाल की सीमा लोड़ी पहाड़ी में जिला परिवहन पदाधिकारी शैलेंद्र रजक एवं अंचल अधिकारी राजू कमल ने पुलिस बल के साथ छापेमारी कर क्षमता से अधिक एवं बगैर कागजात के पत्थर एवं पत्थर चिप्स परिवहन करते हुए सात ट्रकों को जब्त कर प्रखंड मैदान में खड़ा करते हुए जब्ती सूची के साथ शिकारीपाड़ा थाना को सुपुर्द कर दिया है। इसके साथ ही ओवरलोडेड पत्थरयुक्त से दुमका चलने वाली पश्चिम बंगाल की लिपिका बस को भी जब्त कर लिया है। जिला परिवहन पदाधिकारी शैलेंद्र रजक ने बताया कि सभी वाहनों को नियमानुसार जुर्माना राशि वसूली के पश्चात मुक्त किया जाएगा।

विधायक ने की जलसंकट से निपटने के लिये अधिकारी व पंचायत प्रतिनिधियों के साथ बैठक

लाभुक समिति गठित करने का निर्देश

बैठक करते हुए सुदेश कुमार महतो

देशप्राण संवाददाता

मुरी, 9 अप्रैल : इलाके में गर्मी के दिनों में लोगों के पास पेयजल सुविधा मुहैया कराने के लिये स्थानीय विधायक सुदेश कुमार महतो ने प्रखंड के सभी पंचायतों में जलमीनार एवं चापानलों के मरम्मत के लिए प्रखंड कार्यालय के सभागार में शुक्रवार को प्रखंड कार्यकारिणी समिति के सदस्यों, पंचायतों के पंचायत कार्यकारिणी समिति के प्रधानों, पंचायत समिति के सदस्यों एवं पंचायत सचिवों के साथ एक बैठक की।

बैठक में विधायक ने सभी पंचायतों में खराब पड़े चापानलों एवं जलमीनारों की समीक्षा की। पंचायत वार सभी पंचायत कार्यकारिणी के प्रधानों एवं सचिवो से खराब पड़े चापानलों की जानकारी ली। विधायक ने कहा कि गर्मी में होने वाले जलसंकट से निबटने के लिये सभी खराब पड़े चापानलों व जलमीनारों की समय से पूर्व मरम्मत किये जाने की आवश्यकता है। इसके लिए सभी पंचायतों में ग्राम सभा करके चापानल निर्माण के लिये लाभुक समिति का गठन करें। समितियों का बैंकों में खाता खोले यह काम सात दिन में हो जाये एवं लाभुक समिति में जिम्मेदार लोग ही हों इसका ख्याल रहे।

विधायक ने दो दिनों के भीतर सभी पंचायतों को उनके क्षेत्र में खराब पड़े जलमिनारों को भी सूचीबद्ध करके बीडीओ को सौंपने का निर्देश दिया। वहीं विधायक ने कहा कि 18 करोड़ की लागत से प्रखंड के 21 गांवों में जून तक घर घर नल से जल पहुंचाने की योजना है। जिससे 3500 परिवार लाभान्वित होंगे। इस दौरान जल संचय पर भी विस्तृत चर्चा करते हुए विधायक ने हर गांव में वृक्षारोपण, तालाब निर्माण एवं पुराने चेक डैम का जीर्णोद्धार कार्य करने की बात कही।

बैठक में जिला कार्यकारिणी समिति के सदस्य गौतम कृष्ण साहू, वीणा देवी प्रखण्ड कार्यकारिणी समिति के सदस्य रेखा देवी, प्रफुल्ल कुम्हार, प्रखंड विकास पदाधिकारी पावन आशीष लकड़ा, पीएचईडी के सहायक अभियंता तिलोस्फर मिंज, कनिया अभियंता प्रभुशंकर राम, बिजली विभाग के कनिया अभियंता स्वामी साव समेत प्रखंड व पंचायत स्तर के कई लोग मौजूद थे।

असंगठित मजदूरों की बैठक

बैठक में उपस्थित असंगठित मजदूर

देशप्राण संवाददाता

डकरा : भूतनगर में असंगठित मजदूरों की बैठक हुई। बैठक में उपस्थित आरसीएमएस एरिया सचिव सह जिप सदस्य अब्दुल्ला अंसारी ने कहा कि एनके एरिया की केडीएच परियोजना में रेक लोडिंग का काम टीसीपीएल कंपनी के द्वारा किया जाता था। जिसका सीसीएल के द्वारा निकाला गया टेंडर वर्तमान में बीकेबी कंपनी को मिल गया है। उन्होंने सीसीएल प्रबंधन से मांग करते हैं हुए कहा कि जो मजदूर पहले से कंपनी में काम कर रहे थे उन सभी मजदूरों को पुनः बीकेबी कंपनी में काम रखना होगा नहीं तो एनके एरिया का काम बंद कर दिया जाएगा।

बैठक में मुख्य रूप से सलामत अंसारी, कामेश्वर तुरी, अफजल अंसारी, मिथुन राणा, अरविंद कुमार, कृष्णा चौधरी, कन्हैया कुमार, सुरेश चौहान, आरिफ खान, खेमलाल यादव, अशरफ अंसारी, इरशाद खान, प्रदीप यादव, राजेश कुमार, शिवा तुरी, परवेज अंसारी आदि असंगठित मजदूर उपस्थित थे।

दो कोरोना मरीज मिले, हड़कंप

देशप्राण संवाददाता

अनगड़ा, 9 अप्रैल : तेजी से बढ़ रहा कोरोना वायरस एक बार फिर गांव तक पहुंचना शुरू हो गया है। शुक्रवार को प्रखंड के कुच्चू पंचायत के बूटगोडा और माइलडीह गांव के दो लोगों मे कोरोना वायरस की पुष्टि की गयी है। बताया जा रहा है कि बूटगोडा गांव का एक युवक हल्के बुखार के कारण रिम्स में इलाज कराने पहुंचा था। जहां पर उसकी कोविड जांच की गयी थी। जबकि माइलडीह गांव में पाये गये मरीज की जांच पीएचसी गोंदली पोखर में की गयी थी। इधर शुक्रवार को दोनों की रिपोर्ट पॉजिटिव आयी है। जिस के बाद स्वास्थ्य विभाग की टीम ने मोर्चा संभाल लिया। दोनों को होम क्वारंटाइन कर दिया गया है।

पॉजिटिव मरीज को होम क्वारंटाइन किया गया।

जनप्रतिनिधियों की ग्रामीणों से अपील

कुच्चू पंचायत की पंसस पंचमी देवी और ग्रामप्रधान बालेश्वर बेदिया ने ग्रामीणों से बेवजह बाहर न निकलने तथा घरों में रहने की अपील की है। बालेश्वर बेदिया ने कहा कि कोरोना वायरस का खतरा अभी टला नहीं है। ग्रामीण प्रशासन द्वारा दिये जा रहे दिशा निर्देशों का शत-प्रतिशत रुप से पालन करें। पंचमी देवी ने कहा कि कोविड-19 का दूसरा फेज ज्यादा खतरनाक है। ग्रामीणों को पहले से कंही ज्यादा सतर्क रहने की आवश्यकता है।

बीएसएल : अग्नि सुरक्षा जागरूकता सप्ताह

अग्निसुरक्षा के टिप्स सीखती एक महिलाकर्मी।

देशप्राण संवाददाता

बोकारो, 9 अप्रैल : बोकारो इस्पात संयंत्र में जारी अग्नि सुरक्षा जागरूकता सप्ताह के तहत 9 अप्रैल को अग्नि शमन सेवाए विभाग द्वारा विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस क्रम में पूर्वाह्न केन्द्रीय विद्यालय-1, सेक्टर-4 में अग्नि सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मुख्य महाप्रबंधक (सीईडी) शालिग्राम सिंह रहे। कार्यक्रम के दौरान महाप्रबंधक (अग्नि शमन सेवाएं) श्री आर शर्मा, सहायक महाप्रबंधक (अग्नि शमन सेवाएं) एसएन मिश्रा, प्रिंसिपल (केन्द्रीय विद्यालय-1) ललित मोहन बिष्ट सहित विद्यालय के अन्य शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित थे। इस अवसर पर शिक्षकों, शिक्षिकाओं, छात्रों एवं छात्राओं को संबोधित करते हुए सिंह ने केन्द्रीय विद्यालय-1 में फायर सेफ्टी के लिए आवश्यक उपकरणों की उपलब्धता एवं मरम्मत पर बल दिया तथा उन्हें अग्नि सुरक्षा के प्रति जागरूक रहने एवं समाज को जागरूक करने का आह्वान किया। श्री शर्मा ने अग्नि सुरक्षा जागरूकता सप्ताह के दौरान आयोजित होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों की की जानकारी दी। श्री मिश्रा ने स्कूलों में अग्नि सुरक्षा के मानकों से अवगत कराया। कार्यक्रम के अंत में अग्नि शमन सेवाएं की टीम ने आग से निपटने एवं अग्निशामक उपकरणों के उपयोग की विधि के बारे में भी बताया।

महिला से अज्ञात लड़कों ने की जेवरात की ठगी

दोनों ठग महिला के घर अपने आप को उजाला साइन पावडर का सेल्स मैन बताकर पहुंचे।

देशप्राण संवाददाता

डकरा : बुकबुका पंचायत स्थित शिवपुरी कॉलोनी में रहने वाली एक घरेलू महिला से शुक्रवार को दो अज्ञात लड़कों ने खुद को सेल्स मैन बताकर एक सोने की चेन और एक सोने की अंगूठी साफ करने के बहाने ठग कर भाग गये। शिवपुरी कॉलोनी में सहारा ऑफिस के ठीक बगल में महिला अपने पति बिनय कुमार सिन्हा और एक बेटी और बेटा के साथ रहती है। घटना के वक्त बिनय कुमार सिन्हा पास में ही अपने शैक्षणिक संस्थान पर गये हुए थे और घर पर दोनों बच्चे ऑनलाइन क्लास कर रहे थे। इसी दौरान सुबह करीब 11 बजे दोनों ठग महिला के घर अपने आप को उजाला साइन पावडर का सेल्स मैन बताकर पहुंचे। उन्होंने पाउडर से जेवर साफ करने की बात कही। जिसके बाद महिला द्वारा पीतल के लोटा को साफ करने के लिए दिया गया। लोटा साफ करने के बाद ठगों ने महिला के गले की चेन और अंगूठी भी साफ करने को मांगी। महिला ने उनकी बातों में आकर चेन और अंगूठी भी साफ करने के लिए दे दिया। इसी बीच महिला अपने बेटे को आवाज देने को घर के अंदर गयी तभी मौका देख कर दोनों ठग वहीं से रफूचक्कर हो गए। जिसके बाद उन दोनो ठगों की काफी खोजबीन की गयी, लेकिन उनका पता नहीं चला। महिला के पति ने बताया कि करीब 60 हजार रुपये के जेवरात ठग अपने साथ लेते गए है। वही उन्होंने इस संबंध में खलारी थाना को एक लिखित शिकायत दी है।

रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड व हाट-बाजार में होगी अब कोरोना जांच

पुलिस बल की मौजूदगी में किया जायेगा टेस्ट

देशप्राण संवाददाता

बोकारो, 9 अप्रैल: बोकारो जिले में कोरोना के लगातार बढ़ते संक्रमण को देखते हुए जिला प्रशासन अब युद्धस्तर पर जांच अभियान शुरू करने जा रहा है। रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड, हाट-बाजार समेत तमाम भीड़भाड़ वाली जगहों पर अब खास तौर से त्वरित जांच की व्यवस्था होगी। रैपिड एंटीजन टेस्ट किट के जरिए उनकी जांच की जाएगी। जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकार (डीडीएमए) एवं जिला समन्वय समिति (कोविड-19) की बैठक के दौरान शुक्रवार को यह फैसला लिया गया। डीसी राजेश सिंह की अध्यक्षता में गोपनीय प्रकोष्ठ में हुई इस बैठक में वर्तमान में कोविड-19 के बढ़ते संक्रमण को हर हाल में काबू पाने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाये जाने पर जोर दिया गया। डीसी ने कहा कि सरकार की ओर से जारी गाइडलाइन का अनुपालन कराना जितना जरूरी है, उससे ज्यादा आमजनों का इसका पालन करना जरूरी है, क्योंकि उनके स्वयं, उनके परिवार की सुरक्षा महत्वपूर्ण है।

कोविड-19 से बचाव हेतु बीएसएल करा रहा सेनिटाइजेशन

बाहर से आने वाले लोगों की जांच पर जोर

बैठक के दौरान डीसी ने सिविल सर्जन तथा जिला परिवहन पदाधिकारी को बस पड़ाव एवं रेलवे स्टेशन पर जांच में गंभीरता लाने को कहा। सभी बस पड़ाव, रेलवे स्टेशन, हाट बाजार तथा बोकारो मॉल में रैपिड एंटीजन टेस्ट से कोविड- 19 का जांच करने को कहा गया है। पुलिस बल की उपस्थिति में ग्राहकों एवं आवश्यकता पड़ने पर दुकानदारों की जांच होगी। बाहर से जिले में आने वाले लोगों का टेस्टिंग, ट्रैकिंग पर जोर दिया गया है। किस स्थल से आ रहे हैं तथा कहां जाएंगे, सभी डेटा संधारित करने का निर्देश दिया गया है।

कोविड केयर सेंटर के लिए बीएसएल देगा स्कूल भवन

कोरोना नियंत्रण की कड़ी में बोकारो स्टील प्लांट की ओर से भी सहयोग का आश्वासन दिया गया है। बीएसएल कोविड केयर सेंटर के लिए विकल्प के रूप में 40 कमरे का एक विद्यालय भवन जिला प्रशासन को उपलब्ध कराएगा। कोविड- 19 से निपटने में बीएसएल जिला प्रशासन के साथ खड़ा है।

खरीदे जाएंगे 60 आक्सीजन बेड

बैठक में 60 ऑक्सीजन बेड क्रय करने की स्वीकृति दी गई वहीं वर्तमान में 40 बेड मौजूद है। सदर अस्पताल की सीसीयू कोविड- 19 के लिए इस्तेमाल किया जाएगा। 5 बेड विकल्प के रूप में उपलब्ध है। कोविड 19 से निपटना प्रशासन का प्रमुख लक्ष्य है।

खबर कोरोना

कस्तूरबा की 7 छात्राएं व बीओआई के दो कर्मी पॉजिटिव

मांडर : कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय मांडर की 7 छात्राएं कोरोना पॉजिटिव मिली हैं। यहां 3 अप्रैल को कैंप लगाकर विद्यालय कर्मियों सहित 137 छात्राओं का कोरोना जांच के लिये सैंपल लिया गया था। प्रखंड चिकित्सा प्रभारी डॉ किशोर कुल्लू ने बताया कि शुक्रवार को 137 छात्राओं का जांच रिपोर्ट प्राप्त हुई। रिपोर्ट में 7 छात्राओं के कोरोना पॉजिटिव होने की पुष्टि की गयी है। चिकित्सा प्रभारी के अनुसार कोरोना पॉजिटिव मिली छात्राओं को हॉस्टल में ही आइसोलेट कर दिया गया है। शनिवार को पुनः बाकी बचे छात्राओं का कोरोना जांच हेतु सैम्पल लिया जायेगा और पूरे परिसर को सेनेटाइज कराया जायेगा। इधर बैंक ऑफ इंडिया की मांडर शाखा में दो कर्मियों के कोरोना पॉजिटिव होने की रिपोर्ट मिलने के बाद शाखा को दो दिनों के लिये सील कर दिया गया है।

पार्षद सहित 50 लोगों ने लगवायी कोरोना वैक्सीन

कोरोना वैक्सीन लगवाती पार्षद गोपाल चौधरी की धर्मपत्नी सुधा चौधरी।

रजरप्पा : सीसीएल रजरप्पा कोयलांचल स्थित सिल्वर जुबली अस्पताल में बनाए गए टीकाकरण केंद्र में निःशुल्क कोरोना टीकाकरण अभियान के तहत शुक्रवार को आसपास क्षेत्र के 50 लोगों को कोरोना का टीका लगाया गया। इस दौरान केंद्रीय अस्पताल रामगढ़ की सिस्टर रीता मिंज द्वारा 50 लोगों को कोरोना का टीका लगाया गया। शिविर के दौरान चितरपुर उत्तरी क्षेत्र के पार्षद गोपाल चौधरी एवं उनकी धर्मपत्नी सुधा चौधरी तथा रजरप्पा कोयलांचल के इंटक नेता हाजी अख्तर आजाद सहित क्षेत्र के कई प्रमुख लोगों ने भी कोरोना वैक्सीन लगवाया। टीकाकरण अभियान में सिल्वर जुबली अस्पताल रजरप्पा के अमित मधई, झलकू महतो, उर्मिला देवी, नवनीता, कश्मीरा और विकास रंजन ने भी पूरा सहयोग किया। इस संबंध में अस्पताल के एरिया मेडिकल ऑफिसर डॉ. आरपी वर्णवाल ने बताया कि आज कोरोना वैक्सीन लेने के लिए रजरप्पा एवं चितरपुर सहित आसपास क्षेत्र के कुल 50 लोगों ने अपना रजिस्ट्रेशन करवाया। जिसमें सभी लोगों को कोरोना वैक्सीनेशन का पहला डोज दिया गया। डॉ. आरपी वर्णवाल ने बताया कि सिल्वर जुबली अस्पताल में बनाए गए टीकाकरण केंद्र में अबतक कुल 650 लोगों को कोरोना वैक्सीन लगाया जा चुका है। इधर, सिल्वर जुबली अस्पताल में कोरोना जांच शिविर का भी आयोजन हुआ। जिसमें सदर अस्पताल की सिस्टर शबनम खातून, बबीता कुमारी और नागेश्वर कुमार द्वारा 24 लोगों की कोरोना जांच कर सैम्पल लिया गया।

50 लोगों की कोरोना जांच, 70 ने लगवाये वैक्सीन

रजरप्पा : चितरपुर प्रखंड अंतर्गत मायल स्थित सामुदायिक भवन में शुक्रवार को विशेष कोरोना जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान सीएचओ सलोमी कुजुर, एएनएम अमिता कुजूर, गंगोत्री होरो, अनिता कुमारी और ड्रेसर अरविंद कुमार द्वारा आसपास क्षेत्र के कुल 50 लोगों की कोरोना जांच कर उनका सैंपल लिया गया। शिविर में नोडल पदाधिकारी के रूप में उपस्थित प्रभारी प्रखंड कृषि पदाधिकारी अनिल कुमार महतो ने बताया कि आज आयोजित शिविर के दौरान आरटीपीसीआर किट के माध्यम से कुल 50 लोगों की कोरोना जांच की गई। शिविर के दौरान स्वास्थ्य कर्मियों के साथ पंचायत सचिव सिकंदर अंसारी, ग्राम रोजगार सेवक रूपेश कुमार, शिक्षक संजय महतो, कामेश्वर महतो, सहिया साथी सुनीता देवी, सुलेखा देवी एवं सुनीता पोद्दार ने भी पूरा सहयोग किया। जांच शिविर के साथ ही यहां क्षेत्र के कुल 70 लोगों को कोरोना वैक्सीन भी लगायी गयी।

शोकाकुल परिवार से मिल बंधाया ढाढ़स

रजरप्पा : कुंदरूकलां पंचायत के लोधमा गांव निवासी सिकंदर बेदिया के पिता प्रीतम बेदिया का कुछ दिनों पूर्व निधन हो गया था। उनके श्राद्ध कार्य के लिए कुंदरूकलां पंचायत की मुखिया शीला देवी द्वारा खाद्य सामग्रियां देकर शोकाकुल परिवार को सहयोग किया गया। इस क्रम में समाजसेवी सह मुखिया प्रतिनिधि किशुनराम मुंडा ने मुखिया शीला देवी की ओर से शुक्रवार को शोकाकुल परिवार को दशकर्मा के लिए 50 किलो आटा, 1 टीना रिफाइंड तेल, 50 किलो चूड़ा देकर श्राद्ध कार्य के लिए सहयोग किया। उन्होंने कहा कि पंचायत क्षेत्र के लोगों के हर सुख-दुख में साथ रहना हमारी पहली प्राथमिकता है। आर्थिक रूप से कमजोर लोगों को सहयोग करना सबसे बड़ा पुण्य का काम है। आगे भी मुखिया शीला देवी द्वारा लोगों के हर सुख-दुख में पूरा सहयोग किया जाएगा। इस अवसर पर दिलीप यादव, गोपाल यादव, बच्चन बेदिया, जतन बेदिया, अजीत यादव, शैलेंद्र गोप, कैला गोप, अनूप यादव, नागेश्वर, विनोद सहित गांव के कई लोग उपस्थित थे।

दुमका में चार साइबर अपराधी पुलिस के हत्थे चढ़े

देशप्राण संवाददाता

दुमका: पुलिस अधीक्षक अंबर लकड़ा के निर्देश पर पुलिस ने गुरुवार की रात रामगढ़ थानाक्षेत्र के अमड़ापहाड़ी गांव से तीन व दोलामोड़ से एक साईबर अपराधी को हिरासत में लिया है। जामा थाना की पुलिस ने करीब एक माह पूर्व कुछ युवक को साइबर अपराध में पकड़ा था। पूछताछ में पता चला कि देवघर जिला के सोनारायठाढ़ी प्रखंड के चंदना गांव का विजय कुमार मंडल, अमड़ापहाड़ी गांव का मिठु कुमार मंडल, गौतम कुमार मंडल व दोलो मोड़ का सोनू मंडल साइबर अपराध करते हैं। जामा थाना की पुलिस कई बार विजय को पकड़ने उसके गांव चंदना गई लेकिन वह गांव से फरार हो गया। वरीय पदाधिकारी को पता चला कि विजय कुमार मंडल रामगढ़ के अमड़ापहाड़ी में शरण लिए हुए है और अमड़ापहाड़ी गांव के अन्य युवक के साथ मिलकर साइबर अपराध कर रहा है। एसपी ने थाना प्रभारी को सभी को पकड़ने का निर्देश दिया। गुरुवार की दोपहर थाना प्रभारी रूपेश कुमार एवं अवर निरीक्षक संतोष कुमार पुलिस बल के साथ अमड़ापहाड़ी की ओर जा रहे थे। जोरडीहा मोड़ के पहले मुख्य सड़क से अंदर खेत के पास चारों युवक अपाची एवं एक अन्य बाइक के साथ खड़े थे। पुलिस को देखकर सभी भागने लगे। पुलिस ने काफी दूर तक पीछा किया तो दोनों बाइक को छोड़कर भागने में सफल रहे। बाइक को जब्त कर थाना ले आई। गुरुवार की रात फिर छापेमारी कर पुलिस ने सभी को धर दबोचा। एक आरोपित कई भाषा में बातचीत करने में माहिर है। चारों युवक को छुड़ाने के लिए दिनभर रामगढ़ थाना में कई लोगों सुबह से पैरवी लगाते रहे। थाना प्रभारी ने वरीय पदाधिकारी का हवाला देते हुए युवकों को छोड़ने से मना कर दिया। थाना प्रभारी रूपेश कुमार ने बताया कि वरीय पदाधिकारी के निर्देश पर चारों युवक को साइबर अपराध के आरोप में हिरासत में लेकर साइबर पुलिस उपाधीक्षक के सुपुर्द कर दिया गया है। सूत्रों की मानें तो रामगढ़ के दर्जनों युवक साइबर अपराध में कदम रख चुके हैं। ये लोग प्रतिदिन लैपटॉप से लोगों को निशाना बनाते रहते हैं।

मध्यवर्ग को चाहिए राहत

कोविड-19 की आर्थिक चोट वैसे तो पूरी दुनिया के हर सेक्टर पर पड़ी है, लेकिन मध्यवर्ग की स्थिति अब बदहाली की ओर जा रही है। एक वर्ष से नौकरी, महंगाई और गृहस्थी चलाने के संकट से जूझ रहे मध्यवर्ग के जीवन की राह काफी कठिन होती जा रही है। भारत में केन्द्र एवं राज्य सरकारों ने कोरोना काल में गरीबों के लिए कई योजनाएं चलायीं, कई राहत शिविर चलाये गये, साथ ही कई अन्य कल्याणकारी योजनाएं पूर्व से भी चलती आ रही हैं, जिनसे इन्हें काफी राहत मिलती है, लेकिन मध्यवर्ग का संकट अब सबसे बड़ा होता जा रहा है।

अमेरिका के प्यू रिसर्च की एक रिपोर्ट आयी, जो देश के मध्यवर्ग के लोगों की चिंता बढ़ाने वाली है। उस रिपोर्ट में है कि भारत में कोरोना काल में मध्यवर्ग की संख्या करीब तीन करोड़ कम हो गयी है। कोरोना काल से पहले भारत में मध्यवर्ग के लोगों की संख्या 9.9 करोड़ थी, जो अब एक वर्ष बाद 6.6 करोड़ रह गयी है। इस एजेंसी ने उन लोगों पर सर्वे किया है, जो 700 से 1500 रुपये प्रतिदिन की दर से कमाते हैं। एजेंसी ने अन्य देशों का भी सर्वे किया है, जिसमें कहा गया है कि चीन में इस दौरान मध्य वर्ग के लोगों की संख्या में एक करोड़ की कमी आयी है। यह जो कमी आयी है, उससे सीधे तौर पर गरीबों की संख्या बढ़ी है। अर्थात भारत के 3.3 करोड़ लोग एक वर्ष में मध्य वर्ग से गरीबों की श्रेणी में शामिल हो चुके हैं। अब इनकी हालत यह है कि ये कर्ज के बोझ तले दबते चले जा रहे हैं। स्कूल फीस कम नहीं हुई, चिकित्सा खर्च वही है और इस एक वर्ष में महंगाई बढ़ी है, जिससे गृहस्थी चलाने का खर्च बढ़ा है। सामाजिक सुरक्षा का लाभ नहीं मिलने वालों की दिक्कतें बढ़ती ही जा रही हैं।

डिजिटाइजेशन ने देश में मध्यवर्ग की परेशानी और बढ़ा दी है। कोरोना काल में वर्क फ्रॉम होम के अलावा कई डिजिटल तकनीकी अपनाने के कारण निजी सेक्टर ने अपने मानव संसाधन में कमी की है। इस कारण मध्य वर्ग की एक बड़ी आबादी बेरोजगारी के संकट से गुजर रही है। ऐसा नहीं है कि यह आबादी अपनी परेशानियों से सिर्फ स्वयं के परिवार को प्रभावित कर रही है, बल्कि इसके कारण भारतीय अर्थव्यवस्था सीधे प्रभावित हो रही है। इसी आबादी के गरीब होने से भारत की सामाजिक और आर्थिक चुनौतियां सामने आ रही हैं। कोरोना की पहली लहर का यह परिणाम है और अब दूसरी लहर 2020 की तुलना में न सिर्फ ज्यादा तेज गति से बढ़ रही है, बल्कि ज्यादा खतरनाक भी नजर आ रही है। इस स्थिति में मध्य वर्ग पर पड़ने वाली चोट ज्यादा दुखदायी हो सकती है। यह वर्ग अपनी सामाजिक प्रतिष्ठा के लिए न सिर्फ कड़ी मेहनत करता है, बल्कि होम लोन, वाहन लोन आदि लेकर बाजार को भी संचालित करता है।

इसलिए जरूरी है कि केन्द्र सरकार मध्यवर्ग को राहत देने के लिए योजनाओं की घोषणा करे। मध्य वर्ग को रोजगार से जोड़े रखने एवं उसकी क्रय शक्ति को बढ़ाने के लिए वर्तमान में कई प्रोत्साहन योजनाओं की जरूरत है। इन्हीं योजनाओं से देश की अर्थव्यवस्था को भी गति मिलेगी।

कोरोना से डरना और लड़ना दोनों जरूरी

ऋतुपर्ण दवे

कोरोना घातक है, पता है। कोरोना जानलेवा है, पता है। कोरोना पास-पास रहने से फैलता है, यह भी पता है। कोरोना की कोई दवा नहीं जो फौरन फायदा पहुंचाए, पता है। कोरोना से बचाव मास्क और सोशल डिस्टेंसिंग ही है, यह भी पता है! हर बार कोरोना नये-नये रूप में हमारे शरीर पर अटैक करता है, पता है। कहीं कोई मर गया तो उसकी लाश पॉलीथिन में पैक होकर मिलती है और सीधे श्मशान या कब्रिस्तान भिजवाई जाती है, यह भी पता है। जब सब पता है तो यह क्यों नहीं पता है कि मास्क लगाना ही अपनी सुरक्षा है। बस यही वो सवाल है जिसका न तो लोग सही जवाब दे पाते हैं और न ही खंडन कर पाते हैं।

कोरोना के लेकर सारे सच सामने हैं, तस्वीरें गवाही दे रही हैं। आंकड़े सच से सामना करा रहे हैं और हम हैं कि जानते हुए भी मानते नहीं। मेरा नहीं, देश का नहीं, दुनिया का नहीं, इनसानियत का सवाल है कोरोना को मात देना है या नहीं?

यही कारण है कि कोरोना के बारे में सब कुछ जानकर भी लोग अनजान बन 'आ बैल मुझे मार' वाली स्थिति खुद ही निर्मित कर रहे हैं।

लोग अब भी समझने को तैयार नहीं

दरअसल, इसके पीछे की सच्चाई यह है कि लंबे लॉकडाउन और कोरोना की पहली लहर के दौरान बेबसी का आलम झेल चुके लोग न तो कुछ समझ पाने की स्थिति में हैं और न ही कोई उन्हें सही-सही समझा पाने की स्थिति में है। कोरोना को लेकर इतने तर्क और कुतर्क हो चुके हैं कि सच में इससे संक्रमण को ही बढ़ावा मिला है वरना काफी हद इस पर भारत ने काबू पा लिया था। इस सच्चाई को भले देर से ही सही लोग मानने लगे हैं कि भारत में सही समय पर लॉकडाउन का लिया गया फैसला ही वह वजह थी जो कोरोना तब पैर पसारते-पसारते रह गया। बस चूक यहीं हुई कि एक तो एकदम से लॉकडाउन लगा और प्रवासी कामगार दूरदराज से काफी तकलीफों से लौट पाये वहीं अनलॉक होते ही वह ढिलाई हुई कि कोरोना ने दोबारा पूरी ताकत और चुनौती के साथ मात दे दी। अब जिस तेजी से लाख से सवा लाख और जल्द ही इससे भी ज्यादा मामले रोजाना आने शुरू हो गये हैं उससे स्थिति की विकटता का अंदाजा लगाया जा सकता है।

फिर बनी पलायन जैसी स्थिति

अप्रैल के दूसरे हफ्ते से देश में बन रहे नये-नये रिकॉर्ड के बाद भी यदि आंखें नहीं खुलीं तो कोई संदेह नहीं कि हम खुद महामारी को दावत दे रहे हैं। हो सकता है कि लोग समझ रहे हों कि कहीं एकबार फिर संपूर्ण लॉकडाउन जैसी स्थिति बन रही है। बीते दो-चार दिनों से देश के महानगरों से प्रवासी कामगारों के तेजी से घर वापसी भी हो रही है। यह उनकी समझदारी कहें या विवशता या नियोक्ताओं की हिदायत, इतना तो उन्हें समझ आ ही रहा है कि जान है तो जहान है। शायद इसीलिए पलायन जैसी स्थिति फिर बननी शुरू हो गई है। आंकड़े बताते हैं कि देश में महाराष्ट्र, पंजाब, दिल्ली, छत्तीसगढ़, कर्नाटक, गुजरात, उत्तर प्रदेश, तामिलनाडु, मध्य प्रदेश, राजस्थान यानी आधे से भी ज्यादा हिस्सों में कोरोना संक्रमण जाहिर तौर पर तो शेष में गुपचुप फैल रहा है। दो राय नहीं कि पूरा देश ही इसकी जबरदस्त चपेट में है। ऐसे में सतर्कता के साथ वैक्सीन को लेकर भी लोगों को सारे भ्रम तोड़ने होंगे और वैक्सीनेशन के लिए आगे आना होगा। भारत में वैक्सीनेशन का प्रतिशत संतोषजनक कहा जा सकता है, लेकिन बीच-बीच में कई जगह से वैक्सीन खत्म होने की आती हकीकत थोड़ी चिन्ता पैदा करने वाली है। जाहिर है 130

करोड़ की आबादी में 45 वर्ष से ऊपर के लोगों का प्रतिशत भी अच्छा खासा है और सबके लिए व्यवस्था बड़ी चुनौती है। सरकार निश्चित रूप से वैक्सीन को लेकर न केवल सजग है, बल्कि चिन्तित है जो हमारे देश के लिए सुकून की बात है। वैक्सीनेशन से शरीर में प्रतिरोधक क्षमता विकसित होने के दावे भी भरोसेमंद हैं। बस मास्क उतार फेंकना ही भारी पड़ गया। अब आगे ऐसा न हो इस पर एकमत जरूरी है।

लॉकडाउन कोरोना रोकने का विकल्प?

दबी जुबान ही सही यह कहा जाने लगा है कि लॉकडाउन ही कोरोना को फैलने से रोकने का वह विकल्प था और अब भी है जिसने पहली लहर को रोके रखा। हो सकता है पुरानी सख्ती या कई तरह के हादसों के बाद इतना कड़ा फैसला ले पाने से केन्द्र बच रहा हो और राज्यों पर छोड़ रहा है। राज्य जिला प्रशासन पर छोड़ एक तरह से खुद को बरी कर रहे हैं, लेकिन इससे संक्रमण थमने वाला नहीं, क्योंकि काबू आया कोरोना खुद कई चरणों में अनलॉक के दौरान चेहरे से मास्क हटते ही ऐसे मुक्त हो गया जैसा कोरोना गया। लेकिन वही उतरा मास्क अब और गुल खिला रहा है। कोरोना के नित नए रूप या अटैक की तासीर को देखते हुए यह तो समझ आ गया कि मास्क ने ही कई लोगों को बचाया लेकिन उसके बाद भी मास्क न पहनना किसी बहादुरी का परिचय नहीं है। यह हालात सिर्फ भारत में ही नहीं दुनिया में कई जगह दिखे। कई देशों में तो मास्क और लॉकडाउन हटाने को लेकर आन्दोलन भी हुए। लेकिन जब कोरोना की कहीं दूसरी, कहीं तीसरी तो कहीं और भी अगली लहर ने कहर बरपाया तो वापस लॉकडाउन ने ही स्थिति को संभाला। सच तो यह है कि लॉकडाउन को लेकर एक केन्द्रीकृत निर्णय हो जो पूरे देश में समानता से लागू हो। राज्य, जिले, नगर के लिए अलग फैसलों में जहाँ लोगों को असहजता दिखती है वहीं हवा के जरिए फैलने वाले संक्रमण के लिए रात-दिन के अलग-अलग फैसले मजाक से लगने लगते हैं। अब वजह जो भी हो नहीं मालूम लेकिन कोरोना को लेकर वन नेशन वन डायरेक्शन जैसा फैसला ही हो जिससे इसे काबू किया जा सके।

इसी बीच तेजी से बढ़ते मामले और बीते शुक्रवार को देश में अब तक के सर्वाधिक 1,31,968 आये कोरोना मामले चिन्ताजनक हैं। संख्या निश्चित रूप से कहीं ज्यादा ही होगी, क्योंकि देखने में आ रहा है कि कई लोग जांच से भी कतराने लगे हैं। ऐसे में कैसे कोरोना को मात दे पाएंगे? देशभर में तमाम अस्पतालों की कोरोना मरीजों के बढ़ने से दबाव में दिख रही तस्वीरें किसी से छुपी नहीं है। महाराष्ट्र के बीड जिले के अम्बाजोगई से सामने आई एक तस्वीर ने न केवल बेहद चौंका दिया, बल्कि कोरोना के खौफ से वाकिफ भी करा दिया, जहां नगर के श्मशान में लोगों ने अंतिम-संस्कार का विरोध किया तो दो किमी दूर एक अस्थाई श्मशान में एक ही चिता पर कोरोना से मृत आठ लोगों के शवों का मजबूरन एक साथ अंतिम-संस्कार किया गया। कोरोना के लेकर सारे सच सामने हैं, तस्वीरें गवाही दे रही हैं। आंकड़े सच से सामना करा रहे हैं और हम हैं कि जानते हुए भी मानते नहीं। मेरा नहीं, देश का नहीं, दुनिया का नहीं, इनसानियत का सवाल है कोरोना को मात देना है या नहीं? तो फिर कोरना को देना है मात तो पहनें मास्क और बनाएं आपसी दूरी दो हाथ।

(लेखक स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)

प्रेरक प्रसंग

चिड़ियाघर का ऊंट

एक ऊंटनी और उसका बच्चा एक पेड़ के नीचे आराम कर रहे थे। बच्चे ने पूछा, 'माँ, हम ऊंटों का ये कूबड़ क्यों निकला रहता है?'

'बेटा, हम लोग रेगिस्तान के जानवर हैं, ऐसी जगहों पर खाना-पानी कम होता है, इसलिए भगवान ने हमें अधिक से अधिक फैट स्टोर करने के लिए ये कूबड़ दिया है। जब भी हमें खाना या पानी नहीं मिलता हम इसमें मौजूद फैट का इस्तेमाल कर खुद को जिंदा रख सकते हैं।' ऊंटनी ने उत्तर दिया।

बच्चा कुछ देर सोचता रहा फिर बोला, 'अच्छा, हमारे पैर लम्बे और पंजे गोल क्यों हैं?'

'इस तरह का आकार हम ऊंटों को रेत में आराम से लम्बी दूरी तय करने में मदद करता है, इसलिए।' माँ ने समझाया।

बच्चा फिर कुछ देर सोचता रहा और बोला, 'अच्छा मां, ये बताओ कि हमारी पलकें इतनी घनी और लम्बी क्यों होती हैं?'

'ताकि जब तेज हवाओं के कारण रेत उड़े तो वो हमारी आंखों के अन्दर ना जा सके।' मां मुस्कुराते हुए बोली।

बच्चा थोड़ी देर चुप रहा फिर बोला, 'अच्छा तो ये कूबड़ फैट स्टोर करने के लिए है, लम्बे पैर रेगिस्तान में तेजी से बिना थके चलने के लिए हैं, पलकें रेत से बचाने के लिए हैं, लेकिन तब हम इस चिड़ियाघर में क्या कर रहे हैं?'

दोस्तो, यही सवाल हमें खुद से पूछना चाहिए। ईश्वर ने हर एक इनसान को यूनिक बनाया है। हर व्यक्ति में इतना ऊर्जावान है कि वह कुछ बड़ा, कुछ महान कर सकता है। लेकिन ज्यादातर लोग चिड़ियाघर का ऊंट बन जाते हैं। अपने अन्दर मौजूद अपार काबिलियत का प्रयोग ही नहीं करते। बेजुबान जानवर तो मजबूर है, लेकिन एक इनसान होने के नाते हमें मजबूर नहीं मजबूत बनाना चाहिए और अपने अन्दर के टैलेंट को पहचान कर अपनी बेस्ट लाइफ जीने की हर कोशिश करनी चाहिए।

आतंकवादियों से ज्यादा खतरनाक माओवादी

उपेंद्रनाथ राय

छत्तीसगढ़ का जिला उत्तर बस्तर (कांकेर)। बात मार्च 2015 की है। पुलिस को सूचना मिली कि कोटरी नदी के उस पार आलदंड की तरफ माओवादी अड्डा जमाये हैं। उसमें एलओएस और एरिया कमांड के कमांडर भी हैं। पुलिस ने रात को घेराबंदी की योजना बनायी। उस समय जितेन्द्र सिंह मीणा एसपी थे। माओवाद क्षेत्र के बारे में उनकी जानकारी के बारे में इसी से अंदाजा लगा सकते हैं कि वह नक्शे में भी बता देते थे कि यहां गड्ढा है और यहां से हम आसानी से प्रवेश कर सकते हैं। हर चीज जुबान पर थी। पुलिस ने रात को घेराबंदी शुरू की, लेकिन पुलिस की सूचना में कुछ हेर-फेर हो गया। पुलिस की जानकारी माओवादियों के कोटरी नदी के उस पार रहने की थी और माओवादियों को भी पुलिस के आने की खबर लगने के कारण वे इस पार छोटे बेटिया साइड में ही आ गये थे। पुलिस इस पार के लिए तैयार नहीं थी और माओवादियों ने ताबड़तोड़ गोलियां चलानी शुरू कर दीं। उसमें बैजू राम पोटाई शहीद हो गये। पुलिस बैकफुट पर आ गयी।

एक दूसरी घटना। कांकेर का ही कोरर इलाका माओवादियों के लिए मुफीद जगह माना जाता है। केन्द्रीय फोर्स के उच्चस्तरीय अधिकारी बताने लगे कि वहां के जंगल में चार जनवरी, 2016 को माओवादियों के ठहरने की सूचना मिली। रात को फोर्स ने सर्चिंग अभियान चलाने का फैसला लिया। जंगल में ही आग जलाकर कुछ बच्चे बैठे थे। जवान उन्हें बच्चा समझकर आगे बढ़ गये। पूरा सर्चिंग अभियान चला, लेकिन कोई माओवादी नहीं मिला। तीन दिनों बाद पता चला कि उन्हीं बच्चों को

माओवादियों ने सूचना के लिये लगा रखा था और जवानों के आते ही माओवादियों को जानकारी हो गयी और वे रफ्फूचक्कर हो गये।

आमने-सामने की लड़ाई फितरत नहीं

माओवादी आतंकवादियों से ज्यादा खतरनाक हैं, क्योंकि ये आमने-सामने की लड़ाई कभी नहीं लड़ते। इनकी हिम्मत भी नहीं हैं, क्योंकि ये कायर होते हैं। ये लोग जहां भी कमजोर देखते हैं, हमला कर देते हैं और भारी पड़ा देख भाग खड़े होते हैं।

यदि संक्षेप में खतरे का आकलन किया जाये तो माओवादी आतंकवादियों से ज्यादा खतरनाक हैं, क्योंकि ये आमने-सामने की लड़ाई कभी नहीं लड़ते। इनकी हिम्मत भी नहीं हैं, क्योंकि ये कायर होते हैं। ये लोग जहां भी कमजोर देखते हैं, हमला कर देते हैं और भारी पड़ा देख भाग खड़े होते हैं। बीजापुर में हमारे दो दर्जन जवानों की शहादत भी कांकेर के छोटे बेठिया मॉडल में हुई है। जैसा कि अभी तक जानकारी मिल रही है। उसमें केन्द्रीय फोर्स को ड्रोन कैमरे और अपने सूचना तंत्र से जहां माओवादियों के ठहरने की सूचना थी। वह गलत निकली।

नक्सली चालों को मिले उचित प्रशिक्षण

सवाल इस बात का है कि हमारे केन्द्रीय फोर्स हो या स्थानीय जवान, उन्हें वहां भेजने से पहले माओवादियों द्वारा की जाने वाली जघन्य घटनाओं और उनकी शातिराना चाल के बारे में विस्तृत रूप से बताया क्यों नहीं जाता? हर अधिकारी व जवान को वहां भेजने से पहले माओवादियों द्वारा किये जा रहे कायराना हमले के बारे में विस्तार से शिक्षित किया जाना चाहिए। इससे जवानों को उनके द्वारा की जा रही कार्रवाई का आकलन हो सकेगा। कहा भी जाता है कि भूत की गलतियों से वर्तमान को सुधारते हुए भविष्य में आगे बढ़ने की कल्पना अच्छी होती है, लेकिन ऐसा होता वहां दिख नहीं रहा है।

आमजन और माओवादियों के संबंधों में आमजन लाचार हैं। सबकुछ जानते हुए भी वे माओवादियों के मुखबिर बन जाते हैं। कई बार तो सरकार के मुखबिर ही उनके लिए भी सूचना पहुंचा देते हैं। बस्तर में पुलिस अधिकांशतः जो माओवादी आत्मसमर्पण कर चुके होते हैं, उन्हें ही डीआरजी में रखते हैं। ऐसे में कुछ का संबंध माओवादियों से भी होना लाजिमी है। दबाव वश वे पुलिस को सूचना के साथ माओवादियों को भी सूचित कर देते हैं, जिससे ऐसी घटनाएं हो जाती हैं।

(लेखक, हिन्दुस्थान समाचार से संबद्ध हैं।)

लोक संवाद

सुधर जायें लोग

कोरोना का भय अब आम लोगों में नहीं है। इसी कारण संक्रमण तेजी से फैल रहा है। बार-बार समझाने के बाद भी लोग सुधर नहीं रहे हैं। विवश होकर सरकार को सख्ती करनी पड़ रही है। ताज्जुब इस बात का है कि पुलिस के डंडे से लोगों को वही बात समझ में आ रही है, जो समझाने से समझ में नहीं आ रही है। सड़कों पर जांच होने के भय से लोग हेलमेट व फेस मास्क लगा रहे हैं, लेकिन अपनी सुरक्षा के लिए स्वयं से वही काम नहीं कर रहे हैं। यदि लोग अपने-आप से सुधर जायें, तो प्रशासन को सख्ती की जरूरत ही नहीं पड़ेगी।

प्रमोद सिंह, गुमला

पाठकगण अपने विचार contact@deshpran.com अथवा देशप्राण, 3-4, तारा टावर, रेडियम रोड, कचहरी चौक, रांची, झारखंड - 834001 पर भेज सकते हैं।

अध्यात्म

धर्म और धैर्य

हमारा जोर वीणा को बजाने के नियम जानने व समझने पर नहीं; हमारा जोर वीणा को बजाने पर नहीं, उसे मात्र सजाने संवारने पर है। हमारा जोर देहभाव से उठकर आत्मभाव में स्थिर होने पर नहीं, बल्कि हमारा जोर तो इंद्रियों को दासता में डूबे रहने पर है, उनसे बाहर निकल आने पर नहीं। हमारा जोर मन की लहरों को मारने मिटाने पर नहीं, बल्कि उन्हें आश्रय और प्रश्रय देने पर है। हमारा जोर चित्त को संस्कारों से मुक्त करने पर नहीं, वरन उसे नित नये कर्म-संस्कारों से भरने पर है। हमारा जोर ध्यान की गहन गहराई में उतरकर बुद्धत्व की प्राप्ति पर नहीं, वरन नित्य भौतिकता की चकाचौंध में और भी अधिक गहरे में डूबते जाने पर है। हमारा जोर आत्मज्ञान व ब्रह्मज्ञान पाने पर नहीं, वरन अज्ञानता के प्रवाह में बहते जाने पर है। जो जप, तप, योग, ध्यान आदि के माध्यम से इस अज्ञानता के प्रवाह से बाहर निकल आये, देहभाव से निकलकर आत्मभाव में स्थिर हो गये वे लोग इसी मानव शरीर में रहते हुए बुद्ध बन गये, विवेकानंद बन गए। अगर चाहें तो हम भी उस परम स्थिति को, आनंद की, परमानंद की, ब्रह्मानंद की स्थिति को प्राप्त हो सकते हैं युगऋषि परमपूज्य गुरुदेव पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य जी के शब्दों में कहें तो यही जीवन देवता की साधना है, आराधना है।

यदि हम जीवन की वीणा को बजाना सचमुच सीख गए तो जिस जीवन से अब तक वासना की दुर्गंध आती रही, उसी जीवन से ही समाधि की सुगंध आने लग सकती है। उस जीवन में ही समाधि के फूल खिल सकते हैं और पूरा जीवन उसकी ब्राह्मी खुशबू से महक सकता है। जिस जीवन में अब तक दुःख, उदासी, निराशा और अशांति का साम्राज्य रहा है, उस जीवन में ही ध्यान की गहन गहराई में उतर आने पर ऐसी परम शांति प्राप्त हो सकेगी, जो कभी भी खंडित न हो सकेगी। जिसे चलते-फिरते, सोते-जागते, उठते-बैठते, खाते-पीते, हर समय में, हर स्थिति में महसूस किया जा सकेगा। हमारे जीवन में भी सर्वदा वही परम शांति हो सकेगी, जैसी बुद्धपुरुषों के जीवन में होती रही है। **(समाप्त)**

साभार : प्रभा साक्षी

आपने कहा

देश की रिकवरी दर कम हो गई है। हमारी रिकवरी दर पिछले 2-3 महीनों में 96-97 प्रतिशत थी, अब घटकर 91.22 प्रतिशत हो गई है। मृत्यु दर में कमी जारी है। अभी यह 1.28 प्रतिशत पर है।

डॉ. हर्षवर्द्धन (केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री)

सोशल मीडिया

बुझती ज्योति को सतेज किया

राजेश पाठक

बाबा साहब अम्बेडकर के जीवन में संयोग से ब्राह्मणों की बड़ी भूमिका रही। समाज सुधारक कृष्णा अर्जुन कैलुस्कर, आचार्य पेंडसे, बेरिस्टर समर्थ, डॉ मुंजे जैसे ब्राह्मणों के साथ उनके आत्मीय प्रेम और परस्पर सहयोग के किस्से उनके जीवन से जुड़ी पुस्तकों में खूब देखे जा सकते हैं। इनके साथ-साथ उनके जीवन के उतरार्द्ध में पत्नी के रूप में आयीं डॉ शारदा कबीर भी ब्राह्मण थीं। हुआ यूं कि अपनी पहली पत्नी के निधन के बाद बाबासाहब अम्बेडकर कुछ ज्यादा ही अस्वस्थ रहने लगे थे। उन्हें तंत्रिकाताप, संधिवात, मधुमेह, हृदय विकार आदि रोगों से उत्पन्न कष्ट निरंतर घेरे रहते थे। स्थिति ज्यादा गंभीर होने पर अंततः उन्हें मुंबई के डॉ. मावलंकर के चिकित्सालय में भर्ती कराया गया, पर मिलने आने वालों की अधिकता के कारण उनकी सारी चिकित्सा व्यवस्था घर में ही की गयी।

अब बाबासाहब की देखभाल की जिम्मेदारी एक चिकित्सक के रूप में जिनको मिली, वह थीं एमबीबीएस डॉक्टर शारदा कबीर। शारदा कबीर का जन्म मुंबई में एक सारस्वत ब्राह्मण परिवार में हुआ था। उनकी महाविद्यालयीन चिकित्सा-शिक्षा पुणे के ग्रांट मेडिकल कॉलेज में हुई थी। वैसे तो बाबा साहब ने दूसरा विवाह न करने की प्रतिज्ञा कर रखी थी, लेकिन जिस आत्मीय प्रेम व समर्पण भाव से डॉ शारदा कबीर ने उनकी सेवा की, उसके चलते वह अपनी प्रतिज्ञा को तिलांजलि देने से अपने को रोक न सके और 15 अप्रैल, 1948 में उनका दूसरा

विवाह डॉ शारदा कबीर के साथ हुआ। विवाह के पश्चात डॉ शारदा कबीर, डॉ सविता अंबेडकर कहलायीं। अपनी पुस्तक 'बुद्ध आणि त्याचा धर्म' में बाबा साहब लिखते हैं- 'एक बार तो मेरा स्वास्थ इतना खराब हो गया था कि डॉक्टरों नें बुझती ज्योति कह दिया था। उस बुझती ज्योति को फिर से सतेज करने में जिस प्रकार मेरी पत्नी की चिकित्सा शास्त्रीय प्रवीणता कारणीभूत हुई है, वैसे ही मेरी चिकित्सा करने वाले डॉ मावलंकर भी हैं। उन्होंने ही मुझे इस ग्रन्थ को लिखने लायक बनाया है।'

आरएनआई पंजियन संख्याः 52413/91(JHAHIN00860),पोस्टल रजिस्ट्रेशन संख्या : RN/260/2020-22. अध्यक्षः **रवीन्द्र किशोर सिन्हा.** प्रधान संपादकः **बलबीर दत्त.** समूह संपादकः **रामबहादुर राय.** समाचार संपादकः **उपेंद्रनाथ पांडेय***. देशप्राण संवाद प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक व प्रकाशक **रोहित दत्त** द्वारा तारा टावर, होटल महाराजा के सामने, रेडियम रोड, कचहरी चौक, रांची-834001 से प्रकाशित तथा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस (डीबी कॉर्प लि.), 535/1272, लालगुटवा, रांची से मुद्रित. फोनः 0651 2361181, 0651 2361182. ईमेलः contact@deshpran.com.(*पीआरबी अधिनियम के तहत समाचारों के चयन व संपादन के लिए जिम्मेवार)

अब लिवर ट्रांसप्लांट के लिए मरीजों का लंबा इंतजार होगा खत्म!

वैज्ञानिकों ने लैब में तैयार किया लिवर

साओ पाउलो : लिवर की बीमारी से जूझ रहे मरीजों के लिए वैज्ञानिकों ने नायाब इलाज खोजा है। अक्सर देखा जाता है कि लिवर के ट्रांसप्लांट को लेकर मरीजों को काफी दिक्कतें उठानी पड़ती है। शुरू में तो मरीजों को आसानी से लिवर मिलता ही नहीं है, अगर मिल भी जाए तो उन्हें ट्रांसप्लांट कराने के लिए लंबी वेटिंग लिस्ट का सामना करना पड़ता है। अब ब्राजील के साओ पाउलो इंस्टीट्यूट ऑफ बायोसाइंसेज के ह्यूमन जीनोम एंड स्टेम सेल रिसर्च सेंटर के वैज्ञानिकों ने लैब में लिवर का फिर से निर्माण करने और बनाने की तकनीक विकसित की है।

इसलिए मरीज का शरीर नहीं कर पायेगा रिजेक्ट

एचयूजी-सीइएलएल की प्रमुख खोजकर्ता मयाना जेट्ज ने कहा कि इस तरह की तकनीक से 'रिकंडिशन्ड लिवर' को आसानी से ट्रांसप्लांट किया जा सकता है। ऐसे ट्रांसप्लांटेशन के बाद अंग का रिजेक्शन रेट भी कम होता है, क्योंकि इसे मरीज की कोशिकाओं से ही बनाया गया होता है। उन्होंने यह भी दावा किया कि इस तकनीकी से गैर-प्रत्यारोपण योग्य माने जाने वाले अंगों की मरम्मत भी की जा सकती है।

मरीजों के लिए वरदान बनेगी यह तकनीक

वैज्ञानिकों ने बताया कि कई बार ऐसी स्थिति आती है कि ट्रैफिक एक्सीडेंट में मरे लोगों के अंगों का प्रत्यारोपण नहीं किया जा सकता है। लेकिन, ऐसी तकनीकी से उन अंगों को प्रत्यारोपण के लिए सही किया जा सकता है। इस तकनीकी को मेडिकल साइंस के लिए वरदान माना जा रहा है, क्योंकि दुनियाभर में लाखों लोग ऐसे हैं जो अलग-अलग अंगों के प्रत्यारोपण के लिए इंतजार कर रहे हैं।

चूहे पर किया गया पहला प्रयोग

मेडिकल एक्सप्रेस डॉट कॉम की रिपोर्ट में बताया गया है कि वैज्ञानिकों ने प्रूफ-ऑफ-कॉन्सेप्ट स्टडी चूहे के लिवर से की है। इस रिसर्च के अगले चरण में वैज्ञानिक प्रत्यारोपण के लिए इंसानों के लिवर का उत्पादन करने जा रहे हैं। मैटेरियल साइंस में प्रकाशित लेख में बताया गया है कि अगली योजना लैब में मानव लिवर को बड़े पैमाने पर उत्पादन करने की है। इससे डोनर की तलाश कर रहे मरीजों की तकलीफें कम होंगी और ट्रांसप्लांटेड ऑर्गन के रिजेक्शन से भी बचा जा सकेगा।

इस तकनीकी पर आधारित है लिवर प्रोडक्शन

इस ऑर्टिकल को लिखने वाली लुइज कार्लोस डे केयर्स जूनियर ने बताया कि लिवर का उत्पादन डीसेल्यूलराइजेशन और रीसेल्यूलराइजेशन तकनीकी पर आधारित है। हाल के दिनों में टिशू बायोइंजीनियरिंग तकनीकों पर खूब काम हुआ है। उन्होंने बताया कि इस प्रक्रिया में हम लैब में इंसान के लिवर के टिश्यू से सेल्स को अलग करने के लिए कई तरह के डिटर्जेंट और एंजाइम में धुलते हैं। इससे एक्स्ट्रासैल्यूलर मैट्रिक्स अलग हो जाते हैं और केवल मूल संरचना और बाहरी आकार ही बचता है। जिसके बाद एक्स्ट्रासैल्यूलर मैट्रिक्स को मरीज से ली गई सेल्स के साथ रखा जाता है। इससे ट्रांसप्लांटेशन के बाद मरीज का शरीर इस लीवर को रिजेक्ट नहीं कर पाता है।

अमेरिकी स्टार्टअप ने परमाणु कचरे से बनायी महाशक्तिशाली बैट्री

28000 साल तक चलती रहेगी यह बैट्री

वॉशिंगटन : अमेरिका के एक स्टार्टअप ने परमाणु कचरे का प्रयोग कर एक महाशक्तिशाली बैट्री बनाई है। इस बैट्री को 28000 साल तक चार्ज करने की जरूरत नहीं पड़ेगी। रिपोर्ट के अनुसार, न्यूक्लियर वेस्ट से निकले रेडियोएक्टिव आइसोटोप्स को नैनोडायमंड्स की अल्ट्रा-स्लिम परतों के साथ मिलाकर बैट्री का आकार दिया गया है। इस बैट्री की इतनी ताकत के है कि यह इंसानों की 400 पीढ़ियों को बिना रिचार्ज के पावर सप्लाई कर सकती है।

2023 तक प्रोडक्शन शुरू करने का दावा

नैनो डायमंड बैट्री का दावा है कि रेडियोएक्टिव यह बैट्री इंसानों के लिए पूरी तरह से सुरक्षित है। स्टार्टअप ने यह भी दावा किया है कि अगले दो साल के भीतर हम इस बैट्री का प्रोडक्शन शुरू कर देंगे। शुरूआती तौर पर इसे अंतरिक्ष एजेंसियों के लंबी अवधि के मिशनों सहित अपने कॉमर्शियल पार्टनर्स के लिए उपलब्ध कराया जाएगा।

इलेक्ट्रिक कार को 10 साल तक देगा पावर

कंपनी इस बैट्री के कस्टमर वर्जन पर भी काम कर रही है, जो 10 साल से भी अधिक समय तक बिना रिचार्ज के स्मार्टफोन या इलेक्ट्रिक कार को पावर दे सकता है। कंपनी ने कहा कि यह न केवल हमारे उपकरणों को बार-बार रिचार्ज करने की परेशानी से बचाता है बल्कि बैट्री के निर्माण और इसके विघटन से जुड़े पर्यावरणीय की समस्याओं को भी हल करता है।

बताया जा रहा प्रूव कॉन्सेप्ट डिजाइन

ये डायमंड लेयर्स न केवल चार्ज जमा करती हैं, बल्कि विकिरण के रिसाव को भी रोकती हैं। इस स्टार्टअप ने यहां तक दावा किया है कि इससे इतनी कम मात्रा में विकिरण फैलेगा, जिससे इंसानी जान को कोई खतरा नहीं होगा। फर्म ने अभी तक बैटरियों का उत्पादन नहीं किया है, लेकिन डायमंड न्यूक्लियर वोल्टाइक नामक एक प्रूफ-ऑफ-कॉन्सेप्ट डिजाइन है।

डायमंड बैट्री के पीछे यह है तकनीक

यह बैट्री रेडियोएक्टिव अपशिष्ट ग्रेफाइट से शक्ति प्राप्त करती है। ग्रेफाइट-कूल्ड परमाणु रिएक्टरों में उपयोग किया जाता है। तो बहुत पतली क्रिस्टलीय हीरे की परतों से जुड़ी हुई है। प्रत्येक इकाई में एक एकल क्रिस्टलीय हीरा होगा जो आइसोटोप से ऊर्जा को अवशोषित करता है। इन हीरों में में उच्चतम ऊर्जा-चालकता होती है, जिसका अर्थ है कि यह रेडियोएक्टिव ग्रेफाइट से बहुत जल्दी गर्मी को ट्रांसफर करती है। यह प्रक्रिया इतनी जल्दी होती है जिससे बिजली पैदा हो जाती है। ब्लूमबर्ग की रिपोर्ट के अनुसार, टेस्ला की सहायक कंपनी गैम्बिट एनर्जी स्टोरेज टेक्सास के ब्रेजोरिया काउंटी में एक बैट्री एनर्जी स्टोरेज प्रॉजक्ट को विकसित कर रही है। यह कंपनी टेस्का की इलेक्ट्रिक कारों के लिए भी बैट्री का निर्माण करती है। इस प्रणाली को टेक्सास के स्टेट पावर ग्रिड ऑपरेटर इलेक्ट्रिक रिलायबिलिटी काउंसिल ऑफ टेक्सास में रजिस्टर भी करवाया गया है। इस कंपनी को 1 जून 2021 तक अपने इस प्रोजक्ट को व्यवसायिक रूप से शुरू करने का निर्देश दिया गया है। शुरूआत में इस प्रॉजक्ट के जरिए 100 मेगावाट की बिजली को स्टोर किया जाएगा। बताया जा रहा है कि इतनी बिजली गर्मियों में टेक्सास के लगभग 20 हजार घरों को रोशन करने के लिए पर्याप्त है। इस महाविशाल बैट्री को सीधे राज्य की इलेक्ट्रिक ग्रिड से चार्ज करने के लिए सेट किया जाएगा। जब भी बिजली सप्लाई होगी, यह बैट्री अपनेआप ही चार्ज होती रहेगी। जब भी बिजली की कीमतें सस्ती होंगी तब इस बैट्री को चार्ज के लिए जोड़ दिया जाएगा। इसके बाद जब कभी टेक्सास में बिजली की सप्लाई घटेगी, इसके जरिए लोगों के घरों तक ऊर्जा को सीधे पहुंचाया जाएगा। स्थानीय अधिकारियों ने कहा कि यह बैट्री लोकल इलेक्ट्रिक सिस्टम को ऑनलाइन लाने में मदद कर सकती है ताकि ब्लैकआउट या प्राकृतिक आपदा के दौरान इलेक्ट्रिक जनरेटर शुरू किया जा सकें।

धरती की ओर 9 किमी प्रति सेकंड की रफ्तार से बढ़ रहा विशाल ऐस्टरॉइड

वॉशिंगटन : तबाही के देवता अपोफिस और साल के सबसे बड़े ऐस्टरॉइड के धरती के पास से गुजरने के बाद अब एक और विशाल ऐस्टरॉइड बहुत तेज गति के साथ पृथ्वी की ओर बढ़ रहा है। यह ऐस्टरॉइड फुटबाल के मैदान के आकार का है और इसी वजह से नासा के वैज्ञानिक ऐस्टरॉइड 2021 एएफ8 पर पैनी नजर गड़ाए हुए हैं। वैज्ञानिकों के मुताबिक यह ऐस्टरॉइड 4 मई को धरती के पास से गुजरेगा। नासा का अनुमान है कि यह ऐस्टरॉइड 260 से लेकर 580 मीटर के आकार का है। इस ऐस्टरॉइड का सबसे पहले वैज्ञानिकों ने मार्च महीने में पता लगाया था। अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी ने कहा कि अंतरिक्ष में पृथ्वी के पास से गुजरे अन्य बड़े ऐस्टरॉइड की तुलना में यह 2021 एएफ8 काफी छोटा है लेकिन फिर भी यह काफी खतरनाक है। एजेंसी ने कहा कि 2021 एएफ8 ऐस्टरॉइड 9 किमी प्रति सेकंड की रफ्तार से पृथ्वी के पास से गुजर रहा है।

अगले 100 सालों तक नासा की नजर

वैज्ञानिकों ने बताया कि यह ऐस्टरॉइड करीब 34 लाख किलोमीटर की दूरी से सुरक्षित गुजर सकता है। इसके बाद भी अंतरिक्ष विज्ञानी अपोलो श्रेणी के इस ऐस्टरॉइड पर बारीकी से नजर रखे हुए हैं। इस ऐस्टरॉइड को नासा ने संभावित रूप से खतरनाक ऐस्टरॉइड की श्रेणी में रखा है। नासा का सेंटरी सिस्टम ऐसे खतरों पर पहले से ही नजर रखता है। इसमें आने वाले 100 सालों के लिए फिलहाल 22 ऐसे ऐस्टरॉइड्स हैं जिनके पृथ्वी से टकराने की थोड़ी सी भी संभावना है। इस लिस्ट में सबसे पहला और सबसे बड़ा ऐस्टरॉइड 29075 (1950 डीए) जो 2880 तक नहीं आने वाला है। इसका आकार अमेरिका की एम्पायर स्टेट बिल्डिंग का भी तीन गुना ज्यादा है और एक समय में माना जाता था कि पृथ्वी से टकराने की इसकी संभावना सबसे ज्यादा है।

आठ साल में ली तस्वीर

वर्चुअल टेलिस्कोप प्रॉजेक्ट ने 8 साल की निगरानी के बाद ऐस्टरॉइड अपोफिस की तस्वीर फिर से खींचने में सफलता हासिल की थी। यह महाविनाशक ऐस्टरॉइड सोलर सिस्टम में मौजूद सबसे खतरनाक चट्टानों में से एक माना जाता है। 27 अरब किलोग्राम का यह ऐस्टरॉइड कितना शक्तिशाली है, इसका अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि यह अगर पृथ्वी से टकराता है तो इससे एक मील चौड़ा और 518 मीटर गहरा गड्ढा धरती में बन सकता है। यही नहीं, इससे 88 करोड़ टन टीएनटी के विस्फोट के बराबर असर होगा जो हिरोशिमा पर गिराए गए परमाणु बम की तुलना में 65 हजार गुना ज्यादा भयानक होगा।

1.60 करोड़ लाख किमी दूरी से गुजरेगा

आकलन के मुताबिक ऐस्टरॉइड अपोफिस धरती से करीब 1 करोड़ 60 लाख लाख किलोमीटर की दूरी से गुजरेगा। इतनी दूरी से गुजरने के कारण ऐस्टरॉइड का परिक्रमा पथ प्रभावित नहीं होगा। ऐस्टरॉइड अपोफिस को टेलिस्कोप से आसानी से देखा जा सकेगा। हवाई यूनिवर्सिटी के खगोलविद डेविड थोलेन ने कहा कि सुबारू टेलिस्कोप से मिले डेटा के आधार पर खुलासा हुआ है कि अपोफिस बहुत तेजी से गति पकड़ रहा है। वैज्ञानिकों का कहना है कि वर्ष 2029 में यह ऐस्टरॉइड अगर केवल ठीक-ठीक दूरी से गुजरता है तो पृथ्वी की गुरुत्वाकर्षण शक्ति इसका रास्ता बदल देगी और यह वर्ष 2068 में वापस आएगा और 12 अप्रैल 2068 को पृथ्वी से टकरा सकता है।

पुस्तक समीक्षा — सुभाष चन्द्र मिश्र

'यह चंद्रमा किसका है?'

श्री सुरेन्द्र कुमार मिश्र द्वारा रचित चालीस निबंधों का संकलन 'यह चंद्रमा किसका है?' को पढ़ने के बाद लगा कि हम अपने ही अंतः- स्थल में कहीं दबी भावनाओं को मुखरित होते हुये देख रहे है। निबंध संग्रह में विभिन्न प्रकार के विषय हैं, जो प्रमाणित करते हैं कि लेखक ने अभिव्यक्ति को अद्भुत पैनापन प्रदान किया है।

श्री मिश्र ने नाटक, निबंध तथा कहानी पर समान परिपक्वता से लिखा है, जो प्रमाणित करता है कि इनकी लेखनी में हिमालय की ऊंचाई है। 'स-जाता' (नाटक), 'हर धारा को गंगा बनने दो' (निबंध संग्रह), 'किताब का विष' (कहानी संग्रह), 'ईश्वर मनुष्य के लिए अनिवार्य है' (निबंध संग्रह), 'कटघरे के आंसू' (कहानी संग्रह) तथा 'लाल बर्फ' (कहानी संग्रह) इनकी प्रतिनिधि रचनायें हैं। तकरीबन मैंने इन सभी को पढ़ा है। पढ़ने के बाद मैं अत्यंत ही प्रभावित हूं, इनके लेखन से। लगता है प्रतिपदा का चंद्रमा पूर्णिमा की ओर तेजी से बढ़ रहा है।

अंग्रेजी साहित्य के आलोचकों ने लिखा है कि 'Poetry is like dancing and proze is like walking' अर्थात् कविता नृत्य की तरह है, जिसमें छंद, लय एवं ताल का समन्वय होता है जिसके कारण पाठक आनंदित एवं प्रफुल्लित हो जाता है। इसके विपरीत गद्द टहलने की तरह है, जिसमें ताल, छंद एवं लय का अभाव रहता है। लेकिन एक सफल गद्द-लेखक विचार प्रधान निबंध के माध्यम से पाठक पर अमिट छाप छोड़ जाता है। सुरेन्द्र जी ऐसे ही लेखक हैं, जो लेखन के माध्यम से पाठक को मंत्रमुग्ध कर देते हैं।

निबंध-संग्रह की पहली रचना 'यह चंद्रमा किसका है?' (निबंध संग्रह का शीर्षक भी यही है।) लेखक के मन में द्वन्द्व उठाता है कि यह चंद्रमा कौन है? इस संदर्भ में इन्होंने चंद्रमा के बारे में वृहत् वर्णन किया है। यह इनके विशाल ज्ञान का परिचायक है। साथ ही यह निबंध आज के युवकों को पौराणिक कथा के बारे में जानने को प्रेरित भी करता है।

वर्त्तमान को अतीत से जुड़ना ही पड़ेगा, तभी मानव को शांति एवं आनंद की प्राप्ति होगी। वर्त्तमान की त्रासदी है कि आज का युवक अथाह ज्ञान से भरा है, पर धार्मिक प्रसंग से जुड़े प्रश्न का जवाब देने में असमर्थ हो जाता है। 'संजीवनी' लाने वाले हनुमान थे, यह भी आज के युवक को मालूम नहीं है। लेखक ने आज के नवयुवकों को प्रेरित किया है, ताकि वे अपनी संस्कृति से विमुख न हो सकें।

इस निबंध को पढ़ने के बाद मुझे भी लगा कि हम भी तो द्वन्द्व से भरा जीवन जी रहे हैं। 'अहम् ब्रह्मास्मि' का ज्ञान किसको है?, चंद्रमा के माध्यम से लेखक ने इसी द्वन्द्व को प्रकाश में लाने का सफल प्रयास किया है।

'हम व्यर्थ ही अच्छे हैं' चौंकाने वाला शीर्षक है। वस्तुतः आज का मानव प्रसिद्ध होने के लिये दिन रात प्रयत्नशील है। लेकिन यह निबंध एक नया अर्थ लेकर पाठक के समक्ष आता है। इस निबंध में लेखक ने तर्क को एक नया आयाम दिया है। मिश्र जी ने कहा है कि मरने के बाद स्मारक बनाकर 'दिलो दिमाग को कब्रिस्तान बनाते हैं।' इसी संदर्भ में अंग्रेजी के प्रसिद्ध कवि Alexander Pope ने लिखा है "Let me live unseen, unknown unlamented let me die' 'हमें अपने हिस्से और अपने हिस्से का स्वर्ग चाहिये', एक विचार प्रधान निबंध है। इनका कहना है

'अतः भोग नहीं कर्म, संघर्ष व श्रम ही महान हैं। कर्म ही उपास्य है, कर्म ही मधुमय है। परिश्रम द्वारा लब्ध रूखी-सूखी भी मीठी लगती है। गैर की ड्योढ़ी पर बिना परिश्रम के प्राप्त मालपुये दैहिक और मानसिक निरूजता और संतोष नहीं दे पाते। उनमें वह रस कहां? उनमें अपने स्वेद का मधु तो नहीं मिश्रित है, तो वह स्वादिष्ट कहां से होगा? श्रम व संघर्ष ही जीवन की मधुमय नाड़ी है। हमारा पसीना पीकर ही सूर्य मधुमय होता है। हमारे पसीने की बूंदें ही खेतों में फसल के दानों को मधुमय करती हैं। अतः इस कर्म-भुवन के हम धरावासियों के लिए निरर्थक है स्वर्ग?'

वास्तव में पृथ्वी पर जन्म लेने के लिये देवता भी लालायित रहते हैं। इसी विचार को प्रतिपादित किया है महर्षि अरविन्द ने। वे भी चाहते हैं कि हमें स्वर्ग की इच्छा नहीं करना चाहिये अपितु स्वर्ग को ही धरती पर उतार लेना चाहिए। सुमित्रा नंदन पंत भी इसी विचार से प्रभावित थे। उनकी अनेक कवितायें इसी सोच पर लिखी गयी हैं।

महर्षि अरविन्द एवं सुमित्रानन्दन पंत का उदाहरण इस बात को प्रमाणित करता है कि सुरेन्द्र मिश्र भी महान चिंतक एवं मौलिक विचारों को प्रतिपादित कर महर्षि अरविन्द के श्रेणी में आ सकते हैं। ये गद्य लेखन के मजबूत स्तंभ है।

इस निबंध संग्रह में संकलित सभी रचनायें ध्यान से पठनीय हैं। जल्दी में विचार प्रधान निबंध को पढ़ना भी नहीं चाहिए। सभी निबंध इतने सुंदर है कि श्री मिश्र जी भी लिखते है, 'आपके चरणों में मेरा यह सतरंगा पुष्प समर्पित है'। वास्तव में सभी निबंध भिन्न-भिन्न पुष्प की तरह सुगंधित हैं।

'शर-शय्या पर भीष्म का द्वन्द्व' एवं 'महाभारत की सत्यवती का आखिरी चिंतन' के माध्यम से लेखक ने मिथक को आधुनिक काल के चिंतन से जोड़ दिया है। दूसरी तरफ 'टाल्सटाय की धर्म शिखा' तथा 'भारत की सांस्कृतिक बेटी एनी बीसेंट' भारत के द्वारा वसुधैव कुटुंबकम् की धारणा को सिद्ध करता है। भारत विश्व को जोड़ता है। तभी तो एनी बीसेंट को भी हम आदर देते हैं। भारत का विश्व को यही योगदान है। इसी के दम पर तो स्वामी विवेकानंद अमेरिका में श्रद्धेय बन गये थे।

बुद्धि परीक्षा

सूडोकु नवताल- 5840 (सरल)

3	9			1	4			2
1	2		6		3		5	
		5		8	7			9
	7			6	9			8
2	1			5			4	6
4			3	2			9	
9			8	4		5		
	6		9		5		2	4
8			1	7			6	3

Jagrutidaur.com, Bangalore

सूडोकु नवताल -5839 का हल

6	9	2	3	7	4	5	8	1
3	8	5	6	2	1	7	4	9
7	4	1	8	9	5	6	2	3
2	3	9	5	4	6	8	1	7
1	7	4	9	8	3	2	6	5
5	6	8	7	1	2	9	3	4
4	5	7	1	6	8	3	9	2
8	2	3	4	5	9	1	7	6
9	1	6	2	3	7	4	5	8

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

गणित पहेली - 4777

संकेत: खाली जगहों में आपको केवल (+), (-), (x) व (÷) के निशान लगाने हैं जिनका उत्तर (=) पूर्णांक: मेल खाता हो.

गणित पहेली - 4776

शब्दजाल - 6450

शब्दजाल में दस 'वृक्षों' के नाम छुपिए, दिए गए नाम ऊपर से नीचे व तिरछे हो सकते हैं।

बरगद, पीपल, नीम, अशोक, गुलमोहर, आम, शीशम, देवदार, चीड़, सागवान

शब्दजाल - 6449 का हल

ज्योतिष

दैनिक पंचांग

10 अप्रैल 2021 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति

ग्रह स्थिति	
सूर्य	मीन में
चंद्र	मीन में
मंगल	वृष में
बुध	मीन में
गुरु	कुंभ में
शुक्र	मेष में
शनि	मकर में
राहु	वृष में
केतु	वृश्चिक में

राहुकाल 9.00 से 10.30 बजे तक

लग्नारंभ समय	
मेष	05.59 बजे से
वृष	07.39 बजे से
मिथुन	09.38 बजे से
कर्क	11.51 बजे से
सिंह	14.07 बजे से
कन्या	16.19 बजे से
तुला	18.30 बजे से
वृश्चिक	20.44 ब.से
धनु	23.00 बजे से
मकर	01.06 बजे से
कुंभ	02.52 बजे से
मीन	04.25 बजे से

शनिवार 2021 वर्ष का 100 वां दिन
दिशाशूल पूर्व **ऋतु** बसंत।
विक्रम संवत् 2077 **शक संवत्** 1943
मास चैत्र (दक्षिण भारत में फाल्गुन)
पक्ष कृष्ण **तिथि** चतुर्दशी अहोरात्र।
नक्षत्र पूर्वाभाद्रपदा 06.46 बजे को समाप्त।
योग ब्रह्म 13.34 बजे को समाप्त।
करण विष्टि 17.13 बजे को समाप्त।
चन्द्रायु 24.6 घण्टे
रवि क्रान्ति उत्तर 7° 57'
सूर्य उत्तरायन
कलि अहर्गण 1870849
जूलियन दिन 2459314.5
कलियुग संवत् 5123
कल्पारंभ संवत् 1972949121
सृष्टि ग्रहारंभ संवत् 1955885121
वीरनिर्वाण संवत् 2547
हिजरी सन् 1442
महीना सावान
तारीख 26
विशेष मासिक शिवरात्रि।

दिन का चौघड़िया	
काल	05.55 से 07.23 बजे तक
शुभ	07.23 से 08.51 बजे तक
रोग	08.51 से 10.19 बजे तक
उद्वेग	10.19 से 11.46 बजे तक
चर	11.46 से 01.14 बजे तक
लाभ	01.14 से 02.42 बजे तक
अमृत	02.42 से 04.10 बजे तक
काल	04.10 से 05.37 बजे तक

रात का चौघड़िया	
लाभ	05.37 से 07.10 बजे तक
उद्वेग	07.10 से 08.42 बजे तक
शुभ	08.42 से 10.14 बजे तक
अमृत	10.14 से 11.47 बजे तक
चर	11.47 से 01.19 बजे तक
रोग	01.19 से 02.51 बजे तक
काल	02.51 से 04.23 बजे तक
लाभ	04.23 से 05.56 बजे तक

चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अतः आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। Jagrutidaur.com, Bangalore

आप का राशिफल 10 अप्रैल

मेष (चू चे चो ला ली लू ले लो आ)
यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। कामकाज में आ रही बाधा को दूर कर लेंगे। सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बन जाएगी।
शुभांक-5-7-9

वृष (इ उ ए ओ वा वी वू वे वो)
लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। इच्छित कार्य सफल होंगे।
शुभांक-6-8-9

मिथुन (का की कू घ ङ छ के को हा)
आलस्य का त्याग करें। पुरुषार्थ का सहारा लें। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। स्वास्थ्य लाभ में समय और धन व्यय होगा।
शुभांक-7-8-9

कर्क (ही हू हे हो डा डी डू डे डो)
शुभ संदेशों से मन खिला-खिला रहेगा। परेशानीयां स्वतः ही दूर होती प्रतीत होगी। अध्ययन में रुचि पैदा होगी। अभिभावकों के प्रति उत्तरदायित्व निभाने होंगे।
शुभांक-4-6-9

सिंह (मा मी मू मे मो टा टी टू टे)
शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी।
शुभांक-4-6-8

कन्या (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो)
आवेश में आना आपके हित में नही होगा इसलिए व्यवहार व वाणी पर नियत्रंण रखें। पारिवारिक परेशानी बढ़ेगी। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी।
शुभांक-3-6-9

तुला (रा री रु रे रो ता ती तू ते)
व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। आलस्य का त्याग करें। कार्यसिद्धि होने में देर नहीं लगेगी। आर्थिक लाभ उत्तम रहेगा। शैक्षणिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी।
शुभांक-5-7-8

वृश्चिक (तो ना नी नू ने नो या यी यू)
समय पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने का प्रयास होंगे। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा।
शुभांक-3-5-7

धनु (ये यो भा भी भू धा फा ढा भे)
मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा।
शुभांक-3-6-7

मकर (भो जा जी खी खू खे खो गा गी)
जीवनसाथी अथवा यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। बचते-बचते कलह विवाद का डर रहेगा। इच्छित कार्य पूर्ण होंग।
शुभांक-3-5-7

कुंभ (गू गे गो सा सी सू से सो दा)
कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी।
शुभांक-2-4-6

मीन (दी दू थ झ ञ दे दो चा ची)
अपनी गतिविधियों पर पुनर्विचार करें। वैचारिक द्वन्द्व और असंतोष बना रहेगा। किसी सूचना से पूर्ण निर्णय सम्भव। सुख आरोग्य प्रभावित होगा।
शुभांक-3-5-7

जागृति दौर, बेंगलोर

संक्षिप्त समाचार

नो मास्क, नो इंट्री का करें पालन

घाघराः कोरोना संक्रमण के बढ़ते प्रकोप को लेकर झारखंड सरकार द्वारा जारी गाइडलाइन को लेकर बीडीओ विष्णु देव कच्छप व थानेदार कुंदन कुमार सिंह ने बैठक की। बैठक में निर्णय लिया गया कि सरकार के द्वारा जो भी गाइडलाइन आया है उसे फॉलो कराना है। बीडीओ ने कहा दुकानदार मास्क पहनकर रहें और जो ग्राहक बिना मास्क के आयें उन्हें एंट्री ना करने दें। रात्रि कर्फ्यू का भी कड़ाई से पालन कराने का निर्देश बीडीओ ने थाना प्रभारी को दिया है।

जहर खाकर की आत्महत्या की कोशिश

कोडरमा : डोमचांच थाना क्षेत्र के अंतर्गत गोलवाढाव मे एक युवक जहर ने खाकर आत्महत्या की कोशिश की। इसकी पहचान चंदन कुमार उम्र 19 पिता अर्जुन दास ग्राम गोलवाढाव के रूप में हुई है। परिजनों ने बताया कि शुक्रवार की सुबह घर में घरेलू विवाद के कारण जहर खा लेने से तबीयत बिगड़ने लगी। सदर अस्पताल में डॉक्टरों द्वारा इलाज चल रहा है।

बच्चों के बीच किट व अन्य सामग्री वितरण

तिसरी : तिसरी मुख्यालय में बाल विकास परियोजना कार्यालय में आंगनबाड़ी सेविका को बच्चों का किट व जरूरतमंद सामग्री दी गयी। सहायक रामलखन प्रसाद द्वारा शुक्रवार को एक दर्जन आंगनबाड़ी केंद्र के लिये सेविका व सहायिका को सामग्री दी गयी। सहायक श्री प्रसाद ने बताया कि अब तक पचहत्तर केंद्रों में घड़ी, बाल्टी, दरी, सिलेट, पेंसिल, मग आदि कई सामग्री दी गयी।

जमीन विवाद में मारपीट, नौ लोग घायल

सरिया/गिरिडीह : थाना क्षेत्र के कैलाटांड़ गांव में शुक्रवार की सुबह जमीन विवाद को लेकर दो पक्षों में हुई मारपीट में दोनों पक्षों से नौ लोग घायल हो गये हैं। कैलाटाँड गांव के कंचन यादव को गांव के ही पुनीत यादव वगैरह ने बीते गुरुवार की शाम को ही मारपीट की थी। इसे लेकर शुक्रवार की सुबह चन्द्रदेव यादव, मनोज यादव समेत कुछ अन्य लोग पुनीत यादव के घर जानकारी लेने पहुंचे थे। इसी बीच दूसरे पक्ष पुनीत यादव आदि के द्वारा उनलोगों पर लाठी डंडे से हमला बोल दिया गया जिसके बाद दोनों तरफ से जमकर मारपीट हुई। कुल 9 लोग गंभीर रूप से घायल हो गये।

अवैध शराब के साथ होटल संचालक गिरफ्तार

बेंगाबाद/गिरिडीह : बेंगाबाद में अवैध शराब के साथ होटल संचालकों को गिरफ्तार कर शुक्रवार को गिरिडीह जेल भेज दिया। वहीं मारपीट के दो अन्य आरोपी को को भी गिरफ्तार कर गिरिडीह जेल भेज दिया गया। घटना गुरुवार रात की है। जानकारी के मुताबिक बेंगाबाद चतरो मुख्य मार्ग पर स्थित होटल में पुलिस निरीक्षक सहथाना प्रभारी कमलेश पासवान, अवर निरीक्षक ओपी चौहान एवं अन्य पुलिस कर्मियों के सहयोग से छापेमारी कर करीब दो पेटी अवैध शराब बरामद किया है। जिसमें होटल संचालक राजू पंडित और गौतम मंडल को होटल से गिरफ्तार किया गया।

कोडरमा में मिले 65 नये कोरोना पॉजिटिव

कोडरमा : जिले में लगातार दूसरे दिन कोरोना विस्फोट हुआ है। शुक्रवार को 65 लोग कोरोना पॉजिटिव पाये गये जिनमे एक अधिकारी और महिला चिकित्सक भी शामिल हैं। इसके पहले गुरुवार को 50 व्यक्ति कोरोना पॉजिटिव मिले थे। इधर जिले में कोरोना मरीजों के मिलने से इलाके में दहशत का माहौल है। जिला सर्विलांस पदाधिकारी डॉ मनोज कुमार ने बताया कि कोडरमा जिले में सक्रिय मामलों की संख्या बढ़कर 307 हो गयी है जिनमे होम आइसोलेशन में 207 लोग हैं। अबतक जिले में कोरोना से 30 लोगों की मौत हुई है।

डीसी व एसपी ने कोविड-19 के रोकथाम के लिए जारी आदेशों के अनुपालन की समीक्षा

उत्तरदायित्व के प्रति सचेत रहें

बैठक में डीसी एवं एसपी सहित अन्य पदाधिकारी।

देशप्राण संवाददाता

चतरा,9 अप्रैलः कोविड-19 के संकमण को फैलने से रोकने हेतु जिले में लागू टेस्ट ट्रैक ट्रीट प्रोटेक्शन एवं राज्य सरकार द्वारा जारी निर्देशों का पूर्णतया अनुपालन को लेकर उपायुक्त दिव्यांशु झा एवं पुलिस अधीक्षक ऋषभ कुमार झा ने संयुक्त रूप से शुक्रवार को समाहरणालय के सभाकक्ष में सभी संबंधित पदाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की।

बैठक में उपायुक्त ने कोविड-19 महामारी के प्रकोप से जिले को पूर्णतया सुरक्षित रखने को लेकर कई आवश्यक निर्देश दिये। उन्होंने कोविड-19 टेस्टिंग को लेकर सभी संबंधित पदाधिकारियों को सक्रिय भूमिका निभाते हुए अधिक से अधिक लोगों के टेस्टिंग कराने का निर्देश दिया। साथ ही संभावित क्षेत्रों में जैसे बस पड़ाव, घनी आबादी वाले क्षेत्रों, जिले के सीमावर्ती क्षेत्रों में टेस्टिंग टीम प्रतिनियुक्त कर कोविड-19 टेस्टिंग करने का निर्देश दिया। कोविड-19 संक्रमित मरीजों के लिए इंस्टिट्यूशनल कोविड केयर सेंटर की व्यवस्था की भी समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिये।

उन्होंने कहा कि संक्रमित मरीजों को होम आइसोलेशन का भी विकल्प है, जिसके लिए मरीज को संबंधित प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी से अनुशंसा के पश्चात अनुमंडल पदाधिकारी से अनुमति लेनी होगी। बैठक में जिले में 45 वर्ष से अधिक आयुवर्ग के लोगों का टीकाकरण की समीक्षा की गयी। भीड़ भाड़ वाले शहरी क्षेत्रों में 16 अतिरिक्त टीकाकरण केन्द्र बनाने का निर्देश दिया गया। साथ ही विशेष अभियान के तहत टीकाकरण केन्द्रों पर भीड़ की आशंका जताते हुए उपायुक्त ने सभी टीकाकरण केंद्रों पर प्रतिनियुक्त पदाधिकारियों को अपने कार्यों का निर्वहन उत्तरदायित्व पूर्ण करते हुए व्यवस्थित तरीके से तय आयु वर्ग के लोगों का टीकाकरण सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने जेएसएलपीएस के माध्यम पिछले 15 दिनों में लौटे सभी श्रमिकों की सूची तैयार कर संबंधित प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं सभी प्रभारी चिकिसकों को साझा करने का निर्देश दिया।

सभी प्रखड विकास पदाधिकारियों समेत अन्य संबंधित को टीकाकरण के दिन ससमय टीकाकरण प्रारंभ कराने एवं टीकाकरण हेतु लोगों को जागरूक करने का भी निर्देश दिया गया। बैठक में अधिक आवागमन वाले क्षेत्रों जैसे हंटरगंज, प्रतापपुर इटखोरी समेत अन्य से सटे सीमावर्ती क्षेत्रों एवं भीड़ भाड़ वाले क्षेत्रों के प्रखंड मुख्यालयों में भी टीकाकरण केंद्र की व्यवस्था करने का निर्देश दिया गया। कोविड-19 के रोकथाम हेतु जारी सभी मानकों यथा- फेस मास्क का नियमित इस्तेमाल, दो गज की दूरी समेत अन्य का पूर्णतया अनुपालन कराने एवं लोगों को जागरूक करने का भी निर्देश दिया गया। बैठक में उप विकास आयुक्त सुनील कुमार सिंह, अपर समाहर्ता संतोष कुमार सिन्हा, एसडीओ चतरा मुमताज अंसारी, एसडीओ सिमरिया सुधीर कुमार दास, सीएस डॉ रंजन सिन्हा, डीएसपी मुख्यालय केदार नाथ राम, कार्यपालक पदाधिकारी नगर परिषद आदि मौजूद थे।

लक्ष्य के अनुरूप पूर्ण करें योजना : डीसी

देशप्राण संवाददाता

गुमला, 9 अप्रैल : उपायुक्त शिशिर कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में मनरेगा, प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण), दीदी बाड़ी योजना, सिंचाई कूप निर्माण, बिरसा हरित ग्राम योजना, वित्तीय वर्षवार लंबित योजनाएं सहित अन्यान्य योजनाओं के प्रगति तथा अद्यतन स्थिति की समीक्षा हेतु बैठक का आयोजन नगर भवन में किया गया। उपायुक्त ने ग्रामीण विकास विभाग द्वारा गुमला जिलांतर्गत संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं को निर्धारित लक्ष्य के आधार पर पूर्ण करने का निर्देश दिया। साथ ही इस वित्तीय वर्ष में नयी योजनाओं के संचालन हेतु पूर्व में ही रूपरेखा तैयार करने का निर्देश दिया। उन्होंने इस वित्तीय वर्ष नयी योजनाओं का चयन पर्याप्त मात्रा में करने पर विशेष जोर दिया।

उपायुक्त ने झारखंड सरकार के महत्वाकांक्षी झारखंड कृषि ऋण माफी योजनांतर्गत योजनाबद्ध तरीके से लक्ष्य की प्राप्ति सुनिश्चित करने हेतु सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों को अपने संबंधित वी.एल.डब्लू तथा अंचलाधिकारियों को अपने संबंधित कर्मचारियों को संलग्न करने का निर्देश दिया। इस संबंध में उन्होंने सभी बी.डी.ओ एवं सीओ को उक्त कर्मियों के कार्यों की प्रतिदिन समीक्षा करने का भी निर्देश दिया। धान अधिप्राप्ति योजना की चर्चा करते हुए उपायुक्त ने बताया कि जिस तरह विगत वित्तीय वर्ष में धान अधिप्राप्ति हेतु निर्धारित लक्ष्य 01 लाख क्विंटल की शत-प्रतिशत प्राप्ति की गयी है उसी तरह इस वित्तीय वर्ष धान अधिप्राप्ति के लिए 02 लाख क्विंटल का लक्ष्य निर्धारण करने तथा 14000 किसानों का निबंधन कर इस योजना में जोड़ने पर विशेष बल दिया। दीदी बाड़ी योजना की समीक्षा के क्रम में पाया गया कि जेएसएलपीएस द्वारा 13883 प्रस्ताव प्राप्त किये गये हैं। जिसमें से मात्र 7270 कार्य संचालित हैं। इसपर उपायुक्त ने अधिक से अधिक कार्यों को संचालित कर दीदी बाड़ी योजना के निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप उपलब्धि सुनिश्चित करने पर जोर दिया।

बैठक में शामिल लोग।

‘जीवी द हासा’ परियोजना पर कार्यशाला सम्पन्न

देशप्राण संवाददाता

गुमला : नगर भवन गुमला में ग्रामीण विकास विभाग एवं बी.आर.एल.एफ. के संयुक्त तत्वावधान में जिला ग्रामीण विकास के जलछाजन प्रकोष्ठ के सौजन्य से ‘जीवी द हासा’ परियोजना पर एक दिवसीय कार्यशाला सम्पन्न हुई। उपायुक्त शिशिर कुमार सिन्हा ने कहा कि झारखंड राज्य में मनरेगा योजनांतर्गत राज्य के गुमला, पाकुड़, साहेबगंज, गोड्डा, दुमका, गिरिडीह एवं पश्चिमी सिंहभूम जिले में हाई इम्पैक्ट मेगा वाटर शेड प्रोजेक्ट का क्रियान्वयन किया जाना है। इस परियोजना के तहत गुमला जिले के घाघरा, गुमला, पालकोट, बसिया, कामडारा, रायडीह एवं भरनो प्रखंड में जलछाजन योजनाओं को संचालित किया जाएगा। परियोजना का मुख्य उद्देश्य ग्राम पंचायतों को मजबूत करने के साथ ही योजनाओं के नियोजन, निगरानी एवं कार्यान्वयन में अपनी क्षमताओं का प्रदर्शन करना है। यह परियोजना 04 वर्षों के लिए क्रियान्वित की जाएगी। इसके लिए जिला स्तरीय समन्वय समिति का गठन किया गया है। साथ ही प्रखंड विकास पदाधिकारी की अध्यक्षता में प्रखंड स्तरीय समन्वय समिति का गठन किया जाना है। सिविल सोसायटी के प्रतिनिधि सहित मनरेगा कर्मी पंचायत प्रतिनिधियों के समन्वय से प्रखंडों में जलछाजन के क्षेत्र में कार्य किया जाना है। परियोजना की सफलता के लिए प्रशासनिक नेतृत्व के साथ ही संबंधित विभागों के बीच परस्पर समन्वय एवं अभिसरण की आवश्यकता है। इसके माध्यम से किसानों की आय वृद्धि के साथ ही कृषि, पशुपालन, मत्स्य पालन को बढ़ावा दिया जाएगा।

एनएसयूआई के स्थापना दिवस पर सम्मानित हुए सफाइकर्मी

देशप्राण संवाददाता

गोड्डा : महागामा जिला एनएसयूआई के द्वारा मुन्ना राजा के नेतृत्व में महागामा कांग्रेस कार्यालय एनएसयूआई के 51 वे स्थापना दिवस अवसर पर इंदिरा गांधी सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में कोरोना काल के समय को पूरे नगर को साफ सफाई करने वाले सफाई कर्मियों को माला पहनाकर तथा बुके और तिरंगा देकर सम्मानित किया गया। मौके पर एनएसयूआई जिलाध्यक्ष ने कहा कि हमेशा से हमलोगों ने छात्र हित मे काम किया है और आगे भी करते रहेंगे। छात्र के हर समस्या को निदान करने का प्रयास रहता है। पूरे देश मे छात्रों के हर मुद्दा को लेकर रोड से लेकर सदन तक आंदोलन भी करते हैं। उन्होंने कहा कि भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की छात्र शाखा, नेशनल स्टूडेंट्स यूनियन ऑफ इंडिया एनएसयू आई की स्थापना 9 अप्रैल 1971 को हुई थी। इस संगठन की स्थापना इंदिरा गांधी ने केरल छात्र संघ और पश्चिम बंगाल राज्य के विलय के बाद की थी। कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला सचिव बुलबुल, शाहजहां युवा कांग्रेस के महासचिव सरफराज, सरवर, राहुल आदिल दुरार्नी ,मनीष भारती, फिरदौस, साजिद, शाकिर, सोनू आदि मौजूद थे।

तिरंगा देकर सफाई कर्मी को सम्मानित करते जिलाध्यक्ष

कांट्रैक्ट ट्रेसिंग कर जांच करें : डीसी

उपायुक्त की अध्यक्षता में हुई स्वास्थ्य विभाग के जिला टास्क फोर्स की बैठक

देशप्राण संवाददाता

रामगढ़, 9 अप्रैलः जिला समाहरणालय सभागार में शुक्रवार को उपायुक्त संदीप सिंह की अध्यक्षता में स्वास्थ्य विभाग के जिला टास्क फोर्स की बैठक हुई। बैठक के दौरान उपायुक्त ने सिविल सर्जन से सरकारी पोर्टल पर कोरोना संबंधित डाटा को अपलोड करने हेतु कार्यों की जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने स्वास्थ्य विभाग की टीम को डीएमएफटी टीम रामगढ़ के साथ समन्वय करते हुए निर्धारित प्रारूप में अनिवार्य रूप से ससमय सभी प्रकार के डाटा अपलोड करने का निर्देश दिया। बैठक के दौरान उपायुक्त ने सिविल सर्जन से प्रतिदिन जिले के अलग-अलग क्षेत्रों में सामने आ रहे संक्रमित व्यक्तियों की संख्या की जानकारी लेते हुए उनके इलाज हेतु आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने जिला परिवहन पदाधिकारी सौरव प्रसाद से संक्रमित व्यक्तियों के कांटेक्ट ट्रेसिंग के तहत हुए कार्यों की जानकारी ली। उपायुक्त ने अनुमंडल पदाधिकारी कीर्तिश्री को कोरोना संक्रमित व्यक्ति जो होम आइसोलेशन में रह रहे हैं, उसे सख्ती से कोरोना गाइडलाइंस का अनुपालन कराने का निर्देश दिया। बैठक में उप विकास आयुक्त, नजारत उप समाहर्ता, जिला सर्विलांस पदाधिकारी, डीआरसीएचओ, सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी आदि थे।

.बैठक में अधिकारियों को निर्देश देते उपायुक्त संदीप सिंह

अनुमंडल पदाधिकारी ने की सरकारी गाइडलाइन के अनुपालन की अपील

गोड्डा : जिले में बढ़ते कोरोना महामारी के मद्देनजर अनुमंडल पदाधिकारी श्री ऋतुराज ने दुकानदार सहित आम जनों से राज्य सरकार द्वारा जारी गाइडलाइन का अनुपालन करने की अपील की है। उन्होंने खासकर दुकानदारों से निश्चित समय पर प्रतिष्ठान बंद कर देने तथा मास्क और सोशल डिस्टेंस का पालन करने और करवाने की जानकारी देते हुए दुकानदारों को नो मास्क, नो एंट्री का साइन बोर्ड लगाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि सोशल डिस्टेंसिंग का भी पूर्ण रूप से अनुपालन हो इसको लेकर दुकानदार अपने दुकान के आगे बैरिकेडिंग की व्यवस्था कर बिना मास्क लगाए हुए व्यक्ति को कोई समान नहीं दें।

रामगढ़ प्रखंड के दोहाकातू पंचायत का डीडीसी व एसडीओ ने किया दौरा

योजनाओं का निरीक्षण कर दिये निर्देश

देशप्राण संवाददाता

रामगढ़, 9 अप्रैल : जिले के उप विकास आयुक्त नागेंद्र कुमार सिन्हा ने अनुमंडल पदाधिकारी कीर्तिश्री के साथ रामगढ़ प्रखंड अंतर्गत दोहाकातू पंचायत का दौरा किया। इस दौरान उप विकास आयुक्त एवं अनुमंडल पदाधिकारी ने पंचायत भवन में प्रखंड विकास पदाधिकारी एनी रिंकू कुजूर, दोहकातु पंचायत की मुखिया कलावती देवी, पंचायत सेवक, ग्राम रोजगार सेवक सहित अन्य कर्मियों के साथ बैठक कर दोहाकातु पंचायत में हो रहे विकास कार्यों की जानकारी ली। मौके पर उन्होंने मनरेगा के अंतर्गत संधारित की जाने वाली सात प्रकार की पंजी, ग्राम सभा पंजी, कार्यकारिणी पंजी, शिकायत पंजी, आगत-निर्गत पंजी की जांच करते हुए कई महत्त्वपूर्ण दिशा निर्देश अधिकारियों एवं कर्मियों को दिये। मौके पर उप विकास आयुक्त ने पंचायत सेवक, ग्राम रोजगार सेवक सहित अन्य कर्मियों को सभी प्रकार की पंजी जो पंचायत स्तर पर संधारित की जाती है को ससमय अपडेट करने एवं उससे संबंधित प्रतिवेदन प्रखंड स्तर पर उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। उप विकास आयुक्त एवं अनुमंडल पदाधिकारी द्वारा कर्मियों को पंचायत में स्कूल जाने वाले बच्चों से संबंधित पंजी, मिड डे मील पंजी, नवजात शिशुओं से संबंधित पंजी, धात्री माताओं से संबंधित पंजी, योजना पंजी आदि को भी ससमय संधारित करने का निर्देश दिया। इस दौरान उप विकास आयुक्त ने पंचायत भवन में उपलब्ध सुविधाओं जैसे इंटरनेट सेवा, शौचालय, पेयजल आदि की भी जानकारी ली एवं पंचायत भवन को नियमित रूप से खोलने, उसके माध्यम से आमजनों को लाभ देने तथा पंचायत भवन में साफ सफाई रखने से संबंधित कई महत्त्वपूर्ण दिशा निर्देश दिये। पंचायत भवन में बैठक के उपरांत उप विकास आयुक्त एवं अनुमंडल पदाधिकारी ने दोहाकातू पंचायत अंतर्गत चल रहे विकास कार्यों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने आम बागवानी, इंटर क्रॉपिंग, पेवर ब्लॉक, सोलर जल मीनार, सड़क निर्माण, प्रधानमंत्री आवास योजना सहित विभिन्न योजनाओं का निरीक्षण करते हुए प्रखंड विकास पदाधिकारी तथा अन्य कर्मियों को दिशा निर्देश दिये। ग्रामीणों से उन्हें सरकार द्वारा मिल रहे विभिन्न प्रकार के लाभों की जानकारी भी ली।

योजनाओं का निरीक्षण करते डीडीसी व अन्य

खबर कोना

तैलिक साहु समाज की जिला कमिटी का विस्तार

चतरा : अखिल भारतीय तैलिक साहु समाज के चतरा जिला अध्यक्ष जीवलाल साहु ने शुक्रवार को तैलिक साहु समाज के जिला कमिटी का विस्तार करते हुए पदाधिकारियों व कार्यकारिणी सदस्यों की घोषणा कर दी है। तैलिक साहु समाज के जिला कमेटी में उपाध्यक्ष-लखन साहु, सूरज साहु, मुकेश साहु व संतोष साहु उर्फ बंगाली साहु। सचिव विद्यासागर आर्य। सह सचिव-रामदुलार साहु, रामेश्वर साहु, आदित्य साहु, उमाशंकर साहु। कोषाध्यक्ष कन्हैया प्रसाद साहु एवं सह कोषाध्यक्ष मणि साहु बनाये गये हैं। इसके अलावा 51 कार्यकारिणी सदस्यों में नरेश साहु, नारायण साहु, मदन साहु, चिंतामण साहु, ललीत साहु, तिलेश्वर साहु, कुंवर साहु, आदित्य साव, शंकर साव, गंदौरी साव, राजेन्द्र साव,मुरारी साव, प्रदीप साव, शंभु साव, विशाल साव, गोविन्द साव, पेमन साव आदि हैं।

एक ही परिवार से 6 लोग कोरोना पॉजिटिव

घाघरा : प्रखंड मुख्यालय में एक ही परिवार से 6 लोग कोरोना पॉजिटिव पाये गये हैं। सभी को आइसोलेट किया गया है। वहीं घर की दयनीय स्थिति है घर में एक बच्चा है और बूढ़ी दादी मां है, दादी मां भी कोरोना का टीका ली है जिससे वे भी बेड रेस्ट पर है। बचे 8 वर्षीय बच्चा का बुरा हाल है। परिवार के मुखिया दूसरा प्रदेश ईट भट्ठा में पलायन किया है वहीं घर की महिला मुखिया जो प्रत्येक दिन काम कर घर चलाती है। उक्त महिला को भी कोरोना पॉजिटिव है। महिला दर्द का दवा लेने के लिए स्वास्थ्य केंद्र गयी थी जहां उन्हें जांच में कोरोना पॉजिटिव निकली। घर में सिर्फ चावल है इसके अलावा कुछ भी नही ऐसी स्थिति मे बूढ़ी मां को घर चलाना काफी मुश्किल हो रहा है। समाजसेवी शीला कुजूर पीड़ित के घर पहुंची और कहा कि प्रशासन कुछ व्यवस्था करें ताकि यह लोग स्वस्थ और सुरक्षित रह सकें।

सोशल डिस्टेंस की उड़ रही धज्जियां

घाघराः सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में सोशल डिस्टेंस की धज्जियां उड़ाते देखा गया। यहां बता दें कि घाघरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व योजना के तहत गर्भवती महिला जांच के लिए लगभग दर्जनों की संख्या में स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे जहां सिस्टम नाम की कोई चीज नहीं थी। सोशल डिस्टेंस की तो मानों धज्जियां ही उड़ा दी गयी, ना ही किसी महिला ने मास्क पहना था और ना ही सोशल डिस्टेंस का पालन हो रहा था। ऐसे में ही डॉक्टरों ने महिलाओं को जांच की। समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के द्वारा एएमसी (गर्भावस्था के दौरान महिलाओं की स्वास्थ्य जांच)के लिए चार कलस्टर बनाया गया है। इस क्लस्टर में महिलाओं ने जांच करायी, यह कोई अचानक घटी घटना नहीं है। दिन जांच के लिए निर्धारित किया था, तो व्यवस्था भी दुरुस्त रखनी चाहिए थी। न ही महिलाओं ने मास्क पहना था और न सोशल डिस्टेंस में थे। इस संबंध में चिकित्सा प्रभारी डॉ राजेश कुमार से पूछने पर उन्होंने कहा अधिक भीड़ हो जाती है इसलिए चार कलस्टर बनाकर जांच की जा रही है। ग्रामीण महिलाओं में जागरूकता की घोर कमी है कोई कुछ भी सुनना नहीं चाहती।

बिना मास्क लगाये जांच के लिए कतारबद्ध महिलाएं।

थाना प्रभारियो के नेतृत्व में फ्लैग मार्च

गिरिडीह : वैश्विक महामारी कोरोना के बढ़ते संक्रमण को देखते हुए सरकार द्वारा जारी निर्देशों का अनुपालन हेतु डुमरी एवं निमियाघाट पुलिस ने अपने थाना क्षेत्र के डुमरी चौक, चिरैया मोड़, इसरी चौक, स्टेशन रोड में थाना प्रभारी के नेतृत्व में फ्लैग मार्च निकाल दुकानें बंद करवायी व सरकार के गाइडलाइन का अनुपालन करने व मास्क लगाकर रहने को कहा। वहीं जिनके पास मास्क नही थे उन्हे मास्क उपलब्ध कराते हुए घर में रहे सुरक्षित रहने की बात कही। डुमरी थाना प्रभारी राजू कुमार मुंडा तथा निमियाघाट थाना प्रभारी विकास पासवान सदलबल अपने थाना क्षेत्र के भीड़भाड़ वाले प्रमुख स्थलों एवं चौक चौराहों का जायजा लेते हुए दुकानों को बंद कराया साथ ही रात्रि 8 बजे दुकानें बंद कर देने का निर्देश दिया। इस दौरान एसआई परमेश्वर टोप्पो, गोपाल महतो, सौरभ राज एएसआई बाबूजान मुर्मू, एएसआई शैलेन्द्र मुर्मू आदि उपस्थित थे।

नगर अध्यक्ष ने उपायुक्त को दिया आवेदन

डोमचांच (कोडरमा) : डोमचांच नगर पंचायत क्षेत्र में पानी की भीषण समस्या को लेकर नगर पंचायत अध्यक्ष राजकुमार मेहता ने कोडरमा उपायुक्त रमेश घोलप को आवेदन देकर नगर क्षेत्र में पेयजल आपूर्ति को सुचारू रूप से चलाने को लेकर आवेदन दिया है। आवेदन में उन्होंने कहा कि नगर पंचायत डोमचांच क्षेत्र में पीएचडी के द्वारा पेयजल आपूर्ति हेतु पाइपलाइन बिछाया गया था जिसमें पाइपलाइन ज्यादातर नगर क्षेत्र में नहीं बिछाये जा सके। नगर पंचायत डोमचांच का पूरा क्षेत्र में आच्छादित नहीं है जिसके कारण नगर क्षेत्र के हजारों लोगों को इस भीषण गर्मी के मौसम में पेयजल की समस्या का सामना करना पड़ रहा है। नगर पंचायत क्षेत्र के सभी वार्डों में नल के माध्यम से जल की आपूर्ति करने हेतु सक्षम प्राधिकार को नियुक्त कर समस्या का समाधान करने की मांग की है।

पीड़ित ब्राह्मण परिवार से विधायक ने ली जानकारी

रामगढ़ : शहर के नयी सराय में क्षत्रिय धर्मशाला के पीछे भूमि विवाद में मनोज पांडे की मौत होने के बाद मामला गरमाया। इस घटना की उच्चस्तरीय जांच चल रही है। इसी बीच शुक्रवार को विधायक ममता देवी अपने समर्थकों के साथ पीड़ित ब्राह्मण परिवार के आवास पहुंची। यहां आग से जलकर मरे मनोज पांडे की माता ने विधायक को पूरी घटना की जानकारी दी। पूरा पांडे परिवार इस घटना के लिए पुलिस प्रशासन को दोषी बता रहा है। पांडे परिवार का कहना है कि रामगढ़ पुलिस ने इस मामले में एकतरफा कार्रवाई की है। जिसके कारण यह घटना घटी है। पांडे परिवार ने विधायक से आग्रह किया कि इस मामले में उन्हें इंसाफ चाहिए। पीड़ित परिवार को विधायक ममता देवी ने आश्वासन दिया कि सरकार की इस घटना पर नजर है। सरकार दोषियों को छोड़ने नहीं जा रही है। विधायक के साथ कांग्रेस के जिलाध्यक्ष मुन्ना पासवान, बलजीत सिंह बेदी, सीपी संतन, खोगेंद्र साव, हीरालाल महतो, अनिल मुंडा, दिगंबर गुप्ता, गौरी शंकर महतो आदि मौजूद थे।

सांत्वना देती विधायक ममता देवी।

डीसी ने कोविड केयर सेंटर का किया निरीक्षण

गोड्डा : उपायुक्त भोर सिंह यादव ने पॉलिटेक्निक कॉलेज सिकटीया स्थित पॉलिटेक्निक कॉलेज कोविड केयर सेंटर का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने कोरोना से बचाव, संक्रमित व्यक्तियों के उपचार, जांच, बेड, रखरखाव, साफ-सफाई सहित मूलभूत सुविधाओं की जांच कर कोविड से संक्रमित मरीजों का इलाज करनेवाले चिकित्सकों और सफाईकर्मियों आदि की समुचित व्यवस्था का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने साफ सफाई सहित अन्य चीजों की व्यवस्था करने का निर्देश सिविल सर्जन को दिया। उन्होंने सिविल सर्जन से वेंटिलेटर, ऑक्सीजन की जानकारी लेते हुए मरीजों को गुणवत्तायुक्त भोजन मुहैया कराने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने क्वॉरेंटाइन सेंटर में स्वास्थ्य सुविधा के साथ भोजन, जलपान, पेयजल शौचालय एवं बिजली को दुरुस्त रखने का निर्देश देते हुए कहा कि सेंटर में रहने वाले लोगों को किसी भी प्रकार की परेशानियों का सामना नहीं करना पड़े। मौके पर सिविल सर्जन डॉ शिव प्रसाद मिश्रा, अनुमंडल पदाधिकारी ऋतुराज सहित अन्य स्वास्थ्य कर्मी व पदाधिकारी गण मौजूद थे।

सिविल सर्जन को निर्देश देते हुए उपायुक्त

आवास योजना शहरी हेतु करायें पंजीयन : नगर प्रबंधक

कोडरमा : प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी सरकार की महत्वकांक्षी योजना है। जिसका उद्देश्य हर व्यक्ति जिनके पास कच्चा मकान है, उनको पक्का मकान उपलब्ध कराना है। नगर प्रबंधक राज कुमार वर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी के तहत कोडरमा नगर पंचायत क्षेत्र अंतर्गत बोनाकाली किफायती आवास परियोजना के अंतर्गत 90 आवासों का निर्माण किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि प्रति आवास की लागत 5.62 लाख रुपये है, जिसमें सरकार का अंशदान 2.50 लाख रुपये है और शेष राशि 3.12 लाख लाभुक का अंशदान है। जो किस्तों में दिया जाना है। प्रति आवास में एक रुम, एक हॉल, किचन, बाथरुम, एवं बालकोनी की व्यवस्था है। निर्माण कार्य प्रगति पर है। उन्होंने बताया कि इस योजना का लाभ वैसे व्यक्ति ले सकते हैं, जो नगर पंचायत कोडरमा में 17-06-2015 से पहले के निवासी है तथा उनके पास पहचान पत्र अनिवार्य होना चाहिए। योजना का लाभ लेने हेतु सर्वप्रथम 5 हजार रुपये देकर आवास के लिए पंजीयन करा सकते हैं।

कोरोना से एक की मौत, परिवार में थे कई संक्रमित

मेदिनीनगर : कोरोना के सेकेंड स्ट्रेन ने झारखंड के साथ ही पलामू में भी कहर बरपाना शुरू कर दिया है। पलामू जिला मुख्यालय स्थित कोविड केयर सेंटर में भर्ती एक मरीज का आज मौत हो गयी। मृतक महिला रेड़मा स्थित श्रीराम पथ की निवासी बतायी गयी है। बताया जाता है कि उक्त घर के कई अन्य सदस्य भी कोरोना संक्रमित मिले हैं, जिनमें से दो का इलाज रांची में चल रहा है। इस वर्ष कोरोना से मौत का यह पहला मामला बताया जाता है। वहीं, शुक्रवार को पलामू जिले में कई अन्य नये कोरोना संक्रमित भी मिले हैं। जिनमें से कुछ गंभीर लोगों को कोविड केयर सेंटर में भर्ती कराया गया है।

संक्षिप्त समाचार

दामोदर में स्नान कर मनाया बारुनी पर्व

महुदा(धनबाद) : दामोदर नदी में हजारों लोगों ने स्नान कर आस्था का बारुनी पर्व मनाया। महुदा के भाटडीह क्षेत्र के दामोदर नदी में सदियों से चली आ रही प्रथा के अनुसार, इस बार भी मनाया गया। प्रतिवर्ष चैत त्रयोदशी कृष्णपक्ष को इसे मनाया जाता है। दामोदर बचाव अभियान समिति के सदस्यों द्वारा श्रद्धालुओं का विशेष ध्यान रखा जाता है। साथ ही पत्थरों व शिलाओं पर नारियल फोड़ कर पूजा अर्चना की जाती है।

राहुल सांकृत्यायन की जयंती मनी

कतरास (धनबाद): कतरास भगत सिंह चौक के समीप महा पंडित राहुल सांकृत्यायन की जयंती मनायी गयी। इस अवसर पर आयोजित श्रद्धांजलि सभा का अध्यक्षता शहीद भगत सिंह स्मारक समिति के अध्यक्ष सह झामुमो नेता राजेन्द्र प्रसाद राजा ने की। इस अवसर पर मृणाल मिश्रा, झामुमो के कंचन महतो, शिबू मांझी,आशीष सिंह, राजेश सिंह, सचिदानंद कुमार, माणिक महतो, राजू खान, बैजनाथ गोप, ललन केशरी, अधिवक्ता सुरेन्द्र सिंह, भैरवनाथ महतो आदि थे।

जैप 3 कोविड कैंप का निरीक्षण किया

धनबाद : लोगों में कोविड समुचित व्यवहार के अनुपालन से संबंधी जागरूकता फैलाने एवं कैंप में उपलब्ध व्यवस्थाओं की समीक्षा के लिए उपायुक्त सह अध्यक्ष जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकार उमाशंकर सिंह ने शुक्रवार को गोविंदपुर स्थित जैप 3 कोविड सेन्सीटाइजेशन कैंप का निरीक्षण किया। इस संबंध में उपायुक्त ने कहा कि कोरोना संक्रमण के उचित प्रबंधन तथा इसके फैलाव को खत्म करने के लिए सभी के सहयोग से आवश्यक उपाय सुनिश्चित किया जाना आवश्यक है।

ट्रक चालक की गमछा से गला घोंटकर हत्या

चांडिल : रामगढ़ जिला स्थित मांडू के रहने वाले ट्रक चालक की गमछा से गला घोंटकर हत्या कर दी गई। मृतक की पहचान रामगढ़ जिला मांडू गांव निवासी 30 वर्षीय राजा सिंह के रूप में हुई है। शुक्रवार की सुबह चौका थाना क्षेत्र के एनएच 33 स्थित बडामटांड़ के पास ट्रक से दुर्गंध आने के बाद ग्रामीणों ने देखा कि ट्रक के केबिन में शव पड़ा हुआ है। सूचना मिलने के बाद थाना प्रभारी प्रकाश यादव घटनास्थल पहुंचे तथा मामले की छानबीन कर शव को पोस्टमार्टम के लिए सरायकेला सदर अस्पताल भेज दिया।

पाकुड़ में 26 कोरोना संक्रमित की पुष्टि

पाकुड़: जिले में कोरोना संक्रमण के संख्या दिन पर दिन बढ़ती जा रही है शुक्रवार को भी 26 कोरोना संक्रमित मरीज पाई गई हैं। डीसी कुलदीप चौधरी ने शुक्रवार को जिले में 26 कोरोना संक्रमित मिलने की पुष्टि की है। जिले में अब एक्टिव कोरोना संक्रमित मरीजों की संख्या 146 हो चुकी है। कोरोना संक्रमित की पुष्टि होने पर उक्त मरीजों को कोविड-19 मैनेजमेंट सेंटर रिंची लिट्टीपाड़ा में भर्ती कर दिया गया है। जिसका समुचित इलाज चल रहा है। मिले नये 26 कोरोना पॉजिटिव मरीजों को मिलाकर जिले में एक्टिव कोरोना मामलों की संख्या 146 है।

कोचिंग संस्थानों का किया निरीक्षण

चंदवारा : कोविड 19 महामारी की दुसरी लहर के बढ़ते मामलों और राज्य सरकार के नये गाइड लाइन जारी होने के बाद भी तिलैया डैम में कोचिंग संस्थानों के खुले रहने की शिकायत के आलोक में शुक्रवार को अंचलाधिकारी रामरतन वर्णवाल और प्रखण्ड विकास पदाधिकारी संजय कुमार यादव ने औचक निरीक्षण किया। अधिकारियों ने यूनिक कोचिंग, ग्रिजली विद्यालय, आर्मी अकादमी सहित अन्य कोचिंग संस्थानों का निरीक्षण किया। कोचिंग संचालकों से संस्थानों को तत्काल बंद करने के निर्देश दिये। कहा कि कोरोना गाइडलाइन का सख्ती से पालन करना अनिवार्य है।

कोचिंग संस्थान बंद कराने के विरोध में सड़क पर उतरे छात्र

कोर्रा डिस्ट्रिक्ट चौक को किया जाम

हम सभी की जिंदगी के साथ ना खेले सरकार

जाम हटाने के लिए पुलिस ने किया हल्का बल प्रयोग

देशप्राण संवाददाता

हजारीबाग, 9 अप्रैल : शहर में आज उस समय अफरातफरी की स्थिति पैदा हो गयी जब स्थानीय कोरा पुलिस मटवारी पहुंचकर कई कोचिंग संस्थानों को बंद कराने का प्रयास किया। कोचिंग संस्थान बंद कराने का विरोध विद्यार्थियों द्वारा किया जाने लगा। हालांकि इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार कुछ कोचिंग संस्थान के संचालक विद्यार्थियों को विरोध करने के लिए उकसाया। कहा गया कि कोविड-19 के नाम पर आप सबों के भविष्य के साथ खेलने का काम किया जा रहा है। इधर विद्यार्थी सरकार व जिला प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी करते हुए कोर्रा चौक पहुंचकर जाम कर दिया। वहां से विद्यार्थी स्थानीय डिस्ट्रिक बोर्ड चौक पहुंचकर रांची-पटना मार्ग को जाम कर दिया। हालांकि प्रशासन द्वारा विद्यार्थियों को समझाने का प्रयास किया गया, बात नहीं बनने व दोनों तरफ से वाहनों की कतार लग जाने के कारण हल्का बल प्रयोग कर विद्यार्थियों को खदेड़ा गया।

हंगामा करते छात्र।

हंगामा कर रहे छात्रों को पुलिस ने बलप्रयोग कर खदेड़ा।

इधर विद्यार्थियों का यह भी कहना था कि जहां चुनाव हो रहे हैं वहां हजारों लाखों की संख्या में जमा कर रैली की जा रही है। रैली में बड़े- बड़े नेता भाषण देते हैं कोरोना का कोई प्रकोप नहीं। दूसरी ओर स्कूल कॉलेज व कोचिंग संस्थानों में पढ़ रहे विद्यार्थियों से कोरोना फैल रहा है? विद्यार्थियों का यह भी कहना है कि मैट्रिक व इंटर की परीक्षा होने वाली है, वैसे में कोचिंग संस्थानों को बंद करवा दिये जाने से पढ़ाई बाधित होगी।

रेडियोलॉजी संस्थानों के प्रबंधकों के साथ डीसी ने की बैठक, कहा

व्यापार से पहले भलाई के बारे में सोचें

देशप्राण संवाददाता

धनबाद, 9 अप्रैल : सभी रेडियोलॉजी संस्थान व्यापार से पहले नागरिकों की भलाई के विषय में सोचें। लोगों को सुरक्षित रखना तथा उनका उचित समय पर उचित इलाज सुनिश्चित करना हमारा सबसे बड़ा कर्तव्य है। यह बातें उपायुक्त उमा शंकर सिंह ने शुक्रवार को जिला अंतर्गत संचालित रेडियोलोजी संस्थानों के प्रबंधकों के आयोजित बैठक में कही।

उन्होंने कहा कि धनबाद जिला अंतर्गत सभी रेडियोलॉजी संस्थान के संचालकों, प्रभारियों एवं लैब टेक्नीशियन को उनके संस्थान अंतर्गत जांच कराने वाले सभी लोगों की समेकित विवरणी एवं डायग्नोसिस रिपोर्ट प्रतिदिन नोडल पदाधिकारी, आईडीएसपी सेल को भेजने का आदेश दिया गया था। उन्होंने बताया कि प्राप्त सूचना अनुसार बहुत सारे संक्रमण के लक्षण वाले लोग अब भी जिला अंतर्गत विभिन्न रेडियोलॉजी केंद्रों में सिटी स्कैन के माध्यम से संक्रमण की जांच करा रहे हैं एवं इसकी सूचना आईडीएसपी सेल धनबाद से साझा नहीं की जा रही है। उक्त कृत्य कोरोना महामारी के संक्रमण को बढ़ा सकता है। जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकार धनबाद में इसे अत्यंत गंभीरता से लिया है।

बैठक करते उपायुक्त।

उपायुक्त ने बताया कि विगत दिनों में धनबाद जिला अंतर्गत कोरोना महामारी संक्रमण की रफ्तार में बढ़ोतरी दर्ज की गयी है। आवश्यक है कि मरीजों को ससमय जांच एवं उचित उपचार उपलब्ध कराया जाए।

कुएं में मिट्टी भरकर समतल करने का विरोध, जाम

देशप्राण संवाददाता

जाम कर रहे लोगों को समझाने पहुंचे अधिकारी।

महुदा(धनबाद) : फोरलेन सड़क निर्माण कंपनी अशोका बिल्डकॉन लि. के द्वारा पेयजल की वैकल्पिक व्यवस्था किये बिना फोरलेन के बीच में स्थित एकमात्र सरकारी कुआं को चोरी छिपे मध्य रात्रि में मिट्टी से भरकर समतल कर दिया गया। प्रतिदिन की तरह तारगा गांव की दर्जन भर महिलाएं पानी लेने के लिए पहुंची तो देखा की कुआं गायब है, सूचना मिलते ही भारी संख्या में तारगा के ग्रामीण उक्त स्थल पर पहुंचे एवं नवनिर्मित फोरलेन सड़क को जाम कर दिया। जिससे सभी वाहनों का आना-जाना बंद हो गया। इस जाम में सड़क बनाने वाली कम्पनी अशोका बिल्डकॉन की दर्जनों वाहनों की कतार लग गयी। बाघमारा बीडीओ सुनील कुमार प्रजापति, प्रमुख मीनाक्षी रानी गुड़िया एवं एनएचएआई के अधिकारी शैलेन्द्र कुमार पहुंचे एवं ग्रामीणों को समझाने का प्रयास किया।

कमल जॉन लकड़ा ने संभाला उ. छोटानागपुर आयुक्त का प्रभार

देशप्राण संवाददाता

हजारीबाग : उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडलीय आयुक्त कमल जॉन लकड़ा ने चुनाव प्रेक्षक कार्य से वापस आकर शुक्रवार को आयुक्त उत्तरी छोटानागपुर का पदभार पुनः संभाला।

अतिरिक्त पदभार संभाल रहे आयुक्त पलामू प्रमंडल, मेदिनीनगर जटा शंकर चौधरी ने प्रमंडलीय आयुक्त उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडल के अतिरिक्त पदभार से स्वतः परित्याग किया।

मालूम हो कि प्रमंडलीय आयुक्त उत्तरी छोटानागपुर, हजारीबाग के पद पर पदस्थापित कमल जॉन लकड़ा के चुनाव प्रेक्षक कार्य से प्रस्थान करने के फलस्वरूप मुख्यालय से बाहर रहने की अवधि तक के लिए पलामू प्रमंडलीय आयुक्त, झारखंड के पद पर पदस्थापित जटा शंकर चौधरी अपने कार्यों के साथ उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडलीय आयुक्त, हजारीबाग के अतिरिक्त प्रभार में थे।

कमल जॉन लकड़ा।

विभावि : टेक्विप 3 के शिक्षकों का सेवा विस्तार

देशप्राण संवाददाता

हजारीबाग, 9 अप्रैल : विनोबा भावे विश्वविद्यालय परिसर स्थित इंजीनियरिंग कॉलेज (यू सेट) में टेक्विप 3 के शिक्षकों का सेवा विस्तार कर दिया गया है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार टेक्विप 3 के शिक्षकों की अवधि 3 वर्ष 31 मार्च 2021 को समाप्त हो गयी थी।

अवधि समाप्त होने के बाद संबंधित सभी 21 शिक्षकों के सेवा विस्तार पर संशय की स्थिति पैदा हो गयी थी। सभी शिक्षक कई बार विश्वविद्यालय के कुलपति व कुलसचिव से मिलकर यू सेट में ही रखने की आग्रह कर चुके थे। हालांकि विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा कोई सकारात्मक कदम नहीं उठाये जाने के बाद भारत सरकार व राज्य सरकार से गुहार लगाने के बाद 6 महीने का सेवा विस्तार दिया गया है। हालांकि इस संबंध में यह भी कहा गया है कि इसके आगे की अवधि के लिए विश्वविद्यालय प्रशासन निर्णय लेने में सक्षम है। हालांकि इस संबंध में पूछे जाने पर कुलसचिव डॉ बंशीधर रूखैयार ने भी दो दिन पहले बातचीत करते हुए सेवा विस्तार दिये जाने की पुष्टि की।

12 अप्रैल को होनेवाली सिंडिकेट की बैठक स्थगित

विनोबा भावे विश्वविद्यालय में 12 अप्रैल को होने वाली सिंडिकेट की बैठक अपरिहार्य कारणों से स्थगित कर दी गयी है। अगली बैठक की सूचना बाद में निर्धारित करने की जानकारी कुलसचिव डॉ बंशीधर रूखैयार द्वारा दी गयी।

पानी की किल्लत, मुरझा रहे फसल

देशप्राण संवाददाता

बड़कागांव, 9 अप्रैल : बड़कागांव प्रखंड के साँढ़ पंचायत में इन दिनों पेयजल की घोर संकट है। यहां छपेरवा नदी एवं एक तालाब सूख चुके हैं। वहीं 5 से अधिक चापाकल खराब हो चुके हैं। ऐसे में ना जानवरों के पानी पीने के लिए मिल रहा है ,और ना ही पर्याप्त पानी पीने के लिए ग्रामीणों को मिल रही है। सांढ़ पंचायत में लगभग 5000 से अधिक जनसंख्या है। वार्ड सदस्य आनंद कुमार राज ने बताया कि सांढ़ पंचायत के पारा शिव मंदिर के पास एक चापाकल, इमली चौक दुर्गा मंदिर के पास एक चापाकल, छपेरवा शिव मंदिर के पास एक चापाकल, होरम मोड़ स्थित नेपाल महतो के घर के पास एक चापाकल एवं तिलनाथ महतो के घर के पास एक चापाकल खराब है। उन्होंने बताया कि अन्य गांवों में भी कई चापाकल खराब हैं। सोहन कुमार मेहता ने बताया कि सांढ़ इमली चौक में दो चापाकल खराब है। जिसमे एक पूरी तरह खराब है। जबकि दूसरा चापाकल में 10 -12 बार हैंडल लगाने के बाद पानी धीरे-धीरे निकलता है। इसलिए यहां दोनों चापाकल बनाने की आवश्यकता है।

नदी व तालाब सूखने से 50 एकड़ फसल की क्षति

छपेरवा नदी एवं सांढ़ का तालाब सूख जाने से लगभग 50 एकड़ में लगे फसलों की क्षति हो रही है।

सब स्टेशन से लूट मामले में चार गिरफ्तार, सामान बरामद

देशप्राण संवाददाता

कालूबथान(धनबाद): बीते एक सप्ताह पहले कालुबथान ओपी अंतर्गत केलियासोल सब स्टेशन में हथियार के बल पर हुई डकैती का उद्‌भेदन पुलिस ने कर लिया है। निरसा डीएसपी विजय कुमार कुशवाह ने कालुबथान ओपी में एक पत्रकार वार्ता आयोजित कर इस बात की जानकारी दी।

डीएसपी विजय कुमार कुशवाहा के नेतृत्व में छापेमारी दल ने एक सप्ताह के भीतर ही सफलता हासिल कर ली। घटना में संलिप्त अपराधियों में से चार अपराधियों को समान के साथ धनबाद ज़िला के विभिन्न क्षेत्र से गिरफ़्तार कर लिया गया। इस डकैती कांड में लूटे गेय कीमती कॉपर समेत अन्य समान को जब्त कर लिया गया है। साथ ही पकड़े गये चार अपराधियों के पास से पुलिस ने एक स्विफ़्ट कार, एक एयर पिस्टल, साढ़े तीन लाख रुपया नगद समेत चार मोबाइल फोन पुलिस ने जब्त किया। लेकिन डकैती कांड का मुख्य मास्टर माइंड राजू खान अभी भी पुलिस के गिरफ़्त से बाहर है।

आयुक्त ने किया पुरातात्विक स्थल बहोरनपुर का निरीक्षण

खुदाई में मिली मूर्तियों के बारे में जानकारी ली

देशप्राण संवाददाता

हजारीबाग, 9 अप्रैल : जिला अंतर्गत बहोरनपुर में स्थित पुरातत्विक खुदाई स्थल का निरीक्षण उत्तरी छोटनागपुर प्रमंडल के आयुक्त जटा शंकर चौधरी की अध्यक्षता में की गयी। मालूम हो कि हजारीबाग जिला अंतर्गत बहोरनपुर खुदाई स्थल से पुरातत्व विभाग को भव्य सुंदर मूर्तियां प्राप्त हुई हैं। इसमें भगवान बुद्ध और मां तारा की कई प्रतिमाएं शामिल हैं। आयुक्त ने खुदाई स्थल पर पुरातत्व विभाग के अधिकारी अधीक्षण पुरातत्विक, डॉ. राजेंद्र देहुरी एवं पुरातत्व विद डॉ. वीरेंद्र कुमार से मिलकर वहां मौजूद मूर्तियों की जानकारी ली। अधिकारी के द्वारा उन्हें बताया गया कि सभी मूर्तियां सफेद पत्थर पर उकेरी हुई हैं। पत्थर की मूर्ति ईंट की बनी देव कोष्ठ से लगी हुई है।

जायजा लेते जटाशंकर चौधरी।

मूर्ति की ऊंचाई ढाई से तीन फुट के बीच है। भगवान बुद्ध की यह मूर्ति 1200 वर्ष पुराने पालवंश कालीन की है।

हजारीबाग गौशाला का किया भ्रमण

हजारीबाग में स्थित झारखंड के सबसे बड़े गौशाला आवास का भ्रमण आयुक्त जटाशंकर चौधरी के द्वारा किया गया। जहां उन्होंने संचालक विनय मिश्रा से मुलाकात कर गौशाला के संचालन की जानकारी ली। तत्पश्चात उन्होंने गौशाला संचालक को गौदान, गौगोद लेने की योजना बनाने का सुझाव दिया।

मां भद्रकाली का लिया आशीर्वाद

हजारीबाग : पलामू (मेदिनीनगर) प्रमंडल सह उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडल आयुक्तजटा शंकर चौधरी ने सुबह चतरा जिले के राजस्व गांव अहरपाड़ा के बाहरी इलाके इटखोरी में स्थित मां भद्रकाली के मंदिर पहुंच उनकी पूजा-अर्चना कर उनका आशीष लिया। उन्होंने कोरोना को हराते हुए राज्य के विकास की मंगलकामना की।

संस्कृति संग्रहालय की ली महत्वपूर्ण जानकारियां

पूजा अर्चना के पश्चात उन्होंने मंदिर परिषर का भ्रमण किया, इस दौरान उन्होंने 1008 शिवलिंग दर्शन, बोद्ध धर्म के अवशेष एवं जैन धर्म से जुड़े तथ्यों को देखा। इसके अलावे उन्होंने संस्कृति संग्रहालय का भी भ्रमण किया।

कनहरी हिल का भ्रमण किया

आयुक्त हजारीबाग ने प्रसिद्ध पर्यटक स्थल कनहरी हिल का भ्रमण किया। उन्होंने पहाड़ पर बनी इमारत से हजारीबाग के खूबसूरत दृश्य का आनंद लिया।

खबरकोना

परवेज ने लिया मनरेगा बीपीओ का प्रभार

बीपीओ का स्वागत करते लोग।

बरही : बरही प्रखंड में मनरेगा के नव पदस्थापित प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी (बीपीओ) का प्रभार मो. परवेज ने ग्रहण किया। उन्हें निवर्तमान बीपीओ राजेश कुमार ने पदभार सौंपा। मौके पर मो. परवेज को पुष्प गुच्छ देकर प्रखंड कर्मियों ने स्वागत किया। मौके पर कनीय अभियंता अफजल अंसारी, पीएमएवाई के बीसी अजय कुमार, रोजगार सेवक शिबू विश्वकर्मा, रामेश्वर प्रसाद मेहता, सामंत कुमार, कोलेश्वर प्रजापति, प्रदीप कुमार, विनोद कुमार मुनाजिर अहमद, रामचंद्र पासवान, अरुण कुमार पासवान, हरिश्चंद्र शर्मा, रंजन कुमार मेहता, अरविंद कुमार यादव आदि उपस्थित थे। वहीं निवर्तमान बीपीओ राजेश कुमार को सादे समारोह बीच विदाई दी गयी।

मंगला जुलूस में दर्ज प्राथमिकी की जांच की अपील

हजारीबाग : हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी परंपरागत तरीके से हो रहे मंगला जुलूस एवं रामनवमी की तैयारी की जा रही थी। इसी क्रम में सरकार के द्वारा कोविड-19 को देखते हुए दिशा निर्देश में रामनवमी न मनाने का जिक्र किया गया था, एवं मंगला जुलूस को लेकर किसी भी प्रकार का कोई दिशा निर्देश निर्गत नहीं किया गया था। इसी कारण कुछ अखाड़ा धारी के द्वारा मंगला जुलूस निकाले जाने की तैयारी की जा रही थी। अचानक से दिनांक 30/3/2021 दिन मंगलवार को जिला प्रशासन के द्वारा मंगला जुलूस ना निकालने की अपील करते हुए लगभग दोपहर के एक बजे नोटिस जारी किया। जिससे अखाड़ा धारियों में आक्रोश का माहौल था। कुछ उपद्रवी असामाजिक तत्वों ने प्रशासन के ऊपर पथराव जैसी घिनौनी हरकत को अंजाम दिया। जिसका सभी हिंदू समाज पुरजोर विरोध करता है। अगले दिन दिनांक 31/3/2021 कि सुबह अखबार के माध्यम से पता चला कि प्रशासन के द्वारा 40 नामजद एवं 250 अज्ञात पर प्राथमिकी दर्ज की गयी है। प्रशासन से अपील है कि पथराव जैसे घिनौनी हरकत को अंजाम देने वाले को चिह्नित कर कड़ी कार्रवाई की जाए एवं निर्दोष व्यक्तियों का सुपरविजन करके नाम काटा जाए।

डॉ भीमराव अंबेडकर जयंती मनाने की तैयारी शुरू

बड़कागांव : बड़कागांव प्रखंड में बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की जयंती मनाने को लेकर तैयारी शुरू हो गयी है। प्लस टू हाई स्कूल के शिक्षक अशोक कुमार राम ने अपने निजी खर्चे से बाबा साहब की आदमकद प्रतिमा के रंग रोगन करवा रहे हैं। अशोक कुमार ने बताया कि बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा का रंग छूट गया था। जो देखने में अच्छा नहीं लग रहा था। हमारा मानव समाज को हक और अधिकार कानून के दृष्टिकोण से हर तरफ सुरक्षा मिला यह बाबा साहब के दिन है जिन्हें हम कभी भुला नहीं सकते हैं। बड़कागांव में 14 अप्रैल को मनाने को लेकर बैठक हुई। बैठक में निर्णय लिया गया कि कोविड-19 एक्ट का पालन करते हुए जयंती मनायी जाएगी। इस दिन हर घरों में दीपावली की तरह दीये जलाए जाएंगे। मौके पर पूर्व पंचायत समिति सदस्य राजीव रंजन,अध्यक्ष रघुनाथ राम, सचिव अजित कु रवि, महेश राम, चन्दन गुरु, सुकेश राम, रामेश्वर, शंभु कुमार रविदास, संजय कुमार निगम, सिकन्दर राम, सरजु राम, लालकिशुन राम, नागेंद्र कुमार राम समेत अन्य शामिल थे।

ऑनलाइन मोबाइपेयजल से होगा निवारण : डीसी

धनबाद : आमजनों के पेयजल से संबंधित समस्याओं की त्वरित, पारदर्शी एवं समयबद्ध तरीके से निवारण सुनिश्चित करने के उद्देश्य से एनआईसी द्वारा विकसित जल दृष्टि मोबाइल एप एवं वेब पोर्टल प्रारम्भ किया गया है। इस संबंध में उपायुक्त उमा शंकर सिंह ने कहा कि धनबाद जिले के जल विकास के लिए संबंधित कार्यालयों में बेहतर प्रशासनिक कार्य कुशलता, पारदर्शिता एवं कार्य दक्षता का होना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा यहां शहरी, अर्ध शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्र के आम नागरिकों का जनसंख्या घनत्व काफी अधिक है। आम नागरिकों की जल से संबंधित समस्याओं का पारदर्शिता पूर्वक त्वरित निराकरण करना अत्यंत आवश्यक है। एक ऑनलाइन मोबाइल एप्प जल दृष्टि प्रणाली लागू करने का निर्णय लिया गया है।

ट्रैक्टर पलटने से नाबालिग युवक की मौत

दारू (हजारीबाग) : दारू थाना क्षेत्र के मेडुकुरी खुर्द निवासी 16 वर्षीय युवक की मौत ट्रैक्टर में दब जाने के कारण हो गयी। युवक विकास कुमार पिता सुनील साव मेड़कुरी खुर्द का रहना वाला था। गुरुवार की शाम 6 बजे के करीब अपने घर से झुमरा जाने के लिए खड़ा था तभी उधर से उसी गांव के ही शंभु यादव लाल रंग का ट्रैक्टर आते दिखा जिससे उसने झुमरा तक ले जाने का आग्रह किया। ट्रैक्टर जैसे ही कोय गांव पहुंचा सामने से किसी जानवर के आ जाने से असंतुलित होकर पलट गया। ट्रैक्टर का चालक ने गाड़ी से कूद कर अपनी जान बचायी जबकि मासूम विकास गाड़ी के नीचे दब गया। थाना प्रभारी विजय कुमार सिंह को घटना की जानकारी दी। घटनास्थल पर पहुंची पुलिस ने लोगों की मदद से उसे ट्रैक्टर से बाहर निकाला और पुलिस की गाड़ी से इलाज के हजारीबाग मेडिकल कॉलेज ले गये जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

कांग्रेस के नेतृत्व में चला जागरूकता अभियान

सिजुआ(धनबाद) : समाजिक कार्यकर्ता सह काग्रेस पाटी के वरिष्ठ नेता बिकास सिंह ने शुक्रवार को कोरोना वायरस से बचाओ को लेकर जोगता मोड मे जागरूकता अभियान चलाया। अभियान के क्रम मे उन्होंने दुकानदार तथा आम लोगों के बीच निःशुल्क मास्क का भी वितरण किया। श्री सिंह ने जागरूकता अभियान के क्रम मे मास्क नही लगाने वालों को फूल की माला पहनाकर तथा मास्क देकर हर हाल मे मास्क लगाने, सामाजिक दूरी का पालन करने, सरकार और विभाग की ओर से जारी गाइडलाइन पर अमल करने की लोगों से अपील की। श्री सिंह ने जागरूकता अभियान के क्रम मे कहा कि कोरोना महामारी से एकमात्र बचाव सुरक्षा नियमों का पालन करना बताया। साथ ही उन्होंने कोरोना वैक्सीन हर हाल में लगाने का भी लोगों से अपील की। जागरूकता अभियान में श्री सिंह के साथ राहुल, शंकर दास, दया शंकर सिंह, संतोष कुमार, मनीष वर्णवाल, कृष्णा राम, धीरज कुमार आदि अन्य शामिल थे।

वैक्सीन नहीं आने से लोग निराश, लौटे

चिरकुंडा (धनबाद) : जिला प्रशासन के निर्देशानुसार निरसा विधानसभा के विभिन्न प्राथमिक केंद्रों में कोरोना वैक्सीन दिये जाने का निर्देश प्राप्त हुआ था। वहीं चिरकुंडा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में दो दिनों से कोविड-19 का वैक्सीन नहीं आने से सैकड़ों लोग निराश होकर उल्टे पांव लौटने को मजबूर हैं। ऐसे में सवाल यह उठता है कि प्राथमिक केंद्र में कोरोना वैक्सीन उपलब्ध नहीं है या नहीं आया हो तो ऐसी परिस्थिति में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के मैनेजमेंट को इस दिशा में एक दिन पहले फरमान जारी कर देना चाहिए कि आज कोरोना वैक्सीन नहीं लगेगी।

वहीं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में कोरोना वैक्सीन लेने के लिए आए सीनियर सिटीजन एक व्यक्ति का कहना है कि हम लोग विभिन्न बीमारियों से ग्रसित हैं हम लोगों के लिए यहां पर किसी प्रकार की सुविधा नहीं दी गयी है। दुख की बात यह है कि हम लोग 2 दिन से वैक्सीन लेने के लिए इस चिलचिलाती धूप में खड़े होकर उल्टे पांव अपने घर को लौट जा रहे हैं।

निजी दो बोरिंग के भरोसे 1253 लोगों की आबादी

देशप्राण संवाददाता

बोरिंग से पानी भरते मुस्लिम मुहल्ले के ग्रामीण

केरेडारी : केरेडारी प्रखंड के पेटो मुस्लिम टोला के 1253 की आबादी गांव के निजी दो बोरिंग के भरोसे टिका हुआ है। गांव के सभी कुआं एवं तालाब सूख गये हैं। जिसके कारण ग्रामीणों के समक्ष पानी की विकट परिस्थिति उत्पन्न हो गयी।

दोनो बोरिंगों के आस-पास सुबह से शाम तक पानी लेने के लिए बिजली का इंतजार किया जाता है। जैसे ही बिजली आती है, वैसे ही पानी के लिए महिलाओं की भीड़ जुट जाती है। टोले में निर्मित दो बोरिंग में से एक मस्जिद के पास बदरुद्दीन मियां का है वहीं दूसरा बोरिंग टोले के बाहर अफजल मियां का है। दोनों बोरिंग मालिक ग्रामीणों को पानी लेने देते हैं।

अगर 24 घंटे बिजली कट जाएगी तो लोगों के सामने पानी की विकट परिस्थिति उत्पन्न हो जाएगी। पेयजल संकट दूर करने के लिए विभाग से झाबरगढ़ा के समीप 09 करोड़ 51 लाख की लागत से जलमीनार बनाया गया है एवं टोले में पानी का कनेक्शन भी किया गया है। लेकिन इस नल से पानी आपूर्ति नहीं हो पाती है।

क्या कहते हैं लोग

टोला के अयूब अंसारी, रफीक अंसारी, सुभान अंसारी, जरीना खातून, मजिया खातून, नविदा खातून आदि ने बताया कि घर घर नल लगाने के लिए विभाग ने 350 रुपये करके लिया है। इसके वावजूद पानी का नसीब नहीं है।

धौनी के सामने होगी नये कप्तान ऋषभ पंत की चुनौती

मुंबई, 9 अप्रैल (वार्ता) : चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) और दिल्ली कैपिटल्स (डीसी) के बीच यहां शनिवार को होने वाले आईपीएल 14 के मुकाबले में जबरदस्त भिड़ंत होगी, हालांकि दोनों टीमें अभी कोविड-19 की समस्या से पार नहीं पा पाई हैं। सीएसके के कप्तान महेंद्र सिंह धौनी के लिए यह टूर्नामेंट एक नई शुरुआत की तरह होगा, जबकि दिल्ली के कप्तान ऋषभ पंत के लिए भी यह सुनहरा मौका होगा, क्योंकि उनके आइडल उनके सामने होंगे। दिल्ली की टीम पिछली बार आईपीएल 13 में फाइनल तक पहुंची थी, जबकि सीएसके की टीम सातवें नंबर पर रही थी। आईपीएल 13 पिछले सत्र में दुबई अबू धाबी और शारजाह में आयोजित हुआ था और टूर्नामेंट के पहले दिन कोरोना के 674 नए मामले थे और टूर्नामेंट के फाइनल के दिन 1096 नए मामले थे। इसकी तुलना में आईपीएल के मौजूदा सत्र में छह शहरों में मुकाबले होने हैं, जिनमें मुंबई, दिल्ली, बेंगलुरु, चेन्नई, कोलकाता और अहमदाबाद शामिल हैं। मुंबई ने गत छह अप्रैल को 10 हजार नए मामले रिपोर्ट किए थे। दिल्ली की टीम के मूल कप्तान श्रेयस अय्यर अपने बाएं कंधे की सर्जरी करा चुके हैं, जबकि दिल्ली टीम के ऑलराउंडर अक्षर पटेल कोरोना से संक्रमित हैं। अय्यर के चोटिल होकर टूर्नामेंट से बाहर हो जाने के बाद युवा विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत को दिल्ली टीम का नया कप्तान बनाया गया है। पंत ने अपनी टीम के लिए बेहतर प्रदर्शन का विश्वास दर्ज किया है, लेकिन वह महेंद्र सिंह धौनी के सामने कैसा प्रदर्शन कर पाते हैं यह देखना काफी दिलचस्प होगा। सीएसके की टीम ने ऑस्ट्रेलिया के जोश हेजलवुड के निजी कारणों से टूर्नामेंट से हट जाने के बाद उनकी जगह जेसन बेहरेनडोर्फ को अनुबंधित किया है। दूसरी तरफ दिल्ली टीम के कैगिसो रबादा और एनरिच नोर्त्जे हालांकि मुंबई के दिल्ली टीम के होटल पहुंच चुके हैं, लेकिन वे कम से कम पहले मैच में नहीं खेल पाएंगे। दक्षिण अफ्रीका के इन दोनों तेज गेंदबाजों ने दिल्ली के पिछली बार फाइनल में पहुंचने में अहम भूमिका निभाई थी। दिल्ली की टीम के लिए एक बड़ी समस्या पहले मैच में सही एकादश चुनना है, क्योंकि आईपीएल में विजयी शुरुआत करना बहुत जरूरी है। रबादा और नोर्त्जे ने आईपीएल 2020 में आपस में कुल 52 विकेट बांटे थे, इसलिए उनके पहले मैच में बाहर रहने की कमी दिल्ली कैपिटल्स को खलेगी। चेन्नई की टीम में धौनी के अलावा मोइन अली, केएम आसिफ, ड्वेन ब्रावो, दीपक चाहर, फाफ डु प्लेसिस, कृष्णाप्पा गौतम, इमरान ताहिर, रितुराज गायकवाड, रवींद्र जडेजा, लुंगी एनगिदी, अंबाती रायडू, चेतेश्वर पुजारा, सुरेश रैना, मिशेल सैंटनर, शार्दुल ठाकुर और रॉबिन उथप्पा जैसे कई मजबूत खिलाड़ी मौजूद हैं।

दूसरी तरफ दिल्ली की टीम में पंत के अलावा रवि चंद्रन अश्विन, आवेश खान, सैम बिलिंग्स, टॉम करेन, शिखर धवन, शिमरोन हेटमायर, अमित मिश्रा, एनरिच नोर्त्जे, अक्षर पटेल, कैगिसो रबादा, आजिंक्य रहाणे, ईशांत शर्मा, पृथ्वी शॉ, स्टिवन स्मिथ, मार्कस स्टॉयनिस, क्रिस वोक्स और उमेश यादव जैसे दिग्गज खिलाड़ी मौजूद हैं। अब यह देखना दिलचस्प होगा कि इनमें से कौन से खिलाड़ी एकादश में जगह बनाते हैं। यह स्थिति दोनों टीमों के लिए है।

स्ट्रॉबेरी बेचकर धौनी ने की 30 लाख की कमाई

रांची : अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने के बाद टीम इंडिया के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धौनी किसान बन गए हैं और अपने फॉर्म हाउस में तरह-तरह की सब्जियां और फल उगा रहे हैं। उनकी खेतों की फल-सब्जी की रांची में खूब डिमांड भी है। लोगों को जानकार हैरानी होगी कि धौनी के फॉर्महाउस में इसबार 10 टन स्ट्रॉबेरी का उत्पादन हुआ है। इतने भारी पैमाने पर स्ट्रॉबेरी उपजाकर लगभग धौनी ने 30 लाख रुपये की कमाई की है। धौनी के फॉर्म हाउस में ना सिर्फ स्ट्राबेरी का उत्पादन हुआ है बल्कि खरबूजा की भी खूब पैदावार हुई है। रोजाना खेतों से 300 किलो तरबूज और 200 किलो खरबूजा निकाले जा रहे हैं। उनके फॉर्म हाउस में तरबूज और खरबूजा की रिकॉर्ड पैदावार हुई है। 43 एकड़ के फार्म हाउस में धौनी ने अपने हाथों से तीन महीने पहले जो तरबूज और खरबूजा के पौधे लगाये थे, उसका फल अब तैयार हो गया है जो वहां के बाजारों में बिकने भी लगा है। धौनी ने चार एकड़ में तरबूज और डेढ़ एकड़ में खरबूज के पौधे लगाये थे। खेती के दौरान खासबात ये है कि वो बिना किसी केमिकल के इस्तेमाल किए पूरी तरह से ऑर्गेनिक खेती करते हैं। यही वजह है कि उनके फॉर्म की सब्जियां और फल ज्यादा स्वादिष्ट होते हैं। धौनी ने एक एकड़ में शिमला मिर्च भी लगाई हैं, जिसका अच्छा उत्पादन हो रहा है। धौनी के फॉर्म हाउस की उपजी सब्जियों की भी रांची में काफी मांग है। इससे पहले लोग धौनी के फॉर्म हाउस की गोभी, टमाटर, आलू, प्याज, ब्रोकली, कद्दू, कटहल, पपीता का भी स्वाद चख चुके हैं। उनके आउटलेट में सब्जी आते ही बिक जा रही हैं। लोगों को उनकी आर्गेनिक सब्जी काफी पसंद आ रही है।

आईपीएल के 14वें सीजन का आगाज

मुंबई के लिन अर्द्धशतक से चुके

चेन्नई : आइपीएल के 14वें सीजन का आगाज शुक्रवार को हुआ। आइपीएल के नए सीजन के पहले मैच में मौजूदा आइपीएल चैंपियन मुंबई इंडियंस की टीम 20 ओवर में 9 विकेट खोकर 159 रन बनाए। इस तरह बैंगलोर को जीत के लिए 160 रन बनाने हैं। टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी मुंबई इंडियंस को पहला झटका रन आउट के रूप में लगा जब रोहित शर्मा खराब कॉल का शिकार हो गए। रोहित 15 गेंदों में 19 रन बनाकर आउट हो गए। मुंबई ने पावरप्ले में 41 रन बनाए। वहीं, 9 ओवर में लिन और सूर्यकुमार ने मिलकर स्कोर को 80 के पार पहुंचाया। 23 गेंद पर 31 रन की पारी खेलकर सूर्यकुमार यादव आउट हुए। जैमिसन ने उनको विकेट के पीछे डिविलिर्स के हाथों कैच करवाया। इसके बाद वॉशिंग्टन सुंदर ने 35 गेंद पर 49 रन बनाकर खेल रहे लिन को अपनी ही गेंद पर कैच कर आउट किया। हार्दिक पाड्या के रूप में टीम को चौथा झटका लगा। हर्षल पटेल ने उनको 13 रन के स्कोर पर छइह कर वापस भेजा। पांचवां झटका मुंबई को इशान किशन के रूप में लगा। इशान 19 गेंदों में 28 रन बनाकर हर्षल पटेल की गेंद पर पगबाधा आउट हुए। छठा झटका मुंबई को क्रुणाल पांड्या के रूप में लगा जो 7 रन बनाकर डैन क्रिस्चियन के हाथों कैच आउट हुए। सातवें विकेट के रूप में किरोन पोलार्ड भी सात रन बनाकर हर्षल के चौथे शिकार बने। मुंबई का आठवां विकेट मार्को जैनसेन के रूप में गिरा जो खाता भी नहीं खोल सके और हर्षल पटेल की गेंद पर क्लीन बोल्ड हो गए।

आईपीएल मैचों को लंदन लाने के इच्छुक लंदन के मेयर सादिक खान

लंदन, 9 अप्रैल (वार्ता) : लंदन के मेयर सादिक खान ने आईपीएल मैचों को इंग्लैंड की राजधानी लंदन में लाने को लेकर उत्साह जाहिर किया है।

सादिक खान ने शुक्रवार को एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा, 'अगर मैं फिर से लंदन के मेयर के रूप में चुना जाता हूं तो मैं लंदन में आईपीएल मैचों के आयोजन को लेकर क्रिकेट अधिकारियों के साथ काम करूंगा। यह कोरोना महामारी के बाद एक बेहतर लंदन बनाने की मेरी योजना का हिस्सा है। मुझे पता है कि लंदन के लोग विराट कोहली, रोहित शर्मा, ऋषभ पंत और कई अन्य खिलाड़ियों को यहां देखने के लिए बेताब हैं तथा दुनिया के दो सबसे बड़ों मैदानों लॉर्ड्स और द किया ओवल के साथ लंदन आईपीएल मैचों की मेजबानी के लिए को आदर्श आयोजन स्थल होगा।' खान ने कहा, 'एलीट प्रतियोगिताओं में भीड़ की गैर मौजूदगी लंदन के कई खेल-प्रेमियों के लिए मुश्किल रही है, लेकिन मुझे पता है कि हम महामारी के बाद एक बेहतर, अधिक खुले और समृद्ध शहर का निर्माण कर सकते हैं और हमारी राजधानी को दुनिया की निर्विवाद खेल राजधानी के रूप में देख कर सकते हैं। मैं कभी भी हमारे शहर में निवेश करना बंद नहीं करूंगा और आईपीएल को लंदन लाकर न केवल हर देश को होम क्राउड की गारंटी दूंगा, बल्कि पर्यटन को बढ़ावा दूंगा और हमारी राजधानी को पैरों पर वापस लाने में मदद करने के लिए बेहद जरूरी राजस्व उत्पन्न करूंगा।' उल्लेखनीय है कि लंदन ने इससे पहले नेशनल फुटबॉल लीग (एनएफएल) टूर्नामेंट और मेजर लीग बेसबॉल दोनों में नियमित सीजन मैचों की मेजबानी की है, जिसमें टोटेनहम हॉटस्पर के नए स्टेडियम में मैच खेलने के लिए दस साल का अनुबंध किया गया है और आगामी छह मई को अपना दूसरा मेयर चुनाव लड़ने वाले खान किया ओवल या लॉर्ड्स में ग्रुप मैचों की मेजबानी करके आईपीएल को उस सूची में जोड़ना चाहते हैं।

खबरकोना

पूर्व राष्ट्रीय गोलकीपर तरुण घोष पंचतत्व में विलिन

एचईसी नेहरू स्टेडियम में अंतिम दर्शन के लिए उमड़े भीड़

रांची : पूर्व राष्ट्रीय गोलकीपर तरुण घोष का गुरुवार को निधन के बाद शुक्रवार को अंतिम संस्कार सीठियों मुक्तिधाम में किया गया। जानकारी हो कि गुरुवार को अचानक रात में 66 साल के तरुण के सीने में दर्द होने लगी। बेटी मोमून ने तुरंत पिता को एचईसी पारस अस्पताल लेकर गई। लेकिन वहां बेड खाली नहीं होने की बात कहकर पेशंट को एडमिट नहीं किया। बेटी ने फिर पिस्का मोड़ स्थित सिटी अस्पताल में भर्ती कराया। लेकिन सुबह 6 बजे के आसपास अंतिम सांस ली। शुक्रवार को एचईसी नेहरू स्टेडियम में अंतिम दर्शन के लिए लाया गया। जहां काफी संख्या में खिलाड़ियों, खेल संघो व अन्य गणमान्य लोग उपस्थित होकर दो मिनट का मौन रखा और उनके आत्मा के शांति के लिए भगवान से प्रार्थना किया और सभी बारी-बारी से अंतिम दर्शन किया।

आईपीएल करेगा देश में आशा का संचार : सीके खन्ना

नयी दिल्ली, 9 अप्रैल (वार्ता) : भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के पूर्व कार्यवाहक अध्यक्ष सीके खन्ना ने आईपीएल के आयोजन के लिये अध्यक्ष सौरभ गांगुली, सचिव जयेश शाह व बीसीसीआई के सदस्यों को बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। खन्ना ने कहा कि जब पूरा देश चुनौतियों से जूझ रहा है ऐसे समय में देश में आईपीएल का आयोजन एक साहसिक कदम है। आईपीएल के मैच लोगों में आशा और उत्साह का नया रंग भरेगें। इस बार आईपीएल बिना दर्शकों होगा लेकिन क्रिकेट का रोमांच भरपूर होगा जिसका आनंद करोड़ों लोग टेलीविजन के माध्यम से घर पर रह उठायेगें

श्रीलंका क्रिकेट ने नियुक्त की चयन समिति

कोलंबो, 9 अप्रैल (वार्ता) : श्रीलंका के युवा एवं खेल मंत्री नमल राजपक्ष की मंजूरी के बाद श्रीलंका क्रिकेट (एसएलसी) ने गुरुवार को तत्काल प्रभाव से छह सदस्यीय चयन समिति को नियुक्त किया है। श्रीलंका के पूर्व तेज गेंदबाज प्रमोद विक्रम सिंह को चयन समिति का अध्यक्ष बनाया गया है। जनवरी 2021 में अशनता दे मेल के अध्यक्ष पद से हटने के बाद विक्रम सिंह, चामिंडा मेंडिस के साथ शिफ्ट के तौर पर राष्ट्रीय चयन पैनल की जिम्मेदारी संभालेंगे। इसके अलावा पैनल में रोमेश कालुविथारना, हेमंत विक्रमरत्ने, वरुण वारागोडा, एसएचयू कर्णन और बीए तिलका निलमिनि गुणारत्ने भी शामिल हैं।

आर के कपूर क्रिकेट में आर्यन कपूर फिर चमके

नयी दिल्ली, 9 अप्रैल (वार्ता) : आर्यन कपूर की विस्फोटक पारी 82 अविजित 55 गेंद तीन छक्के और आठ चौके तथा दीपांशु ठकराल 65 की शानदार पारी की बदौलत इस्का रॉयल क्लब (208/2)ने इंडियन नेवी विशाखापत्तनम (160/10)को 48 रनो से पराजित कर चौथे आर के कपूर मेमोरियल टी-20 क्रिकेट टूर्नामेंट में अपनी लगातार दूसरी जीत हासिल की। आर्यन कपूर को लगातार दूसरी बार मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया गया। इंडियन नेवी की तरफ से नकुल शर्मा ने 47 और नितिन तंवर ने 25 रनो की पारी खेली। इस्का रॉयल की तरफ से राहुल शर्मा ने तीन, मानिक बेरी और सिद्धार्थ लोहिया ने दो -दो विकेट लिए।

कनिष्क की घातक गेंदबाजी, रविंद्रा का विजयी आगाज

नयी दिल्ली, 9 अप्रैल (वार्ता): मैन ऑफ द मैच कनिष्क घई (5/18) की धारदार गेंदबाजी और शुभम सैनी (2/12) से मिले सहयोग के बाद सिद्धार्थ जून (51) व आरुष (47) की आकर्षक पारी के दम पर रविंद्रा क्रिकेट अकादमी (122/2) ने पहले मेजर मुखलाल कुंवर मेमोरियल अंडर-16 क्रिकेट कप के उद्घाटन मैच में वेंकटेश्वर अकादमी (118/10) को 8 विकेट से हरा दिया। पहले बल्लेबाजी करने उतरी वेंकटेश्वर के बल्लेबाज कनिष्क की गेंदबाजी के आगे बेबस दिखे और उन्होंने निरंतर अंतराल पर विकेट गंवाए। कोई बड़ी साझेदारी नहीं बन सकी और पूरी टीम 35 ओवर में 118 रन पर सिमट गई। इस आसान से लक्ष्य को रविंद्रा की टीम ने महज दो विकेट गंवाकर हासिल कर लिया।

आराध्य चावला का विस्फोटक शतक

नयी दिल्ली, 9 अप्रैल (वार्ता): कोच मेहताब अली द्वारा प्रशिक्षित आराध्य चावला के विस्फोटक शतक (150 रन, 119 गेंद, 23 चौके) और अंगद सिह जोहर के 66 तथा अभिराज गगन सिह 38 की बदौलत ऐस अकादमी (301/6) ने योर्क्स क्लब(177/10) को 124 रनों से पराजित कर चौथे ऐस समर अंडर -13 क्रिकेट टूर्नामेंट में अपनी दूसरी जीत दर्ज की। योर्क्स क्लब की तरफ से एकम नारंग ने 49 रनों की पारी खेली। आराध्य चावला को मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया गया।

पाकिस्तान के खिलाफ घरेलू टी-20 सिरीज से बाहर वनडे कप्तान बावुमा

जोहान्सबर्ग, 9 अप्रैल (वार्ता) : दक्षिण अफ्रीकाई वनडे टीम के कप्तान तेंबा बावुमा मांसपेशियों में खिंचाव के बाद अस्वस्थ होने के कारण पाकिस्तान के खिलाफ आगामी चार मैचों की घरेलू टी-20 सिरीज से बाहर हो गए हैं। ऐसे में अब विकेटकीपर बल्लेबाज हेनरिक क्लासेन टीम की कमान संभालेंगे।

बावुमा को यहां गत बुधवार को सेंचुरियन में खेले गए तीसरे वनडे के दौरान बल्लेबाजी करते हुए चोट लग गई थी। उनके अलावा टीम के अनुभवी बल्लेबाज रैसी वान डेर डुसेन और अन्य कई खिलाड़ी चोट से जूझ रहे हैं। रैसी वान डेर डुसेन की बाईं टांग पर मांसपेशियों में खिचाव आया है, हालांकि चयनकर्ताओं ने उनका नाम टी-20 टीम में रखा है। दक्षिण अफ्रीका के कोच मार्क बाउचर ने वनडे सिरीज के बाद कहा, ' मैं पागल था जो रैसी वान डेर डुसेन पर इस टी-20 में खेलने की कोशिश करने का जोर डाल रहा था। वह अभी भी टीम में हैं। हम उम्मीद करते हैं एक चमत्कार से जल्द ठीक हो जाएं, लेकिन उनके खेलने की संभावना कम है।' वहीं ड्वैन प्रीटोरियस अपने रिब फ्रैक्चर से उबरने की कोशिश कर रहे हैं और फिलहाल उन्हें टी-20 श्रृंखला में खेलने के लिए मंजूरी नहीं दी गई है। चयनकर्ताओं ने एडन मार्करम, आंदिले फेहलुकवेओ, डेरिन डुपाविलोन और वियान मुल्डर को रिटेन करने का फैसला किया है, जबकि रीजा हेंड्रिक्स को उनके पहले बच्चे के जन्म के बाद श्रृंखला से बाहर रहने की अनुमित दी गई है। दक्षिण अफ्रीका के लिए चार टी-20 मुकाबले खेल चुके काइल वेरिन भी 18 सदस्यीय टीम का हिस्सा हैं। उनके अलावा टीम में तीन अनकैप्ड तेज गेंदबाज सिसंडा मागला, मिगेल प्रीटोरियस, लिजाद विलियम्स और ऑफ स्पिनर विहान लुबे शामिल हैं। दक्षिण अफ्रीका शुरुआती दो टी-20 मुकाबले यहां 10 और 12 अप्रैल को खेलेगी, जबकि आखिरी दो मुकाबले 14 और 16 अप्रैल को सेंचुरियन में खेले जाएंगे।

द.अफ्रीका की टी-20 टीम

हेनरिक क्लासेन (कप्तान), जोर्न फॉर्चुन, एडन मार्करम, आंदिले फेहलुकवेओ, ब्यूरन हेंड्रिक्स, जियोर्ज लिंडे, रैसी वान डेर डुसेन, जानेमन मलान, सिसंडा मागला, वियान मुल्डर, तबरेज शम्सी , लुथो सिपाला, काइल वेरिन, पिते वान बिल्जोन, डेरिन डुपाविलोन, मिगेल प्रीटोरियस, लिजाद विलियम्स, विहान लुबे।

तीन निशानेबाजों का भारतीय टीम में चयन

अमृतसर, 9 अप्रैल (वार्ता) : 2021 में टोक्यो में होने वाले ओलंपिक खेलों में देश का प्रतिनिधित्व करने के लिए गुरु नानक देव विश्वविद्यालय के निशानेबाजों में से तीन का चयन किया गया है। डॉ सुखदेव सिंह निदेशक खेल, जीएनडीयू अमृतसर ने शुक्रवार को कहा कि ओलंपिक खेलों में भाग लेना हर खेलप्रेमी के लिए हमेशा एक बड़ा सपना होता है, जो हर चार साल में एक प्रमुख खेल प्रतियोगिता होती है। यह सपना हमारे तीन निशानेबाजों के लिए सच हो रहा है, जिसका नाम दिव्यांशु सिंह पंवार, ऐश्वर्या प्रताप सिंह तोमर और सुनिधि चौहान है।

प्लेऑफ के लिए भारतीय टीम लातविया रवाना

नयी दिल्ली, 9 अप्रैल (वार्ता): भारतीय नेशनल टेनिस टीम कप्तान विशाल उप्पल के नेतृत्व में आगामी बिली जीन किंग कप प्लेऑफ मुकाबले के लिए शुक्रवार को लातविया के लिए रवाना हो गई। यहां वह 16 और 17 अप्रैल को लातविया के जुर्माला में नेशनल टेनिस सेंटर लाईलूप के इंडोर कोर्ट पर उच्च स्तरीय लातवियाई टीम से भिड़ेगी।

सीएसके ने जोश हेजलवुड की जगह जेसन बेहरेनडोर्फ को किया साइन

मुंबई, 9 अप्रैल (वार्ता): चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) ने ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड की जगह पर उनके हमवतन तेज गेंदबाज जेसन बेहरेनडोर्फ को आईपीएल 2021 के लिए साइन किया है। सीएसके आगामी 10 अप्रैल को यहां दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ मुकाबले से अपने आईपीएल अभियान की शुरुआत करेगी। आईपीएल 2019 में मुंबई इंडियंस की तरफ से खेलते हुए अपना आईपीएल पदार्पण करने वाले बेहरेनडोर्फ ने ऑस्ट्रेलिया की तरफ से 11 वनडे और सात टी-20 मैच खेले हैं, जबकि मुंबई के लिए खेले पांच आईपीएल मुकाबलों में उन्होंने काफी विकेट लिए थे। उल्लेखनीय है कि ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी जोश फिलिप और मिचेल मार्श के बाद जोश हेजलवुड ने भी गत माह यह कहते हुए आईपीएल से किनारा कर लिया था कि वह आगामी व्यस्त अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट सत्र के लिए खुद को मानसिक और शारीरिक तौर पर बेहतर तरीके से तैयार करने के लिए पर्याप्त समय देना चाहते हैं।

टोक्यो ओलंपिक में कोरोना से निपटने के लिए सख्त कदम उठाएगा जापान

नयी दिल्ली : ओलंपिक खेलों के शुरू होने में तीन महीने से कुछ अधिक समय बचे है और ऐसे में जापान तेजी से फैलने वाले कोरोना वायरस के नये प्रकार के प्रसार को रोकने के लिए और अधिक कदम उठाने को तैयार है। एक सरकारी समिति के विशेषज्ञों ने आपातकालीन उपायों को प्रारंभिक स्वीकृति दी जिसमें तोक्यो, पश्चिमी जापान में क्योटो और दक्षिणी द्वीप ओकिनावा के लिए कुछ कड़े आदेश शामिल हैं। प्रधानमंत्री योशिहिदे सुगा सोमवार से लागू होने वाले इस उपायों की घोषणा कर सकते है जो मई की शुरूआत तक लागू रहेगा। टोक्यो में ज्यादातर लोगों को अभी तक टीका नहीं लगा है। ओलंपिक खेलों का आगाज 23 जुलाई से होगा।

श्रीलंका दौरे के लिए बंग्लादेश की संभावित 21 सदस्यीय टीम घोषित

ढाका, 9 अप्रैल (वार्ता): बंग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) ने शुक्रवार को आगामी श्रीलंका दौरे के लिए अपनी 21 सदस्यीय संभावित टीम की घोषणा की, जिसमें तीन अनकैप्ड तेज गेंदबाजों मुकीदुल इस्लाम, शाहिदुल इस्लाम और शोर्युल इस्लाम शामिल हैं। वहीं नुरुल हसन, शुवागोटो होम और खालिद अहमद ने भी टीम में वापसी की है। घोषित संभावित टीम के मुताबिक हाल ही में वेस्ट इंडीज के खिलाफ दो मैचों की टेस्ट श्रृंखला में शामिल रहे मुस्तफिजुर रहमान, सौम्य सरकार और हसन महमूद को टीम से बाहर रखा गया है, जबकि चोट के कारण वेस्टइंडीज के खिलाफ दूसरे टेस्ट के बाद से ही क्रिकेट से दूर रहे स्टार ऑलराउंडर शाकिब अल हसन को आईपीएल में खेलने के लिए श्रीलंका दौरे से बाहर हैं। बीसीबी ने टीम में अतिरिक्त गेंदबाजों को शामिल किया है, क्योंकि वह टीम के अभ्यास सत्र के लिए कोई भी नेट गेंदबाज उपलब्ध नहीं कराएगा। 21 अप्रैल से टेस्ट सिरीज शुरू होने से पहले मेहमान टीम एक अभ्यास मैच खेलेगी। बीसीबी के प्रमुख चयनकर्ता मिनहजुल एबेदिन ने शुक्रवार को एक बयान में कहा, 'हमने एक विस्तारित टीम का गठन किया है, क्योंकि हमारे पास नेट गेंदबाज नहीं होंगे, जबकि हम एक इंट्रा-स्क्वाड अभ्यास मैच भी खेलेंगे। हम अभ्यास मैच के बाद टेस्ट टीम की घोषणा करेंगे और टेस्ट टीम में जगह बनाने में नाकाम रहने वाले खिलाड़ी तय समय में स्वदेश लौट आएंगे।' उल्लेखनीय है कि बंगलादेश श्रीलंका के खिलाफ 17 और 18 अप्रैल को दो इंट्रा-स्क्वाड अभ्यास मैच खेलेगा, जबकि पहला टेस्ट 21 से 25 अप्रैल और दूसरा टेस्ट 29 अप्रैल से तीन मई के बीच खेला जाएगा। यह सीरीज मूल रूप से जुलाई 2020 में आयोजित होनी थी, लेकिन कोरोना महामारी के कारण इसे स्थगित कर दिया गया था। बंग्लादेश की टेस्ट टीमः मोमिनुल हक (कप्तान), लिटन दास, मोहम्मद मिथुन, मुशफिकुर रहीम, तमीम खान, शादमान इस्लाम, अबू जायद, तैजुल इस्लाम, नजमुल हुसैन शैंतो, मेहंदी हसन मिराज, नईम हसन, तस्कीन अहमद, इबादोत हुसैन, मोहम्मद हसन, यासन हसन, शोर्युल इस्लाम, खालिद अहमद, मुकीदुल इस्लाम, शुवागोटो होम, शाहिदुल इस्लाम, नुरुल हसन।

शुक्रवार को रात 8 बजते ही रांची के मेन रोड पर पसरा सन्नाटा

प्रशासन ने नहीं ली सुध तो ग्रामीणों ने खुद बना ली सड़क

दुमकाः सड़क की समस्या से जूझ रहे ग्रामीणों की गुहार जब जनप्रतिनिधि से लेकर प्रशासन तक नहीं सुनी, तब ग्रामीणों ने खुद सड़क बना ली। जामा प्रखंड के आसनसोल कुरुवा पंचायत के गेनुवामारनी गांव के ग्रामीणों ने श्रमदान कर आवागमन के लिए राह बना ली है। प्रखंड से लेकर जिला और मुखिया से लेकर मंत्री तक गुहार लगाकर थक जाने के बाद ग्रामीणों ने अपने आवागमन के लिए खुद ही सड़क बनाने का बड़ा फैसला लिया। बुधवार को ग्रामीणों ने बैठक कर आपसी सहमति बनायी। जमीन दान करने का निर्णय लिया। रास्ता का सीमांकन कर सड़क मार्ग पर पड़ने वाले जमाबंदी नंबर 45 दाग नंबर 81 से करीब तीन कट्ठा जमीन दान की गयी। इसके बाद ग्रामीण चंदा एकत्र कर सड़क बनाने में जुट गये। ग्रामीण मो. महफूज अंसारी, सफीक अंसारी, हामिद अंसारी, नूर हुसैन अंसारी, मुस्तकिम अंसारी, तस्लीम अंसारी, ताहिर अंसारी, खुर्शीद अंसारी, जाहिद अंसारी, आलिम अंसारी, दाऊद अंसारी, समसुद्दीन अंसारी, जोसेफ मुर्मू, देवीलाल हांसदा, कोवाद अंसारी ने एक स्वर से कहा कि खेती करने, मवेशियों के चारा लाने और आवागमन के लिए रास्ता नहीं होने के कारण ग्रामीणों ने खुद से सड़क बनाने का निर्णय लिया। इजराइल मियां ने दरियादिली दिखाते हुए मौजा गेनुवा मारनी में सड़क के लिए लगभग तीन कट्ठा जमीन दान में दी और मात्र दो दिन में ही चलने लायक सड़क तैयार हो गया।

हफीजुल हसन की होगी रिकॉर्ड मतों से जीत : हेमंत

देवघर, 9 अप्रैल : झारखंड कांग्रेस के अध्यक्ष सह राज्य के वित्त तथा खाद्य आपूर्ति मंत्री रामेश्वर उरांव तीन दिवसीय मधुपुर दौरे पर है। इस क्रम में शुक्रवार को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के साथ उरांव ने कई चुनावी सभाओं में हिस्सा लिया और लोगों से गठबंधन उम्मीदवार को विजयी बनाने की अपील की। मौके पर पूर्व सांसद फुरकान अंसारी भी उपस्थित थे। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और रामेश्वर उरांव ने कहा कि

उपचुनाव वर्ष 2019 के इतिहास को दोहराया जाएगा। इस बार हफीजुल हसन और अधिक रिकॉर्ड मतों से चुनाव जीतेंगे। उन्होंने कहा कि मधुपुर की जनता ने गठबंधन के पक्ष में मन बना लिया है। दुमका तथा बेरमो की पुनरावृत्ति होगी और लोगों को मालूम है कि उनका प्रतिनिधि सरकार में मंत्री भी रहेगा, जिससे जनता के विकास के काम भी होंगे। प्रदेश कांग्रेस के प्रवक्ता आलोक कुमार दूबे ने बताया कि महागठबंधन उम्मीदवार की विजय सुनिश्चित करने में सभी नेता लगातार प्रचार करेंगे और शनिवार को भी एक साथ कई सभाओं में शामिल होंगे।

खड़े ट्रैक्टर में ठोकर लगने से बाइक सवार दो पशु व्यापारियों की मौत

दुमका : मसानजोर थाना क्षेत्र के बसमत्ता गांव के समीप शुक्रवार को खड़े ट्रैक्टर में ठोकर मार देने के कारण बाइक सवार पशु व्यापारी 64 वर्षीय शेख मोहम्मद व 37 वर्षीय शेख फुलू की मौत हो गयी। मोहम्मद के शव का दुमका मेडिकल कॉलेज अस्पताल व फुलू का सिउड़ी सदर अस्पताल में पोस्टमार्टम कराया गया। पुलिस ने अज्ञात ट्रैक्टर चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया है। दोनों रानीश्वर के ही रहने वाले थे। जानकारी के अनुसार, डंगरा गांव का शेख मोहम्मद शाकाकांदर गांव के शेख फुले के साथ मवेशी खरीदने के लिए दुमका हटिया आ रहा था। बसमत्ता के समीप बाइक सड़क किनारे खड़े ट्रैक्टर से टकरा गई। हादसे के बाद चालक ट्रैक्टर लेकर फरार हो गया।

हथियार का भय दिखाकर नौ हजार की लूट

दुमका : **हथियार का भय दिखाकर** बाइक सवार तीन अपराधियों ने शुक्रवार को जरमुंडी थाना से महज एक किलोमीटर दूर बासुकीनाथ पानी टंकी के समीप एसबीआइ के सीएसपी संचालक से नौ हजार रुपया लूटकर फरार हो गये। ग्राहक सेवा केंद्र संचालक पंकज कुमार ने बताया कि दोपहर 12 बजे के करीब केंद्र में कामकाज निबटा रहा था। तभी अपाची बाइक सवार तीन युवक आए और कहा कि रुपए निकालने हैं। तभी दो युवक काउंटर के समीप पहुंचे तमंचे के बल पर लूट लिया।

बीएसएल में वित्त वर्ष 2021 -22 के परिचालन बजट पर की गयी चर्चा

बोकारो : बोकारो इस्पात संयंत्र के विभिन्न विभागों के लिए वित्त वर्ष 2021 -22 का परिचालन बजट प्रस्तुतीकरण की शुरूआत ऑन लाइन मोड में की गई। इस कड़ी में 9 अप्रैल को आरएमएचपी एवं सिंटर प्लांट विभाग द्वारा वित्त वर्ष 2021 -22 का परिचालन बजट प्रस्तुत किया गया। प्रस्तुतीकरण के दौरान निदेशक प्रभारी श्री अमरेन्दु प्रकाश, अधिशासी निदेशक (परियोजनाएं) अतिरिक्त प्रभार (कार्मिक एवं प्रशासन) आर. कुशवाहा, अधिशासी निदेशक (सामग्री प्रबंधन) वीके पाण्डेय, अधिशासी निदेशक (संकार्य) अतनु भौमिक, अधिशासी निदेशक (वित्त एवं लेखा) डीके साहा, विभिन्न विभागों के मुख्य महाप्रबंधक, विभागाध्यक्ष तथा अन्य अधिकारी अपने-अपने कार्यालयों से ऑन लाइन जुड़े हुए थे।

प्रस्तुतीकरण के दौरान 2020-21 के दौरान इन विभागों के प्रदर्शन की समीक्षा एवं गैप एनालिसिस, चालू वित्त वर्ष 2021-22 के लिए उत्पादन टार्गेट, तक्नो-इकोनोमिक पारामीटर्स, उत्पादकता/गुणवत्ता और लागत में कमी लाने का लक्ष्य, सुरक्षा के लिए एक्शन प्लान, आईसीएस मॉडल पर आधारित आपूर्तिकर्ता विभागों से वांछित मदद इत्यादि विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई। परिचालन बजट प्रस्तुतीकरण के दौरान निदेशक प्रभारी ने 2021-22 के लिए आरएमएचपी एवं सिंटर प्लांट विभाग की टीम को निर्धारित लक्ष्य की प्राप्ति हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। आरएमएचपी विभाग का प्रस्तुतीकरण महाप्रबंधक (आरएमएचपी) जे. दासगुप्ता ने तथा सिंटर प्लांट विभाग का प्रस्तुतीकरण उप महाप्रबंधक (सिंटर प्लांट) आदर्श गुप्ता ने किया। अतिथियों का स्वागत एवं धन्यवाद ज्ञापन महाप्रबंधक (बिजनेस एक्सेलेंस) अनुपमा तिवारी ने किया।

ट्रैक्टर खरीदने के नाम पर 5.39 लाख रुपये की ठगी

दुमका : ट्रैक्टर खरीदने के नाम पर 5.39 लाख रुपया हड़पने का मामला प्रकाश मे आया है। जानकारी के अनुसार, तय दाम से कम में ट्रैक्टर खरीदने के नाम पर समूह संचालक दीपक मांझी ने मसानजोर थाना क्षेत्र के बागनल गांव के कामदेव सेन का 5.39 लाख रुपया हड़प लिया। शुक्रवार को कामदेव ने दीपक के खिलाफ मामला दर्ज कराया। दर्ज प्राथमिकी में कामदेव ने बताया कि तीन साल पहले गोविदपुर स्वयं सहायता समूह के संचालक दीपक मांझी रियायत पर ट्रैक्टर दिलाने के नाम पर सारा रुपया लिया।

झारखंड में लॉकडाउन की स्थिति नहीं : बन्ना

मधुपुर सीट के लिए जताया यूपीए की जीत का भरोसा

देशप्राण संवाददाता

गिरिडीह, 9 अप्रैल : झारखंड के स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने कहा है कि कोरोना का प्रसार तेजी से हो रहा है लेकिन अभी राज्य में सम्पूर्ण लॉक डाउन वाली परिस्थिति नहीं है मंत्री ने आज गिरिडीह परिसदन में पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि केंद्र व राज्य सरकार कोरोना के मुद्दे पर नजर रखे हुए

हैं। उन्होंने कहा कि भारत सरकार ने कुछ वैक्सीन उपलब्ध कराए हैं जो पर्याप्त नहीं है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री डॉ हर्षवर्धन ने उन्हें वैक्सीन की कमी दूर करने का भरोसा दिया है।मंत्री ने कहा कि 17 अप्रैल को होने वाली मधुपुर उपचुनाव झामुमो जीतेगी। उन्होंने कहा कि पूर्व की तरह ही यूपीए ये सीट भारी मतों से जीतेगी। मंत्री ने कहा कि यूपीए हेमन्त सरकार के विकास कार्यों के आधार पर वोट मांग रही है।

पंद्रह साल के ऊपर सभी अनपढ़ों का होगा सर्वेक्षण

दुमका : जामा प्रखंड मुख्यालय स्थित विकास भवन में शुक्रवार को बीईईओ लीला कुमारी उपाध्याय की अध्यक्षता में बीआरपी-सीआरपी की समीक्षा बैठक हुई। बैठक में नीति आयोग से संबंधित 2020-21 में नामांकित वर्गवार, कोटिवार समेकित प्रतिवेदन की समीक्षा की गयी और अप्रैल माह तक सभी विद्यालयों में नए नामांकन सुनिश्चित कर वर्गवार, जातिवार व कोटिवार रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया गया। बीईईओ ने कहा कि बैठक में साक्षरता विभाग के माध्यम से 15 से ऊपर आयु के वर्ग के निरक्षर युवाओं की सूची तैयार करने को कहा गया है। इसके लिए ग्रामवार सर्वेक्षण किया जाना है। इसके लिए संबंधित विद्यालय से शिक्षक और संबंधित सीआरपी को पर्यवेक्षक बहाल किया गया है। इसका सर्वेक्षण पांच से सात दिनों में तैयार कर प्रखंड संसाधन केंद्र जामा में उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया है। बीईईओ ने कहा कि पंचायत स्तर पर केंद्र बनाकर निरक्षरों को पढ़ाने के लिए बेरोजगार शिक्षित युवाओं को स्वयंसेवक बनाया जाएगा। इसके लिए संबंधित विद्यालय एवं पंचायत के पढ़े-लिखे युवकों से आवेदन एवं शैक्षणिक योग्यता प्रमाण पत्र की मांग की गई है। इसके जांचोपरांत ही स्वयंसेवकों का चयन किया जाएगा। बैठक में बीपीओ विनोद कुमार,बीआरपी वीरेंद्र नारायण अम्बष्ट, ब्रजेश कुमार, मुनेश्वर मंडल,अजय कुमार ,संजय कुमार, शेखर कुमार अमरेंद्र कुमार झा ,तरुण पंजियारा, प्रताप कुमार , राजेश कुमार, ज्ञान प्रसाद यादव, दीपनारायण यादव,घनश्याम राउत, मनोज साह, रविद्र कुमार, प्रेम कुमार सुबोध कुमार,आर के दर्वे समेत कई मौजूद थे।

समसम्भावित पद्धति द्वारा रबी गेहूं फसल का कटनी प्रयोग किया गया

दुमकाः जिला सांख्यिकी पदाधिकारी कुमार अविनाश की उपस्थिति में जिला के मसलिया अंचल के अंचल निरीक्षक शिशिर कुमार चक्रवर्ती द्वारा आमगाछी पंचायत के पहाड़गोड़ा मौजा के 29 नम्बर प्लॉट में समसम्भावित पद्धति द्वारा रब्बी गेहूँ फसल का कटनी प्रयोग कोविड -19 के नियमों का पालन करते हुए सम्पन्न किया गया। उक्त कटनी प्रयोग हेतु पहाड़ागोड़ा के किसान जयलाल राय के खेत का चयन अंचल के अमीन रविलाल हेम्ब्रम के द्वारा किया गया। रब्बी गेहूँ फसल कटनी सहायक सांख्यिकी पदाधिकारी पुष्पेन्द्र कुमार सिन्हा के मार्गदर्शन में किया गया। सबसे पहले खेत के दक्षिण पश्चिम कोने से बारी - बारी से समसंभाविक संख्या के जोड़े के अनुसार डेग से 15 एवं 5 डेग मापा गया । जिसका दोनों तरफ मिलान

करते हुए कट पॉइंट का चुनाव किया गया। तत्पश्चात काटे गये गेहूँ को झाड़ने के उपरांत वजन किया गया । उक्त फसल का वजन 9 किलो 800 ग्राम प्राप्त हुआ। उक्त अवसर पर जिला सांख्यिकी पदाधिकारी द्वारा ग्रामीणों को बताया गया कि उक्त कटनी पद्धति द्वारा फसल का उपजदर निकाला जाता है। जिससे यह पता चलता है कि किसान का फसल का क्षति कितना हुआ है। इसके आलोक में ही सरकार द्वारा फसल बीमा का लाभ किसानों को दिया जाता है । ग्रामीणों को उत्साहित करते हुए कहा गया कि प्रत्येक किसान फसल का बीमा अवश्य करावें , ताकि सभी किसान को बीमा का लाभ मिले । उक्त अवसर पर जिला के कनीय क्षेत्रीय अन्वेषक अभिषेक कुमार सिंह द्वारा कोविड -19 के बारे में गाँव वालों को बताया एवं सभी से मास्क एवं आपसी दूरी का पालन करने को उत्साहित किया गया । उक्त अवसर पर कार्यालय के हिमांशु साहा , रंजीत कुमार , ग्राम प्रधान निर्मल राय एवं अन्य ग्रामीणों का सहयोग रहा।

सड़क दुर्घटना में अधेड़ की मौत, सड़क जाम

आर्थिक मदद मिलने के बाद माने नाराज लोग

दुमकाः जामा थाना क्षेत्र के बैसा जामा बाईपास मार्ग में ताराटीकर गांव के समीप गुरुवार की देर रात बस की चपेट में 50 वर्षीय कांग्रेस मंडल की मौत हो गई। पुलिस ने कृष्णा राउत नामक बस को जब्त कर लिया। बस के चालक व खलासी से पूछताछ की जा रही है। शुक्रवार को मेडिकल कॉलेज अस्पताल में पोस्टमार्टम के बाद शव को स्वजनों के सुपुर्द कर दिया गया। हादसे के बाद नाराज लोगों ने मुआवजे के लिए मार्ग को जाम कर दिया। सीओ ने दस हजार की आर्थिक मदद कर जाम समाप्त कराया। मंडल देर शाम को सड़क से गुजर रहा था। तभी पीछे से आ रही बस ने कुचल दिया। मौके पर ही उसकी मौत हो गई। घटना से आक्रोशित लोगों ने मुआवजा के लिए दुमका भागलपुर मार्ग को जाम कर दिया। सूचना मिलने पर जामा थाना प्रभारी जितेंद्र सिंह मौके पर पहुंचे और शव कब्जे में लेने का प्रयास किया लेकिन ग्रामीण बिना मुआवजा के शव सौंपने को तैयार नहीं हुए। काफी दूर तक वाहनों की लाइन लगने पर उपायुक्त के निर्देश पर अंचलाधिकारी आशीष कुमार मंडल मौके पर पहुंचे और परिवार को दस हजार की आर्थिक मदद कर एक घंटे में जाम समाप्त कराया। थाना प्रभारी ने बताया कि बस जब्त कर चालक व खलासी से पूछताछ की जा रही है।

■ दुमका उपायुक्त ने कहा- जरूरत पड़ने पर स्वास्थ्य विभाग बढ़ायेगा मैनपावर व कोविड केअर सेंटर में बेड की संख्या

लोगों के जीवन की सुरक्षा जिला प्रशासन की प्राथमिकता

दुमका : जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकार की बैठक समाहरणालय सभागार में उपायुक्त राजेश्वरी बी की अध्यक्षता में की गयी। बैठक में उपायुक्त ने कहा कि देश में चल रही कोविड 19 की दूसरी लहर से निपटने को जिला प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद है। उन्होंने संक्रमण के मामले बढने की आशंका को देखते हुए इसे फैलने से रोकने और संक्रमण से बचाव को लेकर उपयुक्त कदम उठाने के लिए जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकार की बैठक की। उन्होंने कहा कि देश में आ रहे कोरोना मामलों की रिपोर्ट्स के

बैठक में निर्देश देते हुए दुमका उपायुक्त राजेश्वरी बी।

मुताबिक कोविड 19 की दूसरी लहर अधिक खतरनाक बताई जा रही है। इसे देखते हुए जिला में पहले से स्थापित कोविड सुरक्षा व बचाव तंत्र को और दृढ़ता के साथ एक्टिवेट किया गया है। उन्होंने कहा कि लोगों के जीवन की सुरक्षा प्रशासन की प्राथमिकता है। बैठक के क्रम में उपायुक्त ने सिविल सर्जन को मैनपावर बढ़ाने का निर्देश दिया, कोविड केअर सेंटर में पानी, बिजली समेत अन्य मूलभूत सुविधाओं की व्यवस्था बेहतर करने को कहा। इसके साथ ही जिला अंतर्गत विभिन्न कोविड केअर सेंटर में बेड की संख्या को बढ़ाने का भी निर्देश दिया गया। उपायुक्त राजेश्वरी बी ने जिलावासियों से अपील की कि सभी लोग बढ़ते संक्रमण को देखते हुए घरों में रहें और सुरक्षित रहें। उन्होंने आम जनता से कहा कि भीड़-भाड़ वाले इलाकों में न जाएं, मास्क का उपयोग करें, सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करें और अपने हाथ को बार-बार साबुन से धोते रहें। अपने आस पड़ोस, सगे संबंधियों को भी इसके लिए जागरूक करें। उपायुक्त ने कोरोना की दूसरी लहर को देखते हुए बताया कि दुमका जिले में भी लगातार कोरोना मरीज मिल रहे हैं। वर्तमान में 350 एक्टिव केस हैं। यह वायरस बढ़ने नही देना है, सतर्क रहें व दूसरे को भी सतर्क करे। बैठक में उप विकास आयुक्त डॉ संजय सिंह, अपर समाहर्ता राजेश कुमार राय, सिविल सर्जन अनंत कुमार झा, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी अंजना भारती समेत अन्य उपस्थित थे।

सार संक्षेप

नाइजीरिया में 11 सैन्यकर्मियों की हत्या

अबुजा, 9 अप्रैल (वार्ता) : नाइजीरिया के बेन्यू प्रांत में अज्ञात हमलावरों ने 11 सैन्यकर्मियों की हत्या कर दी है। मीडिया ने सेना के हवाले से शुक्रवार को यह जानकारी दी है। मीडिया आउटलेट ने सेना के प्रवक्ता मोहम्मद यरीमा के हवाले से बताया कि बेन्यू प्रांत में बचाव दल को 10 सैनिकों और एक अधिकारी का शव मिला। ऐसा बताया गया कि ये सैन्यकर्मी स्थानीय सरकारी क्षेत्र कोंशिशा से पहले से लापता थे। उन्होंने ने कहा कि सशस्त्र बलों को अपराधियों का पता लगाने के लिए भेजा गया है। सेना क्षेत्र में स्थिरता सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है और सेना को गिरोह के खतरे से भी अवगत किया है।

ताइवान ने दिलवाई भारत की वैक्सीन, भड़का चीन

बीजिंग, 9 अप्रैल (हि.स.) : पराग्वे को ताइवान के माध्यम से भारत की एक लाख कोविड-19 वैक्सीन देने पर चीन भड़क गया है। जबकि चीन के वादाखिलाफी करते एक लाख वैक्सीन की डोज देने से इनकार करने पर ताइवान ने भारत के सहयोग से पराग्वे की मदद की। ताइवान के आधिकारिक बयान के अनुसार चीन इस मामले में बेवजह विवाद खड़ा कर रहा है। ताइवान के विदेश मंत्री जोसेफ वू के इस खुलासे के बाद चीन ने ताइवान के खिलाफ कड़ी प्रतिक्रिया दी है। चीन ने कहा कि ताइवान को यह नहीं भूलना चाहिए कि वह चीन का हिस्सा है।

अमेरिका में मृत मिला भारतीय दंपति

वॉशिंगटन, 9 अप्रैल (हि.स.) : भारतीय मूल के एक दंपति अमेरिका के नॉर्थ अर्लिंगटन स्थित अपने घर में मृत मिले। पारिवारिक सूत्रों के हवाले से शुक्रवार को यह जानकारी मिली है। कुछ मीडिया रिपोर्ट में कहा गया है कि उनके नॉर्थ अर्लिंगटन स्थित घर पर उन पर चाकू से वार किए गये। ऐसा लगता है कि पति ने पत्नी पर चाकू से वार किए। दंपति की पहचान बालाजी भारत रुद्रवार (32) और पत्नी आरती बालाजी रुद्रवार (30) के रूप में हुई है। उनके शव नॉर्थ अर्लिंगटन के रिवरव्यू गार्डन्स परिसर स्थित उनके 21 गार्डन टेरेस अपार्टमेंट में मिले। बालाजी रुद्रवार के पिता भारत रुद्रवार ने बताया कि पड़ोसियों ने उनकी पोती को रोते हुए देखा और पुलिस को सूचना दी। इसके बाद शव बरामद किए गए।

विश्व में कोरोना से 29 लाख से अधिक की मौत

वाशिंगटन, 9 अप्रैल (वार्ता) : दुनिया में कोरोना वायरस (कोविड-19) महामारी से 29 लाख से अधिक लोगों की मौत हो चुकी तथा 1.33 करोड़ लोग संक्रमित है। अमेरिका की जॉन हॉपकिन्स यूनिवर्सिटी के विज्ञान एवं इंजीनियरिंग केंद्र (सीएसएसई) की ओर से जारी ताजा आंकड़ों के अनुसार दुनिया के 192 देशों एवं क्षेत्रों में संक्रमितों की संख्या बढ़कर 13,37,96,725 तक पहुंच गयी है, जबकि अभी तक इस वायरस के संक्रमण से 29 लाख से अधिक लोगों की मौत हो चुकी है।

रूस में कोरोना के 9150 नये मामलों की पुष्टि

मॉस्को, 9 अप्रैल (स्पूतनिक) : रूस में पिछले 24 घंटों के दौरान कोरोना के 9150 नये मामले सामने आये हैं जिसके साथ ही देश में कोरोना संक्रमितों की कुल संख्या 46,23,984 तक पहुंच गयी है। इससे ठीक एक दिन पहले नये मामलों की संख्या 8672 थी। देश के कोरोना वायरस प्रतिक्रिया केन्द्र ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। प्रतिक्रिया केन्द्र के अनुसार देश में पिछले 24 घंटों के दौरान 83 क्षेत्रों से 9150 नये मामलों की पुष्टि हुई है।

पश्चिम बंगाल में टीएमसी व भाजपा आक्रामक

पूरन चंद्र

रांची, 8 अप्रैल : तीसरे चरण के बाद पश्चिम बंगाल में चुनाव की तस्वीर बढ़ती जा रही है। कल चौथे चरण का मतदान होगा। सुरक्षा के पुख्ता व्यवस्था की गयी है। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री एवं टीएमसी की अध्यक्ष ममता बनर्जी भारतीय जनता पार्टी के खिलाफ आक्रामक रुख अख्तियार कर रही है, वहीं भाजपा के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय मंत्री अमित शाह, राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, फिल्म अभिनेता मिथुन चक्रवर्ती, केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी एवं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपनी पूरी ताकत झोंक दी है।

चुनाव में भाजपा एवं टीएमसी एक दूसरे पर हमलावर हैं। दोनों पार्टियों के कार्यकर्ता कई बार आमने-सामने हो रहे हैं। एक-दूसरे की पार्टी के नेताओं के वाहनों पर पथराव कर रहे हैं। दोनों ही पार्टियां चुनाव आयोग से शिकायत कर रही हैं। आरोपों के आलोक में आयोग ने कई पुलिस अधिकारियों का स्थानांतरण किया है। वस्तुतः भाजपा एवं टीएमसी के बीच कांटे की लड़ाई है। दोनों दलों की प्रतिष्ठा दांव पर है। भारतीय जनता पार्टी यदि सरकार बना लेती है तो इसका असर राष्ट्रीय स्तर पर पड़ेगा।

यूपी व उत्तराखंड में चुनाव अगले वर्ष

इसमें दो राय नहीं की ममता बनर्जी हर हाल में तीसरी बार सत्ता में आना चाहती हैं, लेकिन इस बार ममता के लिए राह पहले जैसा आसान नहीं है। हालांकि भारतीय जनता पार्टी के पास जमीनी कार्यकर्ता ममता दीदी से कम हैं, लेकिन 2016 से पार्टी ने राज्य में अपना संगठन काफी मजबूत किया है। पश्चिम बंगाल में बड़ी संख्या में बिहारी वर्षों से बसे हैं। बांग्लादेश से आये हिंदुओं की संख्या भी काफी अधिक है। केंद्र सरकार ने ऐसे हिंदुओं को भारतीय नागरिकता देने का वादा किया है।

नारों का खेला

इस चुनाव में ममता बनर्जी का खेला होबे का नारा काफी लोकप्रिय हुआ, लेकिन नरेंद्र मोदी का भाषण भी काफी लोकप्रिय है। इस बार के चुनाव में सीआरपीएफ की भारी तैनाती ने फर्जी वोट डालने वालों की शामत हो गयी है। ममता बनर्जी को पता है कि इस बार चुनाव जीतना आसान नहीं होगा। 2019 में भाजपा के 42 में से 18 सीट पर जीत को वह याद रखी हुई हैं। इसलिए अपने तरकश के सभी तीर छोड़ने में वह कोई कसर नहीं छोड़ रही हैं। भाजपा ने अपना वोट प्रतिशत 42 तक बढ़ा ली है। ममता से लोगों में नाराजगी भी कम नहीं है। पिछड़े इलाके के लोगों का कहना है कि उनके लिए दीदी ने कुछ नहीं किया।

बंगाल चुनाव. ममता बनर्जी को चुनाव आयोग का नोटिस

आज 10 बजे तक देना होगा जवाब

कोलकाता, 9 अप्रैल (हि.स.) : मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के चुनावी ड्यूटी पर तैनात सीआरपीएफ के जवानों को घेरने वाले बयान को लेकर चुनाव आयोग ने ममता बनर्जी को नोटिस भेजा है। आयोग ने इस नोटिस का जवाब देने के लिए 10 अप्रैल को सुबह 10:00 बजे तक का समय दिया है।

शुक्रवार को चुनाव आयोग ने पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को 28 मार्च और 7 अप्रैल को केंद्रीय सुरक्षा बलों के खिलाफ दिए उनके बयान को लेकर उन्हें नोटिस भेजा और 10 अप्रैल तक जवाब देने को कहा है। 7 अप्रैल को कूचबिहार में एक चुनावी रैली को सम्बोधित करते हुए ममता बनर्जी ने आरोप लगाया था कि भाजपा के इशारे पर सीआरपीएफ के जवान उपद्रव कर रहे हैं, महिलाओं पर हमला कर रहे हैं और मतदाताओं को परेशान कर रहे हैं और जनता को वोट डालने से रोक रहे हैं। उन्होंने कहा था कि यदि सीआरपीएफ के जवान परेशान करें, तो उनका घेराव करे।

- केंद्रीय बलों को घेरने संबंधी बयान पर ममता को देनी होगी सफाई
- भाजपा ने ममता पर कार्रवाई कर प्रचार करने से रोकने की मांग की

आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन : आयोग

आयोग की ओर से जारी किये गये नोटिस में कहा गया है कि प्रारंभिक तौर पर ममता बनर्जी का बयान चुनाव की आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन है। आयोग ने साफ किया है कि अगर ममता बनर्जी तय समय सीमा के अंदर जवाब नहीं देती हैं तो आयोग उनके खिलाफ कार्रवाई के लिए स्वतंत्र है। भाजपा ने ममता बनर्जी के बयान को संविधान विरोधी बताते हुए उन्हें चुनाव प्रचार करने से रोक लगाने की मांग की थी। उल्लेखनीय है कि इसके पहले भी चुनाव आयोग ने मुस्लिमों को एकजुट होकर वोट करने के ममता बनर्जी के बयान पर आपत्ति जताई थी और उन्हें नोटिस भेजा था।

ममता बनर्जी नहीं चाहती हैं शांतिपूर्वक चुनाव : शाह

कोलकाता, 9 अप्रैल (हि.स.) : भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को कोलकाता में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर तीखा प्रहार किया है। सुरक्षाबलों को घेरने संबंधी मुख्यमंत्री के बयान का जिक्र करते हुए अमित शाह ने कहा है कि ममता बनर्जी अराजकता के लिए लोगों को उकसा रही हैं। वह शांतिपूर्वक तरीके से चुनाव नहीं चाहती हैं। पश्चिम बंगाल में तीन चरण का चुनाव हो चुका है और चौथे चरण का मतदान शनिवार को होगा। मतदान से पहले केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने दावा किया है कि अब तक हुए तीन चरणों के मतदान में भाजपा को 63 से 68 सीटें मिलनी तय है। शाह ने कहा कि अब तक तीन चरणों में भाजपा को बंगाल की जनता ने अप्रत्याशित जनसमर्थन दिया है। हमारे आकलन के हिसाब से 63 से 68 सीट हम जीत रहे हैं।

शाह ने कहा कि तृणमूल कांग्रेस की बौखलाहट उसके नेताओं की भाषा, व्यवहार और बातचीत में दिखाई दे रही है। जिस तरह की टिप्पणी ममता बनर्जी ने सुरक्षाबलों के लिए की है, मुझे आश्चर्य है, कोई राज्य की मुख्यमंत्री या राजनीतिक दल की अध्यक्षा अगर कहती हैं कि सीआरपीएफ का आप घेराव कर लो, रोक लो, ममताजी ये क्या कहना चाहती हैं? लोगों को अराजकता की ओर ले जा रही हैं, शांतिपूर्ण चुनाव नहीं चाहती। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने कहा कि ममता बनर्जी बार-बार आरोप लगा रही हैं कि गृह मंत्रालय के इशारे पर सीआरपीएफ बार-बार चुनाव को डिस्टर्ब कर रहा है। दीदी को मैं कॉमन सेंस की बात बताना चाहता हूं कि जब केंद्रीय बल चुनाव आयोग के काम में लगते हैं तो उनपर गृह मंत्रालय का कंट्रोल नहीं होता है।

कजाकिस्तान के साथ रक्षा सहयोग बढ़ाने पर सहमति

नयी दिल्ली, 9 अप्रैल (वार्ता) : भारत और कजाकिस्तान रक्षा क्षेत्र और इससे संबद्ध औद्योगिक सहयोग बढ़ाने पर सहमत हुये हैं। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शुक्रवार को यहां कजाकिस्तान के रक्षा मंत्री लेफ्टिनेंट जनरल नुर्लान यर्मेकबएव के साथ द्विपक्षीय बातचीत की। मुलाकात के दौरान दोनों मंत्रियों ने प्रशिक्षण, रक्षा अभ्यासों तथा क्षमता निर्माण के जरिये द्विपक्षीय रक्षा सहयोग को और सुदृढ़ बनाने के बारे में चर्चा की। उन्होंने इस बात पर सहमति जतायी कि दोनों पक्षों को परस्पर हितों के रक्षा औद्योगिक सहयोग की संभावना पर विचार करना चाहिये।

कजाकिस्तान के रक्षामंत्री ने लेबनान में संयुक्त राष्ट्र अंतरिम बल (यूएनआईएफआईएल) में भारतीय बटालियन के एक हिस्से के रूप में तैनाती के लिए कजाकिस्तान की सैन्य टुकड़ी को अवसर देने के लिए श्री सिंह को धन्यवाद दिया। दोनों मंत्रियों ने वार्षिक काजइंड अभ्यास का सकारात्मक रूप से आकलन भी किया। मालूम हो कि लेफ्टिनेंट जनरल नुर्लान यर्मेकबएव चार दिन की अधिकारिक यात्रा पर शनिवार तक भारत में हैं।

इस अवसर पर चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल बिपिन रावत, नौसेना अध्यक्ष एडमिरल करमबीर सिंह, रक्षा सचिव डॉ. अजय कुमार, सचिव (रक्षा उत्पादन) राज कुमार तथा रक्षा मंत्रालय के अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे।

बंगाल में अमित शाह और जेपी नड्डा ने किया 'डोर टू डोर कैंपैन'

कोलकाता, 9 अप्रैल (हि.स.) : भाजपा के दो हैवीवेट नेता अमित शाह और जेपी नड्डा ने शुक्रवार को कोलकाता और उसके आसपास के इलाकों में रोड शो किया। इस दौरान उन्होंने कुछ क्षेत्रों में डोर-टू-डोर अभियान भी चलाया। इन क्षेत्रों में मतदान 17 अप्रैल को है। पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव के चौथे चरण का मतदान शनिवार को है, जबकि पांचवें चरण का मतदान 17 अप्रैल को होना है। राज्य में भाजपा की जीत के लिए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने अपनी पूरी ताकत झोंक दी है। अमित शाह ने शुक्रवार को भाजपा के संस्थापक सदस्य समरेंद्र प्रसाद विश्वास के घर पर दोपहर का भोजन किया। उनके साथ पार्टी नेता स्वपन दासगुप्ता और दिनेश त्रिवेदी भी मौजूद थे।

भवानीपुर में शाह का रोड शो

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को अपने अभियान की शुरुआत संवाददाता सम्मेलन से की। उसके बाद वह भवानीपुर में पहुंचे। वहां डोर टू डोर कैंपेन किया। बता दें कि इसके पहले ममता बनर्जी पहले भवानीपुर से चुनाव लड़ती थीं, लेकिन इस बार वह नंदीग्राम से चुनाव लड़ रही हैं। इसके पहले भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने भी भवानीपुर में डोर-टू-डोर कैंपेन किया था और मतदाताओं को लुभाने की कोशिश की थी। बता दें कि लोकसभा चुनाव में भवानीपुर से टीएमसी पिछड़ गई थीं। अमित शाह जगदल और मध्यमग्राम में भी रोड शो करेंगे। उन्होंने दोहराया कि पश्चिम बंगाल में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनेगी।

नड्डा ने कहा- बनेगी भाजपा सरकार

दूसरी ओर भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कमरहट्टी और राजारहाट और गोपालपुर विधानसभा क्षेत्रों में रोड शो किया। उन्होंने दावा किया कि भाजपा बंगाल में बड़ी जीत हासिल करेगी और भाजपा की सरकार बनेगी। उन्होंने कहा कि जन सैलाब यह बता रहा है कि बंगाल की जनता ने फैसला कर लिया है और ममता दीदी की तोलाबाजी, तुष्टिकरण और भ्रष्टाचार के खिलाफ राज्य की जनता ने वोट देने का मन बनाया है। उन्होंने कहा कि जिस तरह से भारतीय जनता पार्टी के रोड शो और जनसभाओं में भीड़ हो रही है, वह इस बात के संकेत हैं कि इस बार भाजपा की सरकार को कोई नहीं रोक सकेगा।

खबर कोना

राफेल डील में 21,075 करोड़ का भ्रष्टाचार : सुरजेवाला

नयी दिल्ली, 9 अप्रैल (हि.स.) : फ्रांस के साथ राफेल विमान सौदे को लेकर कांग्रेस पार्टी ने एक बार फिर केंद्र की मोदी सरकार को घेरा है। पार्टी प्रवक्ता रणदीप सिंह सुरजेवाला ने कहा है कि इस सौदे में सिर्फ कमीशनखोरी ही नहीं हुई, बल्कि भ्रष्टाचार भी हुआ है। उन्होंने दावा किया कि राफेल डील में 21,075 करोड़ का भ्रष्टाचार हुआ है। रणदीप सुरजेवाला ने शुक्रवार को कांग्रेस मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि भारत सरकार और दसॉल्ट एविएशन के बीच हुए राफेल सौदे में 21,075 करोड़ का भ्रष्टाचार हुआ है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2015 में 36 राफेल के सौदा 5.06 बिलियन यूरो में तय हुआ। इस सौदे में एयरक्राफ्ट के साथ सभी हथियार भी शामिल थे। ऐसे में फिर क्या हुआ कि 23 सितंबर 2016 को सरकार ने 36 राफेल की कीमत 7.87 बिलियन स्वीकार कर ली। उन्होंने पूछा कि केंद्र की क्या मजबूरी थी कि रक्षा मंत्रालय के मना करने पर भी 21,075 करोड़ रुपये ज्यादा देकर राफेल डील की गयी।

राहुल ने टीके की कमी को लेकर सरकार को घेरा

नयी दिल्ली, 9 अप्रैल (वार्ता) : कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने कोरोना टीके की कमी को लेकर सरकार को घेरते हुए कहा है कि देश की जनता को खतरे में डालकर टीके का निर्यात नहीं किया जाना चाहिये। श्री गांधी ने ट्वीट किया 'बढ़ते कोरोना संकट में वैक्सीन की कमी एक अतिगंभीर समस्या है, 'उत्सव' नहीं अपने देशवासियों को ख़तरे में डालकर वैक्सीन एक्सपोर्ट क्या सही है। केंद्र सरकार सभी राज्यों को बिना पक्षपात के मदद करे। हम सबको मिलकर इस महामारी को हराना होगा।' कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने कहा, 'सीबीएसई को छात्रों को विपरीत परिस्थितियों में परीक्षा में बैठने के लिए बाध्य नही करना चाहिए और ऐसा करना उसका गैर जिम्मेदाराना रवैया है। छात्रों को भीड़ में जाने और परीक्षा देने को मजबूर नहीं करना चाहिये इसलिए बोर्ड परीक्षाएं रद्द की जानी चाहिए या इन परीक्षाओं का कार्यक्रम बदला जाना चाहिए।'

मुख्तार अंसारी की पत्नी की याचिका पर सुनवाई टली

नयी दिल्ली, 9 अप्रैल (वार्ता) : उच्चतम न्यायालय ने बहुजन समाज पार्टी के बाहुबली विधायक मुख्तार अंसारी की पत्नी अफशां अंसारी की याचिका की सुनवाई शुक्रवार को दो सप्ताह के लिए टाल दी। न्यायमूर्ति अशोक भूषण और न्यायमूर्ति आर सुभाष रेड्डी की खंडपीठ को बताया गया कि चूंकि राज्य के सरकारी वकीलों को बदला गया है, इसलिए इस संबंध में सुनवाई टालने का उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से आग्रह किया गया है। मामले की सुनवाई दो सप्ताह टालने का अनुरोध किये जाने के बाद न्यायालय ने इस पर सहमति जता दी। अफशां अंसारी ने अपनी याचिका में सरकारी अधिकारियों को यह सुनिश्चित करने के लिए दिशा-निर्देश देने की मांग की है कि उनके पति का जीवन सुरक्षित रहे और उत्तर प्रदेश में सभी मामलों की सुनवाई के दौरान संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत उनके अधिकारों की रक्षा की जाये।

प्रिंस फिलिप के निधन पर प्रधानमंत्री ने जताया शोक

नयी दिल्ली, 9 अप्रैल (हि.स.) : प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने ब्रिटेन की महारानी एलिजाबेथ द्वितीय के पति ड्यूक ऑफ एडिनबरा प्रिंस फिलिप के निधन पर शोक व्यक्त किया है। मोदी ने ट्वीट कर अपने शोक संदेश में कहा कि हमारी संवेदना ब्रिटेन के लोगों और शाही परिवार के साथ है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि प्रिंस फिलिप का शानदार सैनिक करियर रहा है तथा उन्होंने समाज सेवा के क्षेत्र में अग्रणी प्रयास किए थे। भगवान उनकी आत्मा को शांति प्रदान करे। लंदन में बकिंघम पैलेस में प्रिंस फिलिप के निधन की घोषणा की थी। 99 वर्षीय प्रिंस फिलिप ने विंडसर कैसल में आज सुबह अंतिम सांस ली।

ममता मामला. सीबीआई जांच से सुप्रीम कोर्ट का इनकार

नयी दिल्ली, 9 अप्रैल (हि.स.) : सुप्रीम कोर्ट ने पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के साथ हुई दुर्घटना की सीबीआई जांच की मांग पर सुनवाई करने से इनकार कर दिया है। चीफ जस्टिस एसए बोब्डे की अध्यक्षता वाली बेंच ने याचिकाकर्ता से कलकत्ता हाईकोर्ट जाने को कहा। सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता के वकील ने कहा कि पहले इसे हमला बताया गया, फिर दुर्घटना और अब ममता आराम से पैर हिलाती देखी जा सकती हैं। तब चीफ जस्टिस ने कहा कि हमें मत बताइए, आप हाईकोर्ट में याचिका दाखिल कीजिए। याचिका तीन वकीलों ने दायर की थी। ममता बनर्जी ने पिछले 10 मार्च को नंदीग्राम सीट से पर्चा भरा था। उसी दिन शाम को वह एक जगह गयी थीं। इस दौरान कुछ लोगों की भीड़ ने उन्हें घेर लिया। ममता का आरोप है कि उन पर हमला किया गया। इस हमले में ममता के पैर में चोट लगी थी।

कश्मीर में पिछले 24 घंटों के दौरान 7 आतंकवादी ढेर

श्रीनगर, 9 अप्रैल (हि.स.) : कश्मीर घाटी में पिछले 24 घंटों के भीतर सुरक्षाबलों ने सात आतंकवादियों को मार गिराया है। शुक्रवार सुबह पुलवामा जिले के अवंतीपोरा त्राल के अंतर्गत नौबुग इलाके मे सुरक्षाबलों ने दो आतंकवादियों को मार गिराया। इसके पहले शोपियां जिले के जान मोहल्ला में गुरुवार देर शाम सुरक्षाबलों ने दो आतंकवादियों को मार गिराया था, जबकि दो आतंकवादी अपनी जान बचाने के लिए मस्जिद में छिप गये थे। शुक्रवार सुबह सुरक्षाबलों ने मस्जिद में छिपे दो आतंकवादियों को भी मार गिराया है। इन दो आतंकवादियों की मौत के साथ शोपियां मुठभेड़ में मारे गये आतंकवादियों की संख्या पांच हो गयी है। मारे गये आतंकवादियों के कब्जे से हथियार भी बरामद किये गये हैं। शोपियां मुठभेड़ में सेना के एक अधिकारी सहित चार जवान घायल हुए हैं। सभी घायलों का उपचार सैन्य अस्पताल में चल रहा है। इसी बीच कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए शोपिया में मोबाईल इंटरनेट सेवा को गुरुवार देर शाम से बंद रखा गया है।

एक्सप्लोसिव ट्रेस डिटेक्टर 'नैनोस्निफर' लॉन्च

नयी दिल्ली, 9 अप्रैल (हि.स.) : केंद्रीय शिक्षा मंत्री रमेश पोखरियाल 'निशंक' ने शुक्रवार को दुनिया का पहला माइक्रोसेन्सर आधारित एक्सप्लोसिव ट्रेस डिटेक्टर (ईटीडी) 'नैनोस्निफर' लॉन्च किया। यह 10 सेकंड से भी कम समय में विस्फोटक का पता लगा सकता है। यह आतंकवाद से निपटने में भारत की स्थिति को और बेहतर बनायेगी। नैनोस्निफर को आईआईटी दिल्ली के स्टार्टअप क्रिटिकल सॉल्यूशन्स के उपोत्पाद (बाई-प्रोडक्ट) विहंत टेक्नोलॉजीस द्वारा मार्केटेड किया गया है। अनुसंधान, विकास एवं विनिर्माण के मामले में नैनोस्निफर 100 प्रतिशत भारत में निर्मित उत्पाद है। नैनोस्निफर की मुख्य तकनीक अमेरिका तथा यूरोप में पेटेंट द्वारा संरक्षित है।

फारूक के बाद उमर अब्दुल्ला भी हुए कोरोना संक्रमित

श्रीनगर, 9 अप्रैल (हि.स.) : सांसद डॉ. फारूक अब्दुल्ला के बाद उनके बेटे उमर अब्दुल्ला भी शुक्रवार को कोरोना संक्रमित पाये गये हैं। उमर अब्दुल्ला ने यह जानकारी स्वयं सोशाल मीडिया ट्वीट के जरिये दी। उन्होंने कहा कि एक साल तक वह कोरोना को मात देते रहे लेकिन आखिरकार इस संक्रमण ने उन्हें आज अपनी चपेट में ले ही लिया। उन्होंने ट्वीट के जरिए कहा कि डॉक्टरों की सलाह पर वह घर में ही आइसोलेट हो गये हैं। मैं लगातार अपनी सेहत पर नजर रखे हुए हूं। ऑक्सीजन स्तर की निगरानी भी लगातार कर रहा हूं।

खबरें वाणिज्य की

प्रत्यक्ष कर संग्रह संशोधित बजट लक्ष्य से 5 फीसदी ज्यादा : सीबीडीटी अध्यक्ष

- वित्त वर्ष 2020-21 में शुद्ध प्रत्यक्ष कर संग्रह रहा 9.45 लाख करोड़ रुपये

नयी दिल्ली, 9 अप्रैल (हि.स.) : वित्त वर्ष 2020-21 में प्रत्यक्ष कर संग्रह 9.45 लाख करोड़ रुपये रहा है, जो संशोधित बजट अनुमान से 5 फीसदी ज्यादा है। संघीय शुद्ध प्रत्यक्ष कर में कॉरपोरेट और व्यक्तिगत आयकर शामिल है। केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) के अध्यक्ष पीसी मोदी ने शुक्रवार को वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए प्रेस वार्ता में यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि आयकर विभाग ने वित्त वर्ष 2020-21 में पर्याप्त रिफंड जारी करने के बावजूद संशोधित अनुमानों से ज्यादा कर संग्रह किया है।

वित्त मंत्रालय ने एक बयान में बताया कि वित्त वर्ष 2020-21 के अंतिम प्रत्यक्ष कर संग्रह में करीब 5 फीसदी की वृद्धि दर्ज की गयी है। वहीं, वित्त वर्ष 2020-21 में कुल प्रत्यक्ष कर संग्रह 9.05 लाख करोड़ रुपये के संशोधित अनुमान की तुलना में 104.46 फीसदी रहा है। मंत्रालय ने कहा कि अग्रिम कर संग्रह वित्त वर्ष 2020-21 में 4.95 लाख करोड़ रुपये रहा है। इस तरह इसमें करीब 6.7 फीसदी की बढ़ोतरी हुई है।

सीबीडीटी अध्यक्ष ने कहा कि पिछले वित्त वर्ष के दौरान शुद्ध कॉरपोरेट कर संग्रह 4.57 लाख करोड़ रुपये था, जबकि शुद्ध व्यक्तिगत आयकर 4.71 लाख करोड़ रुपये रहा। इसके अलावा 16,927 करोड़ रुपये प्रतिभूति लेन-देन कर (एसटीटी) से मिले। पीसी मोदी ने कहा कि आम बजट के संशोधित अनुमानों के अनुसार पिछले वित्त वर्ष 2020-21 के लिए प्रत्यक्ष कर संग्रह के तौर पर 9.05 लाख करोड़ रुपये का लक्ष्य तय किया गया था। इस तरह कर संग्रह संशोधित अनुमानों से 5 फीसदी ज्यादा रहा, लेकिन वित्त वर्ष 2019-20 में तय किये गये लक्ष्य से 10 फीसदी कम रहा।

वित्त मंत्रालय के मुताबिक वित्त वर्ष 2020-21 में 2.61 लाख करोड़ रुपये का आयकर रिफंड जारी किया गया है। इससे पहले वित्त वर्ष 2019-20 में 1.83 लाख करोड़ रुपये का आयकर रिफंड जारी किया गया था। इस तरह रिफंड में करीब 42.1 फीसदी की बढ़ोतरी हुई है। सीबीडीटी अध्यक्ष ने कहा कि आयकर विभाग ने कागजी कार्रवाई का बोझ कम करने और बेहतर करदाता सेवाएं मुहैया कराने के लिए कई उपाय किए हैं, जिसका असर पिछले वित्त वर्ष के कर संग्रह में दिखा है।

आखिरी कारोबारी दिन शेयर बाजार की रफ्तार पर लगा ब्रेक

नयी दिल्ली, 9 अप्रैल (हि.स.) : सप्ताह के आखिरी कारोबारी दिन में आज शेयर बाजार ने तेजड़ियों की चाल पर ब्रेक लगा दिया। तीन दिन की लगातार तेजी के बाद शेयर बाजार में गिरावट का रुख बना। बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) का सेंसेक्स 154 अंकों की गिरावट के साथ 49591.32 के स्तर पर बंद हुआ। वहीं नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 39 अंक लुढ़क कर 17834.85 अंक पर बंद हुआ। आज के कारोबार में बाजार में बैंकिंग और मेटल सेक्टर के शेयरों में सबसे ज्यादा गिरावट रही। वहीं फार्मा सेक्टर में जमकर खरीदारी हुई। सेंसेक्स में शामिल 30 में से 15 शेयर आज गिरावट के कारण लाल निशान के साथ बंद हुए। सेंसेक्स के 30 शेयरों में से सन फार्मा का शेयर सबसे ज्यादा 3.69 फीसदी ऊपर बंद हुआ, जबकि बजाज फाइनेंस का शेयर 3.1 फीसदी गिरा।बाजार में एचडीएफसी, एसबीआई, रिलायंस और टीसीएस सहित सभी बड़े शेयरों में आज कारोबार कमोबेश सपाट बना रहा। बीएसई में आज 3078 शेयरों में कारोबार हुआ, जिसमें से 1666 शेयर बढ़त और 1234 शेयर गिरावट के साथ बंद हुए। वहीं 178 शेयर की कीमत में कोई उतार चढ़ाव नहीं हुआ। शेयर बाजार में लिस्टेड कंपनियों का टोटल मार्केट कैप आज के कारोबार के बाद बढ़कर 209.71 लाख करोड़ रुपये हो गया है, जो कल 209.48 लाख करोड़ रुपये था।

5 लाख करोड़ रु. की कंपनी बनी एसबीआई म्यूचुअल फंड

नयी दिल्ली, 9 अप्रैल (हि.स.) : एसबीआई म्यूचुअल फंड (एसबीआई एमएफ) पांच लाख करोड़ रुपये का ऐसेट बेस हासिल करने वाली देश की पहली म्यूचुअल फंड कंपनी बन गयी है। कंपनी का एसेट बेस मार्च में खत्म हुई तिमाही में 5 लाख करोड़ रुपये को पार कर गया है।

एसबीआई एमएफ की ओर से उपलब्ध करायी गयी जानकारी के मुताबिक कंपनी का एवरेज एसेट अंडर मैनेजमेंट (एएयूएम) 2020-21 में 35 फीसदी बढ़कर 5.04 लाख करोड़ रुपये हो गया है। इसके पहले के वित्त वर्ष 2019-20 के दौरान ये 3.73 लाख करोड़ रुपये था। कंपनी द्वारा जारी आंकड़ों के मुताबिक दिसंबर में खत्म हुई तिमाही में एसबीआई एमएफ का एसेट बेस 4.56 लाख करोड़ रुपये था। एवरेज एसेट अंडर मैनेजमेंट में वृद्धि का कारण अलग अलग फंड के सिस्टेमैटिक इंवेस्टमेंट प्लान (एसआईपी) में हुई जोरदार वृद्धि है। बताया जा रहा है कि छोटे शहरों से म्यूचुअल फंड स्कीमों का पैठ बढ़ना इसकी एक बड़ी वजह है। एसबीआई एमफ की एसआईपी बुक भी 17 फीसदी बढ़कर 1382 करोड़ रुपये के स्तर पर पहुंच गयी है, जो पिछले साल 1180 करोड़ रुपये के स्तर पर थी।

पिछले वित्त वर्ष के दौरान एसबीआई एमएफ के एसेट बेस में तो बढ़ोतरी हुई ही है, इसके अतिरिक्त कुछ अन्य टॉप एसेट मैनेजमेंट कंपनियों के एसेट बेस में भी मार्च में खत्म हुई तिमाही के दौरान बढ़त देखने को मिली है। एचडीएफसी म्यूटचुअल फंड का एसेट बेस इस दौरान बढ़कर 4.15 लाख करोड़ रुपये पर पहुंच गया। दिसंबर में खत्म हुई तिमाही में उसका एसेट बेस 3.89 लाख करोड़ रुपये पर था। इस मामले में आईसीआईसीआई म्यूचुअल फंड तीसरे पायदान पर है। मार्च 2021 को खत्म हुई तिमाही में इसका एवरेज एसेट अंडर मैनेजमेंट 4.05 लाख करोड़ रुपये हो गया, जो इससे पहले की तिमाही में 3.8 लाख करोड़ रुपये था।